# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

शुक्रवार, 17 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 103, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


**सेंसेक्स में 123 अंकों की गिरावट**

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 123 अंक टूट गया। } 10

**मूल भाषाओं की नींव पर ही किया जा सकता है भारत का निर्माण**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण केवल देश की मूल भाषाओं की नींव पर ही किया जा सकता है। } 12



# पाकिस्तान से जुड़े हैं नोएडा हिंसा के तार

## दो एक्स एकाउंट के डिजिटल फुटप्रिंट पाक से हो रहे थे संचालित

वरिष्ठ संवाददाता



लखनऊ। देश की राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा के कई सेक्टरों में हुए मजदूरों के हिंसक प्रदर्शन मामले में पुलिस ने तीन प्रमुख साजिशकताओं की पहचान कर ली है। इनमें रूपेश राय और मनीषा चौहान को अरेस्ट कर लिया गया है, जबकि आदित्य आनंद फरार चल रहा है।

पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी उस समय नोएडा में मौजूद थे और हिंसा भड़काने के लिए श्रमिकों को उकसाने में मुख्य भूमिका अदा कर रहे थे। तीन संगठनों के नाम उजागर हुए हैं, जिनमें 'मजदूर बिगुल दस्ता' सबसे अहम है। यह संगठन रूपेश राय के नेतृत्व में चल रहा है। सूत्रों के अनुसार यह समूह श्रमिकों को एकजुट करके हिंसक आंदोलनों के लिए भड़का रहा था। जांच में दो शक के घेरे में आए टिव्टर (एक्स) हैंडल की जानकारी हाथ लगी है। सूत्रों का कहना है कि ये हैंडल पाकिस्तान से संचालित हो रहे थे और पिछले तीन महीनों से सक्रिय थे। इन्हें चलाने के लिए वीपीएन का सहारा लिया गया था। पुलिस ने इनका पुराना डेटा भी मंगवा लिया है। पुलिस की जांच से पता चला है कि आरोपियों ने 9 और 10 अप्रैल को वॉट्सऐप ग्रुप तैयार कर श्रमिकों को जोड़ा। इन ग्रुप के जरिए सड़कों पर उतरने, आग लगाने और तोड़फोड़ करने के लिए भड़काया गया। डिजिटल तरीकों से बड़ी तादाद में लोगों को उकसाने की साजिश की गई। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि जांच में दो हैंडल्सएक्स हैंडल्स 'मीर इलयासी' और 'आयुषी तिवारी' का पता चला। प्लेटफॉर्म से मिले डेटा के अनुसार, ये पाकिस्तान से चलाए जा रहे थे और पिछले तीन महीनों से एक्टिव थे। इन हैंडल्स को चलाने के लिए वीपीएन का उपयोग हो रहा था। पुलिस ने इनका पिछला डेटा भी मंगवा लिया है। गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर ...शेष पृष्ठ 10 पर

# टीएमसी ने बंगाल को बनाया भ्रष्टाचार व अपराध का अड्डा

## मुख्यमंत्री योगी ने पश्चिम बंगाल में कई चुनावी जनसभाओं को किया संबोधित

विशेष संवाददाता



रामपुरहाट/बाराबनी (पश्चिम बंगाल)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि पिछले 15 वर्षों में भ्रष्टाचार, जबरन वसूली और माफिया राज ने पश्चिम बंगाल को पहचान के संकट में धकेल दिया है।

योगी ने बीरभूम के रामपुरहाट और बोलपुर तथा पश्चिम बर्धवान के बाराबनी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कभी देश की सांस्कृतिक राजधानी माने जाने वाले बंगाल को तृणमूल कांग्रेस सरकार के तहत अपराध की राजधानी में बदल दिया गया है। उन्होंने कहा तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल को भारत की सांस्कृतिक राजधानी से अपराध की राजधानी में बदल दिया है। भाजपा की सरकार बनने पर बंगाल को फिर से देश की सांस्कृतिक ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### दो विमानों के पंख आपस में टकराये, पायलटों को हटाया



नयी दिल्ली। दिल्ली हवाई अड्डे पर बृहस्पतिवार दोपहर को आकाश एयर और स्पाइसजेट के विमानों के पंखों के टकराने से दोनों विमानों को नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डीजीसीए ने कहा कि दिल्ली हवाई अड्डे पर आकाश एयर-स्पाइसजेट विमान दुर्घटना की जांच लंबित रहने तक वायु यातायात नियंत्रक और स्पाइसजेट के पायलटों को ड्यूटी से हटा दिया गया है। घटना के बाद दोनों बोइंग 737 विमानों को हवाई अड्डे पर ही रोक दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना अपराह्न करीब 2.15 बजे हवाई अड्डे के टर्मिनल एक पर हुई जब आकाश एयर का विमान टैक्सीवे पर उड़ान भरने के लिए निकलने वाला था और स्पाइसजेट का विमान पार्किंग स्टैंड की तरफ जा रहा था।

### यंग ग्लोबल लीडर्स क्लास ऑफ में जय शाह

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने यंग ग्लोबल लीडर्स क्लास ऑफ 2026 में शामिल किया है। फोरम ने वैश्विक क्रिकेट के भविष्य को संवारने में उनकी भूमिका को मान्यता दी है। शाह भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सबसे कम उम्र के सचिव रह चुके हैं और उन्होंने आईपीएल के संचालन, महिला क्रिकेट के विकास और बड़े मीडिया अधिकार सौदों में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करवाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, शाह का चयन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रशासन में उनके बढ़ते प्रभाव को दिखाता है।

# लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पेश

## महिला आरक्षण का विरोध करने वालों को लंबे समय तक चुकानी पड़ेगी इसकी कीमत : मोदी



एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में परिसीमन के अनुपात में कोई बदलाव नहीं होने का आश्वासन देते हुए बृहस्पतिवार को लोकसभा में सभी राजनीतिक दलों से महिला आरक्षण अधिनियम संबंधी संविधान संशोधन विधेयक को सर्वसम्मति से पारित करने की अपील की और कहा कि जो भी इसका विरोध करेंगे, उन्हें लंबे समय तक इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

मोदी ने महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, परिसीमन विधेयक, 2026 और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 पर अपने विचार रखते हुए यह भी कहा कि इस विषय को राजनीति के तराजू से नहीं तौलना चाहिए और इसका श्रेय वह विपक्षी दलों को भी देने को तैयार हैं। उन्होंने कहा हमारे देश में जबसे महिला आरक्षण को लेकर चर्चा शुरू हुई है और जब-जब चुनाव आया है, जिस दल ने महिलाओं को मिलने वाले इस अधिकार का विरोध किया है, देश की महिलाओं ने उन्हें माफ नहीं किया। मोदी ने कहा 2024 के चुनाव में ऐसा नहीं हुआ क्योंकि सब ने (2023 में) सहमति से इसे (महिला आरक्षण विधेयक) पारित किया था। किसी का राजनीतिक फायदा नहीं हुआ, किसी का नुकसान नहीं हुआ।

उन्होंने कहा अगर हम सब साथ में रहेंगे तो इतिहास गवाह है कि यह किसी के राजनीतिक पक्ष में नहीं जाएगा, देश के लोकतंत्र और सामूहिक निर्णय के पक्ष में जाएगा। जिन्हें इसमें राजनीति की बू आ रही है। वे खुद के 30 साल के परिणामों को देख लें। उनका इसमें ही फायदा है। नुकसान से बच जाएंगे। राजनीतिक रंग देने की जरूरत नहीं। जो विरोध करेंगे उन्हें लंबे समय तक इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने महिला आरक्षण और परिसीमन के लिए विधेयक एक साथ लाने पर और कुछ राज्यों के साथ भेदभाव होने संबंधी कुछ विपक्षी सदस्यों ...शेष पृष्ठ 10 पर

### कम नहीं होगा दक्षिणी राज्यों का प्रतिनिधित्व : शाह



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नए परिसीमन के बाद दक्षिणी राज्यों का संसद में प्रतिनिधित्व कम होने की आशंकाओं को खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी हिस्सेदारी कम नहीं होगी, बल्कि बढ़ेगी व 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले सभी चुनाव मौजूदा व्यवस्था के तहत ही होंगे।

लोकसभा में महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, परिसीमन विधेयक, 2026 और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 पर चर्चा में कुछ विपक्षी सदस्यों की विभिन्न आशंकाओं और आपत्तियों को खारिज करते हुए शाह ने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि वह विधेयकों पर चर्चा...शेष पृष्ठ 10 पर

### सोनभद्र में खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई, सात अफसरों पर गिरी गाज

लखनऊ/सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग ने सोनभद्र जनपद में तैनात रहे 4 ज्येष्ठ खान अधिकारियों सहित कुल 7 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि खदानों के संचालन में लापरवाही, समयबद्धता की अनदेखी और राजस्व हितों की उपेक्षा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिन अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है, उनमें महबूब, तत्कालीन खान अधिकारी, वर्तमान में ज्येष्ठ खान अधिकारी, जे.पी. द्विवेदी तत्कालीन ज्येष्ठ खान अधिकारी, वर्तमान में सेवानिवृत्त, कमलेश कुमार राय तत्कालीन खान अधिकारी, वर्तमान में ज्येष्ठ खान अधिकारी, आशीष कुमार तत्कालीन ज्येष्ठ खान अधिकारी, चंद्र प्रकाश तिवारी तत्कालीन खनिज मोहर्रिर, कमला शंकर उपाध्याय तत्कालीन खनिज मोहर्रिर तथा सुनील कुमार तत्कालीन खनिज मोहर्रिर/लिपिक शामिल हैं। प्रकरण वर्ष 2017 में आवंटित चूना पत्थर की एक खदान से जुड़ा है, जिसे वर्ष 2019 तक संचालित किया ...शेष पृष्ठ 10 पर

# बहुउद्देशीय भवनों की रखी गयी आधारशिला

## राज्यपाल गुरमीत सिंह व सीएम पुष्कर सिंह धामी ने किया शिलान्यास

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। लोक भवन परिसर को अधिक सुव्यवस्थित और जनहितैषी बनाने की दिशा में एक नई पहल के तहत बहुउद्देशीय प्रशासनिक भवनों के निर्माण का कार्य शुरू किया गया। राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस परियोजना का शिलान्यास कर इसे औपचारिक रूप से आगे बढ़ाया।

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों और आवश्यक सेवाओं को एक ही परिसर में उपलब्ध कराना है, जिससे न केवल प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी, बल्कि आम नागरिकों को भी सुविधाजनक और त्वरित सेवाएं मिल सकेंगी। प्रस्तावित भवनों में एक समेकित स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया जाएगा, जहां आयुर्वेद, होम्योपैथी और एलोपैथी की चिकित्सा सुविधाएं एक साथ उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त सूचना केंद्र, कैफेटेरिया, लोक निर्माण विभाग और उद्यान विभाग के कार्यालय भी इसी परिसर में संचालित किए जाएंगे। इस निर्माण कार्य की खासियत यह है कि सभी भवन पारंपरिक पहाड़ी वास्तुकला की शैली में विकसित किए जाएंगे। इससे जहां एक ओर उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित रखा जाएगा, वहीं दूसरी ओर स्थानीय कारीगरों और संसाधनों को भी बढ़ावा मिलेगा। शिलान्यास अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि एकीकृत व्यवस्थाओं के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और ...शेष पृष्ठ 10 पर

# विकास नगर अग्निकाण्ड : जिंदा जलीं दो मासूम बहनें

## आज राख खोदकर निकाले गये शव, छह सौ से अधिक परिवार हुए बेघर

वरिष्ठ संवाददाता



लखनऊ। विकासनगर थाना क्षेत्र में सेक्टर 12 रिंग रोड स्थित झुग्गी झोपड़ियों में बुधवार शाम को लगी आग ने करीब छह सौ से अधिक परिवार को बेघर कर दिया। बाराबंकी के एक ही परिवार की दो मासूम बेटियां जिंदा जल गईं। गुरुवार सुबह लोगों को जला हुआ सामान हाथ लगा। लोग बिलखते नजर आए। वहीं, लोगों ने पुलिस पर गंभीर आरोप भी लगाए है। रात में आग बुझने के बाद पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया। लोगों ने अपने उजड़ी हुई झोपड़ियों पर जाने की कोशिश की तो पुलिस कर्मियों ने उनके ऊपर लाठियां भांजी। इसमें कई लोगों को चोट भी आई। रिंग रोड स्थित झुग्गी-झोपड़ियों में बुधवार शाम आग लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और सैकड़ों झोपड़ियां जलकर राख हो गईं, जिसमें छह सौ से ज्यादा परिवार बेघर हुए। आग के दौरान 30 से ज्यादा गैस सिलेंडर, यहां पर खड़ी बाइक की टंकी फटने से हालात और भयावह हो गए। करीब दस किलोमीटर दूर तक धुएं का गुबार दिखाई देता रहा। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की 20 गाड़ियों ने करीब सात घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में सबसे दिल ...शेष पृष्ठ 10 पर

### गाजियाबाद में भीषण आग से 150 से अधिक झुग्गियां जलकर खाक

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के एक गांव में बृहस्पतिवार दोपहर भीषण आग लगने से 150 से अधिक झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनवानी गांव में उस जगह पर भीषण आग लगने की सूचना मिली, जहां कबाड़ के निस्तारण और पुनर्चक्रण का ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 40.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 22.00 डिसे. |


**भीतर पढ़ें**

- पोल्ट्री कॉन्क्लेव में 2267 करोड़ के प्रस्ताव (पृष्ठ-02)
- 10,790 सीटों के लिए 68 हजार आवेदन (पृष्ठ-02)
- रुपया 10 पैसे की बढ़त के साथ 93.23 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)
- एशिया वैश्विक वृद्धि में मुख्य भूमिका निभाता रहेगा (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** होर्मुज की नाकेबंदी पर दी सख्त चेतावनी, चीन ने ईरान को हथियार नहीं देने का दिया आश्वासन

# ईरान नहीं माना तो फिर शुरू होगी जंग : अमेरिका

एजेंसी



वाशिंगटन। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका ने चीन और ईरान को लेकर बड़ा बयान दिया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि चीन ने अमेरिका को आश्वासन दिया है कि वह ईरान को किसी भी प्रकार के हथियारों की आपूर्ति नहीं करेगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीट हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका और चीन के शीर्ष नेतृत्व के बीच सीधी बातचीत हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति और चीनी राष्ट्रपति के बीच संवाद के बाद यह स्पष्ट किया गया कि ईरान को हथियार भेजने की कोई योजना नहीं है। अमेरिका ने ईरान को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए संकेत दिया है कि यदि बातचीत के जरिए समझौता नहीं होता है, तो सैन्य कार्रवाई दोबारा शुरू की जा सकती है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि अमेरिकी सेना पूरी तरह तैयार है और जरूरत पड़ने पर तुरंत फिर से युद्ध जैसी कार्रवाई शुरू कर सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका फिलहाल कूटनीतिक समाधान को प्राथमिकता दे रहा है, लेकिन यदि ईरान ने समझौते पर सहमति ...शेष पृष्ठ 10 पर

### ईरान को वार्ता के लिए मनाने पहुंचे मुनीर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत के दूसरे दौर के लिए अभी तक कोई तारीख तय नहीं की गई है। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी का यह बयान उन खबरों के बीच आया है कि पाकिस्तानी पक्ष द्वारा ईरानी नेतृत्व सहित क्षेत्रीय नेताओं के साथ किए गए हालिया संपर्क के बाद बातचीत का एक और दौर संभव है। प्रवक्ता ने कहा कि बातचीत उच्च स्तर के विश्वास और गोपनीयता के साथ होगी। उन्होंने यह भी कहा कि शांति वार्ता के लिए लेबनान में शांति आवश्यक है। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ...शेष पृष्ठ 10 पर

# प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता के लिए उठाये कई कदम : प्रशांत

विशेष संवाददाता



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता और अखंडता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

कुमार ने एक बयान में बताया कि आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में शुचिता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए आयोग मुख्यालय में अत्याधुनिक एकीकृत नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जहां से सभी परीक्षा केंद्रों की सघन निगरानी की जाएगी। बयान के मुताबिक, नियंत्रण कक्ष में दो दर्जन से अधिक हाई-रेजोल्यूशन स्क्रीन और एआई कैमरे लगाए गए हैं, जिनसे परीक्षा केंद्रों की गतिविधियों पर वास्तविक समय में नजर रखी जा सकेगी। इसमें कहा गया है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में किसी भी तरह की गड़बड़ी, अनियमितता या अनुचित साधनों के इस्तेमाल से जुड़े मामलों में कड़ी कार्वाई सुनिश्चित की जाएगी। बयान में अभ्यर्थियों...शेष पृष्ठ 10 पर

# सुशासन की पहली शर्त होती है सुरक्षा, यह हर व्यक्ति को चाहिए: सीएम

## समय पर पुलिस भर्ती, ट्रेनिंग व सुविधाओं से बना सुरक्षा का बेहतर माहौल: सीएम, गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र की सुरक्षा के लिए बने दो आधुनिक सुरक्षा भवनों का उद्घाटन किया

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद पुलिस विभाग में समय पर भर्ती, समय पर ट्रेनिंग और अवस्थापना सुविधाओं के विकास से पुलिसकर्मियों के कार्य की गति बढ़ी है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बना और सुशासन का बेहतरीन मॉडल खड़ा हुआ। सीएम योगी गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र की सुरक्षा के लिए बने दो आधुनिक सुरक्षा भवनों के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इन भवनों में मंदिर सुरक्षा से जुड़े अपर पुलिस अधीक्षक व पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय, कंट्रोल रूम, पुलिस स्टोर रूम और मेंटिनेंस वर्कशाप बनाई गई है। इसके निर्माण पर 9.18 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा भवनों में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन भी किया।

इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा, सुशासन की पहली शर्त होती है। हर व्यक्ति को सुरक्षा चाहिए। इसके लिए सरकार के स्तर पर प्रयास किए जाते हैं। पर, हम उसका एक ही पक्ष देख पाते थे। पुलिस का सामान्य सिपाही हो या सब इंस्पेक्टर व डिप्टी एसपी, यदि उसकी ट्रेनिंग नहीं है तो वह भी एक कॉमन मैन (सामान्य व्यक्ति) ही होगा। पहले की सरकारों में भर्ती, ट्रेनिंग और अवस्थापना सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया जाता था। इसका परिणाम यह होता था कि बहुत से नौजवान पुलिस भर्ती में नहीं आना चाहते थे। मुख्यमंत्री ने पुलिस महकमे में वर्ष 2017 के बाद आए बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि 9 साल पहले जब उनकी सरकार आई तो उस समय पुलिस बल में आधे से अधिक पद खाली थे। बीते 9 वर्ष में 2 लाख 19 हजार से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया गया है। 2017 में पुलिस की ट्रेनिंग क्षमता एक समय में 3 हजार से अधिक नहीं थी, जबकि वर्तमान में अवस्थापना सुविधाओं के विकास का परिणाम है कि अब एक समय में 60 हजार पुलिस कार्मिकों की ट्रेनिंग करवाई जाती है। समय पर लिए गए निर्णय, और समय पर दिए गए संसाधनों के परिणामस्वरूप पुलिस को 200 गुना अधिक सुविधाओं से सम्पन्न किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि पहले थाना हो, चौकी हो, पुलिस लाइन हो या पीएसी वाहिनी, कहीं भी पुलिसकर्मियों के लिए अच्छी आवासीय सुविधा और अच्छे बैरक नहीं थे। पुलिसकर्मी किराए पर रहकर जैसे-तैसे जीवन व्यतीत करता था। कई बार शिकायत आती थी कि पुलिस वाले ने घर पर कब्जा कर लिया है। वह कब्जा नहीं करता था। होता यह था कि उसके बच्चे की परीक्षा है और उसी समय मकान मालिक घर खाली करने को कह देता। इस पर वह झल्ला कर कहता, घर नहीं खाली करेंगे। आज ये सारी शिकायतें समाप्त हो गई हैं, क्योंकि सरकार ने हर पुलिस लाइन में आवासीय सुविधा दी है, बैरक बनवाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले पुलिस थाने का भवन बनता था, लेकिन उसमें बैरक नहीं बनते थे। अन्य सुविधाएं भी नहीं उपलब्ध हो पाती थीं। बहुत बार पुलिस किसी अपराधी को पकड़कर लाती थी तो उसे रखने की व्यवस्था नहीं होती थी। ऐसे मौकों पर पुलिस असहाय दिखती थी। कई बार अपराधी भाग भी जाता था। लेकिन, पुलिस को अब असहाय बनने की आवश्यकता नहीं है। अब अपराधी भाग नहीं सकता, क्योंकि उसे थाने में ही रोककर रखने की सुविधाएं दी गई हैं। अब कोई थाने पर हमला नहीं कर सकता, क्योंकि थाने में पुलिस कार्मिकों के लिए अलग से बेहतरीन सुविधाओं से युक्त बैरक बनाए गए हैं। हर समय, हर थाने में पर्याप्त संख्या में पुलिस कार्मिक उपलब्ध होंगे। जो थाने की सुरक्षा में सेंध लगाने का काम करेगा, उसका काम तमाम करने के लिए पुलिसकर्मी मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करता दिखाई देगा।

इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, एडीजी गोरखपुर जोन मुथा अशोक जैन, एडीजी सुरक्षा तरुण गाबा, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## घबराइए मत, बच्चे के इलाज में नहीं आने देंगे कोई बाधा

**जनता दर्शन में श्रावस्ती से आई महिला को सीएम योगी ने दिया भरोसा**

**जनता दर्शन में 200 लोगों की समस्याएं सुनीं, समाधान के दिए निर्देश**



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान श्रावस्ती से आई एक महिला ने गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चे के इलाज में मदद का अनुरोध किया। साथ में आए बच्चे को देखकर मुख्यमंत्री भावुक हो गए।

मुख्यमंत्री ने महिला से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। जब महिला ने बताया कि उसका कार्ड नहीं बना है, मुख्यमंत्री ने कहा- घबराइए मत, बच्चे के इलाज में कोई भी बाधा नहीं आने देंगे। आयुष्मान कार्ड बनवाएंगे और विवेकाधीन कोष से भी बच्चे के इलाज में आर्थिक सहायता देंगे। महिला का प्रार्थना पत्र लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अफसरों को इस निर्देश के साथ हस्तगत किया कि इसे श्रावस्ती के जिलाधिकारी को भेजकर आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए। साथ ही डीएम के जरिये इलाज का इस्टीमेट भी शासन को उपलब्ध कराया जाए। गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 200 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। इत्मीनान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतोषप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। उन्होंने उनसे मिलने आए लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा, घबराइए मत। सरकार हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों व भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों को लेकर आई थीं। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को दुलारा और चॉकलेट के साथ आशीर्वाद दिया।

# 2011 की जनगणना को लेकर बिल के खिलाफ: अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि हम महिला आरक्षण बिल के पक्ष में है लेकिन उसके साथ के डीलिमिटेशन और 2011 की जनगणना को लेकर जो बिल आ रहा है उसके खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यह बिल खुफिया लोगों की गुप्त योजना है। इस बिल को जिस तरह से जल्दीबाजी में लाया जा रहा है हम उसके खिलाफ हैं।

बृहस्पतिवार को संसद परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा दलित पिछड़ा, आधी आबादी के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि जनगणना होगी तो देश जातीय जनगणना की मांग करेगा, जब जातीय जनगणना होगी तो जनता आरक्षण मांगेगी। इसी से बचने के लिए भाजपा नया बिल लेकर आई है।

## पिछड़े-दलित समाज की महिलाओं को कमजोर करने की साजिश : सपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि महिला आरक्षण बिल भाजपा और उनके संगी-साथियों के नये धोखे का एक ऐसा काला दस्तावेज है, जो दरअसल खुफिया लोगों की गुप्त योजना है। जिसमें पिछड़े-दलित समाज की महिलाओं को हमेशा के लिए कमजोर करने की साजिश है। उन्हें सच्चे जन प्रतिनिधित्व से वंचित रखने का चक्रव्यूह रचा जा रहा है। ये बिल वर्चस्ववादियों की हार की हताशा और उनकी नारी के प्रति शोषणकारी-दमनकारी सामंती सोच से जन्मा है। महिला आरक्षण बिल एक जनविरोधी जुमले से अधिक कुछ और नहीं है। श्री यादव ने कहा कि जागरूक महिलाएं इस बार इनके बहकावे-छलावे में नहीं आएंगी। ये बिल भाजपा की कुटिल राजनीति का मुखौटा खींच लेगा। उन्होंने कहा भाजपा का विरोध जितना बढ़ता जाएगा, ऐसे और भी अनेक बिल आएंगे, जिनकी मूल मंशा पीडीए की लगातार बढ़ती एकजुटता-एकता को कमजोर करने की है।

# सीएम युवा योजना को रफ्तार, 90 सर्टिफाइड क्रेडिट काउंसलर तैनात होंगे

## पहले बैच में 50 और दूसरे बैच में 25 जिलों को शामिल किया गया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देशों के तहत प्रदेश सरकार ने सीएम युवा योजना में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए इस वर्ष 1.5 लाख युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

इसी क्रम में युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और उन्हें बैंकिंग प्रक्रिया में सक्षम बनाने के उद्देश्य से गोमतीनगर में सर्टिफाइड क्रेडिट काउंसलर्स (सीसीसी) की विशेष ट्रेनिंग आयोजित की गई। पहले बैच में 50 जिलों और दूसरे बैच में 25 जिलों को शामिल किया गया है। यूपीकॉन के सभी कर्मचारियों को इस प्रशिक्षण से जोड़ा जा रहा है, ताकि वे जमीनी स्तर पर युवाओं को बेहतर मार्गदर्शन दे सकें। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद कुल 90 सर्टिफाइड क्रेडिट काउंसलर प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैनात किए जाएंगे। ये काउंसलर सीएम युवा योजना के तहत ऋण लेने वाले लाभार्थियों को बैंकिंग प्रक्रियाओं, दस्तावेजीकरण और प्रोजेक्ट तैयार करने में मदद करेंगे, जिससे युवाओं को आसानी से ऋण प्राप्त हो सके।

यूपीकॉन के एमडी प्रवीण सिंह ने बताया कि सर्टिफाइड क्रेडिट काउंसलर एमएसएमई उद्यमियों और बैंकों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करेंगे। वे न केवल उद्यमियों को उपयुक्त ऋण योजनाओं की जानकारी देंगे, बल्कि प्रोजेक्ट रिपोर्ट, वित्तीय विवरण और आवश्यक दस्तावेज तैयार करने में भी सहयोग करेंगे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपने संबोधन में क्रेडिट रेटिंग, सिबिल स्कोर और ग्रीन एवं नए प्रोजेक्ट्स के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सही वित्तीय योजना और बेहतर क्रेडिट प्रोफाइल के माध्यम से युवा उद्यमी न केवल आसानी से ऋण प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि अपने व्यवसाय को भी सफल बना सकते हैं। यह पहल न केवल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि अनुभवी पेशेवरों विशेषकर सेवानिवृत्त बैंक अधिकारियों को भी अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करने का अवसर प्रदान करती है।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (सिडबी) और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (आईआईबीएफ) के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। खास बात यह है कि यह सीसीसी कोर्स रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ओर से अनुमोदित है, जिसे प्रदेश में व्यापक स्तर पर लागू किया जा रहा है। सर्टिफाइड क्रेडिट काउंसलर योजना आरबीआई की वित्तीय समावेशन समिति की सिफारिशों पर आधारित है। इसका उद्देश्य एमएसएमई उद्यमियों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ना और उन्हें ऋण प्राप्त करने में आने वाली कठिनाइयों को दूर करना है। इस ढांचे के अंतर्गत सिड्बी को एक्रीडिटिंग एजेंसी और इंप्लीमेंटिंग एंड रजिस्टरिंग अथॉरिटी की भूमिका दी गई है, जबकि आईआईबीएफ की ओर से इस कोर्स को विकसित किया गया है। यह सर्टिफिकेशन प्राप्त करना सीसीसी बनने के लिए अनिवार्य है।

# पोल्ट्री कॉन्क्लेव में 2267 करोड़ के निवेश प्रस्ताव, 36 निवेशकों से एमओयू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को पोल्ट्री हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पशुपालन विभाग ने पोल्ट्री इंडिया के सहयोग से गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश पोल्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान 36 पोल्ट्री निवेशकों से एमओयू कराते हुए 2267.42 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन्वेस्टर समिट सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि मनोज कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि संजय भूसरेड्डी और सह-अध्यक्ष मुकेश मेश्राम की उपस्थिति में हुआ। विशेष सचिव पशुधन देवेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि कॉन्क्लेव में उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में किसानों और उद्यमियों ने भाग लिया और पोल्ट्री क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में अंडा उत्पादन बढ़ाने, पोल्ट्री क्षेत्र को निर्यात उन्मुख बनाने तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर विचार-विमर्श हुआ। विशेषज्ञों ने तकनीकी चुनौतियों, नवाचार और व्यवहारिक समाधान पर मार्गदर्शन दिया। प्रतिभागियों को सरकारी योजनाओं, वित्तीय सहायता और कुक्कुट विकास नीति-2022 के लाभों से भी अवगत कराया गया। अधिकारियों ने कहा कि इस आयोजन से प्रदेश में पोल्ट्री सेक्टर की वृद्धि को गति मिलेगी और उत्तर प्रदेश को अंडा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी।

# 24 घंटे बाद भी पड़े हैं जले हुए जानवर : आराधना

**लखनऊ।** खुर्रमनगर में झुग्गी-झोपड़ी में लगी आग लगने के बाद 3 घंटे तक फायर ब्रिगेड वहां नहीं पहुंची। आज 24 घंटे बाद जले हुए जानवर वहीं पड़े हुए हैं और कांग्रेस विधान मंण्डल की नेता आराधना मिश्रा मोना के नेतृत्व में गये हुए प्रतिनिधिमंडल के पहुंचने तक न तो वहां कोई सरकारी सहायता और व्यवस्था पहुंची और न ही पीड़ितों का हाल जानने के लिए अधिकारी पहुंचे। गुरुवार को आराधना मिश्रा मोना के साथ कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल खुर्रमनगर के पीड़ितों का हाल लेने और वहां के हालात का जायजा लेने के लिए पहुंचा। वह उस परिवार से भी मिलीं जिसने अपने बच्चों को खोया है। आराधना मिश्रा मोना ने अपने पास से एक लाख रूपया पार्टी को दिया, जिससे पीड़ितों की सहायता की जा सके। प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन-पूर्व मंत्री सीपी राय, विधि विभाग के चेयरमैन अली आसिफ जमा रिजवी (रिंकू), मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओंकारनाथ सिंह, जिलाध्यक्ष रूद्र दमन सिंह (बब्लू), शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी एवं डा. शहजाद आलम, पार्षद मुकेश सिंह चैहान, पूर्व पार्षद शैलेन्द्र तिवारी बब्लू आदि मौजूद थे।



# आग की सूचना के बाद भी देर से पहुंचा फायर ब्रिगेड : रविदास

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** विकास नगर क्षेत्र स्थित 760 झोपड़ियों में भीषण आग लगी। लोगों के अनुसार आग लगते ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, लेकिन रात 7:30 बजे तक कोई दमकल वाहन मौके पर नहीं पहुंचा।

लोगों का कहना है कि जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचीं, तब तक सैकड़ों झोपड़ियां जलकर राख हो चुकी थीं। यह जानकारी देते हुए समाजवादी पार्टी के लखनऊ मध्य विधानसभा क्षेत्र से विधायक रविदास मेहरोत्रा घटनास्थल पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। विधायक रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि जहां आग लगी, वहां से फायर ब्रिगेड कार्यालय की दूरी मात्र पांच मिनट की है, फिर भी दमकल की गाड़ियां दो घंटे तक नहीं पहुंचीं। उनका आरोप है कि आग लगने के बाद रातभर प्रभावित लोगों को अपनी झोपड़ियों में जाने नहीं दिया गया, जिससे वे अपना सामान नहीं निकाल सके। श्री मेहरोत्रा ने मांग की है कि हादसे में जान गंवाने वालों के परिवारों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए तथा जिनकी झोपड़ियां जली हैं उन्हें कम से कम 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता एवं चाईल्ड स्पेशलिस्ट डा. आशुतोष वर्मा ने टेढ़ीपुलिया अग्निकांड पीड़ितों के लिए निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाया है। प्रवक्ता फखरूल हसन चांद, महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, कृष्ण कन्हैया पाल राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता सभा एवं समाजवादी नेत्री शर्मिला महाराज, प्रवेश कुमार यादव राष्ट्रीय सचिव समाजवादी लोहिया वाहिनी, शिव शंकर लोधी प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा ने पीड़ितों के बीच कपड़े, खाना बांटा।

**● हादसे में जान गंवाने वालों के परिवारों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग**

## 5 जनपदों में निपुण शिक्षक सारथी पायलट मॉडल शुरू

**लखनऊ।** निपुण भारत मिशन को जमीनी स्तर पर परिणामोन्मुख बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने निपुण शिक्षक सारथी कार्यक्रम के तहत तकनीक आधारित पहल शुरू की है। पायलट आधार पर यह मॉडल चित्रकूट, सोनभद्र, बलरामपुर, गोरखपुर और सीतापुर में लागू किया गया है। इसके तहत शिक्षकों को तकनीक से जोड़कर कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से चयनित 15 राज्य स्तरीय संदर्भ समूह (एसआरजी) को 15-16 अप्रैल को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। ये प्रशिक्षित एसआरजी तकनीक के माध्यम से शिक्षकों से नियमित संवाद स्थापित कर उन्हें निरंतर शैक्षणिक मार्गदर्शन देंगे। कार्यक्रम के तहत विशेष रूप से कक्षा 2 के भाषा और गणित के सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने पर फोकस किया गया है।

# महिला आरक्षण विधेयक एक ऐतिहासिक और दूरगामी कदम: पंकज चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने गुरुवार को संसद में प्रस्तुत महिला आरक्षण विधेयक का स्वागत करते हुए इसे देश की आधी आबादी के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरगामी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक केवल महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को बढ़ाने का माध्यम नहीं है, बल्कि उन्हें नीति निर्माण और निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी देकर देश के समग्र विकास को नई दिशा देने वाला है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में महिला सशक्तिकरण की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हुआ है, जिसके ठोस परिणाम देशभर में दिखाई दे रहे हैं। आज 32 करोड़ से अधिक महिलाओं के जनधन खाते खोले जा चुके हैं, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर मिला है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत लगभग 68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं, जो आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसके साथ ही 10 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त हो रही हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव द्वारा संसद में दिए गए उस बयान पर भी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसमें उन्होंने मुस्लिम महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की बात कही थी। श्री चौधरी ने स्पष्ट किया कि भारत का संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है।

# परिवारों से मुलाकात कर हर संभव सहायता का दिलाया भरोसा : आनन्द द्विवेदी

**लखनऊ।** विकास नगर क्षेत्र में हुई भीषण आग की घटना स्थल पर भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। घटनास्थल से जिलाधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर पूरी जानकारी ली और राहत एवं बचाव कार्यों के आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि रक्षामंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह का स्पष्ट निर्देश हैं किसी भी पीड़ित को असहाय नहीं छोड़ा जाएगा और सभी को शासन की ओर से समुचित सहायता प्रदान की जाए। संगठन इस कठिन समय में पीड़ितों के साथ खड़ा है और आग से प्रभावित सभी परिवारों को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध जा रही हैं। इस मौके पर महामंत्री धनश्याम दास अग्रवाल, सतेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष सौरभ वाल्मीकि, जी डी शुक्ला, विनायक पाण्डेय, मंत्री चंद्र प्रकाश अवस्थी, पंकज सक्सेना, शैलेन्द्र राय, मयंक बाजपाई, सहित पदाधिकारीगण मौजूद रहें।

## ग्लोबल गैप मानकों पर अफसरों को मिला व्यावहारिक ज्ञान

**लखनऊ।** कृषि, उद्यान तथा कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त अच्छी कृषि पद्धतियों (ग्लोबल गैप) पर आधारित क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय मेंटरशिप प्रशिक्षण आयोजित किया गया। पहले दिन फील्ड विजिट और दूसरे दिन व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों को कृषि निर्यात के लिए वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रशिक्षित करना रहा। केन्या से आए मास्टर ट्रेनर डेनियल महिन्दा वाहोमे ने लगभग 40 अधिकारियों को तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। प्रतिभागियों को मलिहाबाद स्थित इरादा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के फार्म का भ्रमण कराया गया, जहां ग्लोबल गैप मानकों के अनुरूप कृषि गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा रहमानखेड़ा स्थित मैंगो पैक हाउस में आम के निर्यात से संबंधित वाष्प ताप उपचार, गर्म जल उपचार, छंटाई, श्रेणीकरण, पैकिंग और प्री-कूलिंग प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर ने बताया कि ग्लोबल गैप प्रमाणीकरण विकसित देशों में कृषि निर्यात के लिए महत्वपूर्ण मानक है। उन्होंने दस्तावेजीकरण, ट्रेसबिलिटी, आंतरिक निरीक्षण और ऑडिट तैयारी के बारे में भी जानकारी दी। दूसरे दिन किसान मंडी भवन, गोमती नगर में आयोजित सत्र में प्रतिभागियों को ग्लोबल गैप के सिद्धांतों और क्रियान्वयन पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त अधिकारी अपने-अपने जनपदों में किसानों को निर्यात उन्मुख खेती के लिए प्रेरित करेंगे।

# विधायक पंकज सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से की भेंट



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कालिदास आवास पर भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी के भाजपा लखनऊ महानगर के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नोएडा विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह से भेंट करवाई।

विधायक पंकज सिंह ने कहा कि संगठन केवल एक संरचना नहीं, बल्कि एक परिवार होता है। इसमें सभी कार्यकर्ता आपसी विश्वास, सहयोग और समर्पण के साथ जुड़े होते हैं। जैसे परिवार में हर सदस्य की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, वैसे ही संगठन में प्रत्येक कार्यकर्ता का योगदान मूल्यवान होता है। इस मौके पर महामंत्री धनश्याम दास अग्रवाल, सतेन्द्र सिंह, टिंकू सोनकर, उपाध्यक्ष सौरभ वाल्मीकि, योगेंद्र पटेल, विनायक पाण्डेय, जी डी शुक्ला, दीपक कुमार शुक्ला, कमकुम राजपूत, मंत्री चन्द्र प्रकाश अवस्थी, सतीश मिश्रा, अपूर्व भार्गव, आनन्द पाण्डेय, अर्चना साहू, पंकज सक्सेना, कोषाध्यक्ष मनोज के गुप्ता, कार्यालय प्रभारी डेनिश सोनकर, मयंक बाजपाई, शैलेन्द्र राय, सतवीर, दिनेश पाल, उमेश द्विवेदी मौजूद रहें।

## 57 हजार पंचायतों में आधार का कवच 1000 से पहले चरण का आगाज

**लखनऊ।** प्रदेश को डिजिटल प्रदेश बनाने की दिशा में पंचायती राज विभाग मिशन मोड में कार्य कर रहा है। ग्रामीण आबादी को सशक्त बनाने और उन्हें सरकारी सेवाओं से सीधे जोड़ने के लिए प्रदेश की सभी 57,694 ग्राम पंचायतों तक आधार सेवाएं पहुंचाने की तैयारी तेजी से चल रही है। यह पहल गांवों में डिजिटल समावेशन, पारदर्शिता और सेवा वितरण को नई गति देने का कार्य करेगी। प्रथम चरण में प्रदेश की 1000 ग्राम पंचायतों में आधार सेवाएं प्रारंभ की जा रही हैं। वर्तमान में लखनऊ, बाराबंकी, खीरी, सीतापुर एवं बलरामपुर की 77 ग्राम पंचायतों में यह सेवा सफलतापूर्वक संचालित हो रही है, जिससे अब तक 9500 से अधिक आधार सेवाएं ग्रामीणों को दी जा चुकी हैं। यह मॉडल अब पूरे प्रदेश में विस्तार की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में पंचायती राज निदेशालय अलीगंज लखनऊ में आधार ऑपरेटरों एवं सुपरवाइजर्स के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उपनिदेशक योगेन्द्र कटियार ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस कार्यशाला में 70 पंचायत सहायकों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव बैंक के लगभग 30 आधार ऑपरेटरों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में यूआईडीएआई की टीम की ओर से आधार सेवाओं से जुड़ी संपूर्ण प्रक्रिया पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को वैध दस्तावेजों की जांच, डेटा सुरक्षा, तकनीकी सटीकता और पारदर्शिता बनाए रखने के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई।

# 10,790 सीटों के लिए 68 हजार से अधिक आवेदन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में सरकारी स्कूलों की तस्वीर तेजी से बदल रही है और इसका असर साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। कभी कमजोर विकल्प माने जाने वाले सर्वोदय विद्यालय आज छात्रों और अभिभावकों की पहली पसंद बने हैं। सत्र 2026-27 के लिए इन विद्यालयों में प्रवेश को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला है। 10,790 सीटों के लिए 68 हजार से अधिक आवेदन आना इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में भरोसा मजबूत हुआ है। गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई, बेहतर आवासीय सुविधाएं और अनुशासित माहौल ने इन स्कूलों को खास बना दिया है। ग्रामीण ही नहीं, शहरी क्षेत्र के अभिभावक भी अपने बच्चों के लिए सर्वोदय विद्यालयों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

गौरतलब है कि, यूपी में 103 सर्वोदय विद्यालय संचालित हैं, इसमें 70 बालकों और 33 बालिकाओं के लिए हैं जहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित माहौल और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यही वजह है कि ये विद्यालय छात्रों और अभिभावकों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। योगी सरकार में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सर्वोदय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए रिकॉर्ड आवेदन प्राप्त हुए हैं। 10,790 सीटों के लिए 68,780 छात्रों ने आवेदन किया है, जो सीटों से लगभग 7 गुना अधिक है। यह आंकड़ा प्रदेश योगी सरकार में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सुधारों और अभिभावकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। बालकों के लिए कक्षा- 6 में 4661, कक्षा-7 में 920, कक्षा- 8 में 924 और कक्षा-9 में 947 सीटें उपलब्ध हैं। इस प्रकार कुल 7452 सीटें बालक वर्ग के लिए निर्धारित हैं। इसी प्रकार बालिकाओं के लिए कक्षा- 6 में 2310, कक्षा- 7 में 294, कक्षा- 8 में 358 और कक्षा- 9 में 376 सीटें हैं। कुल मिलाकर 3,338 सीटें बालिकाओं के लिए निर्धारित की गई हैं। बालक वर्ग में कक्षा- 6 के लिए 22,088, कक्षा- 7 के लिए 5,724, कक्षा-8 के लिए 5530 और कक्षा- 9 के लिए 11,401 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कुल 44,743 बालकों ने आवेदन किया है। इसी प्रकार बालिका वर्ग के लिए कक्षा- 6 में 12,214, कक्षा-7 में 2,524, कक्षा- 8 में 2,527 और कक्षा- 9 में 6,772 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कुल 24,037 बालिकाओं ने आवेदन किया है। इस प्रकार दोनों में कुल 68,780 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो दशार्ता है कि सर्वोदय विद्यालयों में प्रवेश के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सुधार किए जा रहे हैं। विद्यालयों में बेहतर शिक्षण व्यवस्था, आवासीय सुविधाएं, अनुशासन और आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता ने इन स्कूलों को खास बना दिया है। वहीं ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए सर्वोदय विद्यालय एक मजबूत विकल्प बनकर उभरे हैं।

संक्षेप

## बंद घर से लाखों के गहने उड़ा ले गये चोर, केस दर्ज

प्रतापगढ़। बंद घर का ताला तोडकर अज्ञात चोर लाखों के जेवरात व कीमती सामान उड़ा ले गये। घटना को लेकर पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के छेमी पूरे नोती गांव की साधना मिश्रा पत्नी रमेशचंद्र मिश्र के अनुसार बीती बारह अप्रैल को वह घर में ताला बंद करके इलाज कराने प्रयागराज गयी थी। पीड़िता का आरोप है कि बीती पन्द्रह अप्रैल को सुबह उसकी जेठानी प्रतिभा मिश्रा ने फोन करके घर का दरवाजा खुला होने की सूचना दी। पीडिता घर पहुंची तो मेन गेट का ताला टूटा था तथा घर में अंदर आलमारी में रखे गहनें व कीमती सामान गायब थे। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया

## विधायक मोना के प्रयास से ब्लॉक मुख्यालयों पर आज लगेंगे शिविर

प्रतापगढ़। स्थानीय लालगंज एवं सांगीपुर तथा रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक में आज शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से कृषक दुर्घटना बीमा योजना तथा आयुष्मान कार्ड योजना को लेकर विशेष शिविर के आयोजन किये गये हैं। सरयू समाज कल्याण संस्थान द्वारा आयोजित शिविर में इस योजना के लाभार्थियों का निशुल्क चयन किया जाएगा। यह जानकारी विधायक प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व सह संयोजक आशीष उपाध्याय ने संयुक्त रूप से दी है। शिविर के आयोजन को लेकर गुरूवार को लालगंज में ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज व सांगीपुर मे प्रमुख अशोक सिंह बबलू तथा रामपुर संग्रामगढ़ में पूर्व प्रमुख भुवनेश्वर शुक्ल की देखरेख में तैयारियों को लेकर आयोजक मशक्कत में दिखे।

## चार किसानों का 15 बीघा फसल जलकर राख

इटावा। भरथना क्षेत्र के ग्राम नगला बाग के पास कटे हुए गेहूं के अवशेषों में अचानक आग लगने से बड़ा नुकसान हो गया। इस घटना में चार किसानों के करीब 15 बीघा खेतों में पड़े गेहूं और उसके अवशेष जलकर राख हो गए। आग लगने का कारण अभी तक साफ नहीं हो सका है, लेकिन तेज हवा के चलते आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। थाना क्षेत्र के ग्राम टियापुर निवासी किसान रामवीर, समोद कुमार, जयवीर और नगला बाग निवासी वेद प्रकाश के खेतों में कटे हुए गेहूं के और अवशेष पड़े थे। गुरुवार दोपहर अचानक इनमें आग लग गई। शुरू में आग छोटी थी, लेकिन हवा तेज होने के कारण यह तेजी से फैलती चली गई और आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि संभाल पाना मुश्किल हो गया। कुछ ही समय में कई बीघा खेत जलने लगे। किसानों और ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन हवा के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया और नुकसान बढ़ता चला गया।

# ट्रकों में ऑटो फंसा, चालक की मौत

बकेवर, इटावा। औरैया से शादी समारोह में शामिल होकर ई-आटो से इटावा लौट रहे लोगों के साथ बुधवार, बृहस्पति की देर रात बड़ा हादसा हो गया। सिक्सलेन हाईवे पर सुनबर्षा रजवाहा के पास दो ट्रकों के ओवरटेक के दौरान ई-आटो बीच में फंस गया। हादसे में ई-आटो चला रहे चालक की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और बेटी घायल हो गईं।

मृतक की पहचान इल्लियास पुत्र नवी मोहम्मद, निवासी इटावा, उम्र करीब 35 वर्ष के रूप में हुई है। वह ई-आटो चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। बताया गया है कि औरैया में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद वह ई-आटो से वापस इटावा लौट रहा था। आटो में आधा दर्जन से अधिक लोग सवार थे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि इल्लियास हाईवे की बीच लाइन पर ई-आटो चला रहा था। तभी औरैया-इटावा मार्ग पर सुनबर्षा रजवाहा के समीप दोनों ओर से दो ट्रकों ने ओवरटेक करना शुरू कर दिया। इसी दौरान ई-आटो दोनों ट्रकों के बीच फंस गया। अचानक संतुलन बिगड़ने पर चालक इल्लियास उछलकर नीचे गिर पड़ा और पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के समय चालक के बगल में बैठे युवक शाकिल ने सूझबूझ दिखाते हुए ई-आटो का हैंडल पकड़ लिया और किसी तरह वाहन को नियंत्रित कर लिया। इससे आटो पलटने से बच गया और बड़ा हादसा टल गया। घटना में मृतक की पत्नी मुस्कान और बेटी माईशा घायल हो गईं। माईशा को एंबुलेंस से बकेवर के पचास शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि बाद में परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। हादसे के बाद दोनों ट्रक चालक मौके से फरार हो गए। दुर्घटना में ई-आटो भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर एनएचआई के वाहन से पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं क्षतिग्रस्त ई-आटो को थाने खड़ा करवाया। शाकिल पुत्र शुभरात्रि ने बताया कि वह भी औरैया से निमंत्रण खाकर लौट रहा था। आटो में कुल आठ लोग सवार थे और उसका भांजा इल्लियास ही वाहन चला रहा था। इल्लियास अपने पीछे पत्नी मुस्कान और तीन बेटियोंकृजोया, माईशा और माईनोटकृको छोड़ गया है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## डीसीएम ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

इटावा। बढ़पुरा क्षेत्र में तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा गुरुवार दोपहर हुआ, जब युवक सामान लेने जा रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी जान चली गई। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया और परिवार में मातम छा गया। बढ़पुरा थाना क्षेत्र के जरहोली गांव निवासी मनीष पुत्र नीरज राजपूत गुरुवार दोपहर करीब एक बजे बाइक से उदी मोड़ की ओर जा रहा था। जैसे ही वह उदी मोड़ चैराहा-चकरनगर रोड पर पहुंचा, सामने से आ रही अनियंत्रित डीसीएम ने उसकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मनीष गंभीर रूप से घायल हो गया।

## अभियुक्त गिरफ्तार, कार व चाकू बरामद

इटावा। अंतर्राज्यीय अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार, कब्जे से स्विफ्ट कार, अवैध चाकू, मोबाइल बरामद। थाना बकेवर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्त व द्वारा दिये गये निदेशों 16 अप्रैल की रात्रि को थाना बकेवर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पूर्वी तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन की चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान एक स्विफ्ट कार कस्बा बकेवर की ओर से आती हुयी दिखाई दी जिसे पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करते हुये एक व्यक्ति को पूर्वी तिराहे से कार सहित गिरफ्तार किया। अभियुक्त का साथी सौरभ तोमर अँधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है। गिरफ्तार व्यक्ति से पुलिस टीम द्वारा नाम-पता पूछते हुये कार की तलाशी ली गयी तो कार के अन्दर से अवैध चाकू, मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक, उ.नि. अंकित पटेल रहे। जिसके सम्बन्ध में पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि यह कार मैंने अपने साथी सौरभ तोमर के फोन से भोपाल रेलवे स्टेशन से बुक की थी तथा अपनी लोकेशन पहुंचने से पहले हम दोनों ने मिलकर बाथरूम का बहाना बनाकर गाड़ी रुकवाई तथा इसी चाकू से चालक पर वार करके उसे घायल कर दिया तथा उससे यह गाड़ी छीन ली ।

## बाहर से आई टीम ने बब्बर शेर गीगो का इलाज किया

इटावा। वर्ष 2014 में गुजरात जूनागढ़ से लाया गया बब्बर शेर गीगो बीते एक सप्ताह से अस्वस्थ चल रहा है। उक्त बब्बर शेर द्वारा गत 2-3 दिनों से अल्प मात्रा में आहार ग्रहण किया जा रहा है परंतु विगत 9 दिन से वह मल त्याग नहीं कर रहा था। उक्त बब्बर शेर ने आज कुछ मात्र में सूखा हुआ मल त्याग किया है। इसके साथ ही 15 अप्रैल को पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्व विद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान, मथुरा से सेवानिवृत्त डॉ आर.पी. पाण्डेय, प्रोफेसर सर्जरी विभाग द्वारा सफारी पार्क के लायन एनिमल हाउस-2 में बब्बर शेर गीगो का उपचार किया गया। सफारी पार्क के वन्य जीव चिकित्सकों के सहयोग से बब्बर शेर गीगो की बीमारी का पता लगाने के लिए अल्ट्रासाउंड के द्वारा जाँच की गई तथा उपचार के अंतर्गत ड्रिप द्वारा रीहाइड्रेशन एवं एनीमा दिया गया। अल्ट्रासाउंड में सभी आंतरिक अंग सामान्य है। बब्बर शेर पर्याप्त मात्रा में पानी भी पी रहा है। उक्त बब्बर शेर की उम्र 17 वर्ष से अधिक हो चुकी है। इसके साथ ही प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव के निदेशानुसार दक्षिण खीरी वन प्रभाग के मोहम्मदी रेंज से रेस्क्यू करके एक घायल नर लेपर्ड उम्र लगभग 8 वर्ष को बेहतर उपचार हेतु 12 अप्रैल को सफारी पार्क इटावा में लाया गया था। उक्त घायल लेपर्ड के गर्दन में घाव है ।

## सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल के मेधावियों ने सफलता का रचा इतिहास



प्रतापगढ़। सीबीएसई हाईस्कूल की परीक्षा में अझारा स्थित पं0 नागेशदत्त पब्लिक स्कूल के मेधावियों ने सफलता का कीर्तिमान रचा है। शत प्रतिशत परिणाम को लेकर गुरुवार को विद्यालय में खुशी का माहौल दिखा। विद्यालय के संरक्षक प्रकाशचंद्र मिश्र ने टॉपर छात्रा उन्नति जायसवाल का मुंह मीठा कराते हुए माल्यार्पण कर सम्मान किया। वहीं हाईस्कूल में सत्रह छात्र छात्राओं ने नब्बे प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय के शैक्षिक परिवेश का जलवा बिखेरा है। सफल छात्र छात्राओं का स्कूल के संस्थापक रमेशचंद्र मिश्र, प्रबन्धक सुनीता मिश्रा, संरक्षक प्रकाशचंद्र मिश्र, एचआर हेड गौरव मिश्र, शैक्षणिक नियंत्रक रीमा मिश्रा व सीमा मिश्रा ने हौसला आफजाई करते हुए इन्हें प्रशस्ति प्रदान की है। स्कूल के प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी ने सफल मेधावियों को मुंह मीठा कराकर खुशियों को साझा किया। संस्थान से जुड़े पब्लिक स्कूल की सफलता पर भगवत दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 पूनम त्रिपाठी, तारा देवी इंस्टीट्यूट ऑफ इजूकेशनल एण्ड टेक्नालाजी भेभौरा के प्राचार्य राहुल सिंह, मौलवी फरजंद अली कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य शारदा प्रसाद विश्वकर्मा एवं तारा देवी क्रिकेट एकेडमी के हेड कोच नारायण मुकेश ने भी इसे संस्थान की शानदार उपलब्धि कहा है। इस मौके पर हिमांशु शुक्ल, श्याम शंकर मिश्र, राजीव रत्न त्रिपाठी, मनोज शुक्ल, सुनीत सिंह, रवीन्द्र शुक्ल, प्रदीप शुक्ल, शरद मिश्र, विवेक पाण्डेय, दिलीप पाण्डेय, आकाश शुक्ल, रितेश सिंह, इन्द्रेश मौर्य, अनिल दुबे आदि रहे।

## औषधीय पौधों से जुड़े अनुसंधान की दी गयी जानकारी



गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कृषि संकाय में गुरुवार को संवादात्मक सत्र ( का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय औषधि एवं सगंध पौधा संस्थान ( सीएसआईआर-सीमैप ) लखनऊ के वैज्ञानिकों ने विद्यार्थियों को औषधीय और सुगंधित पौधों से जुड़े अनुसंधान की जानकारी दी। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रमेश कुमार श्रीवास्तव (प्रधान वैज्ञानिक) ने औषधीय एवं सुगंधित पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इन फसलों के माध्यम से उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि किसान पारंपरिक खाद्यान्न फसलों के साथ-साथ औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती अपनाते हैं, तो उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है।

डॉ. राजेश कुमार वर्मा ( मुख्य वैज्ञानिक ) ने औषधीय एवं सुगंधित पौधों के क्षेत्र में नवीन तकनीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में नवाचार अपनाने, मूल्य संवर्धन करने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से प्रश्न पूछे और अपने संदेहों का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम में स्वागत संबोधन डॉ. आयुष कुमार पाठक, संचालन शुभम आनंद तथा आभार ज्ञापन डॉ. प्रजन्या दूबे ने किया। इस अवसर पर डॉ. विमल कुमार दुबे ( अधिष्ठाता कृषि संकाय ), डॉ. एस. प्रेमकुमारी, डॉ. नवनीत सिंह, सहित कृषि संकाय के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति वंदन : इकौना में भव्य कार्यक्रम सम्पन्न




**इकौना, श्रावस्ती।** नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जगजीत इंटर कॉलेज, इकौना में ह्लनारी शक्ति वंदनह्व कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राम बिहारी वाजपेई ने की। इस दौरान विद्यालय परिसर में छात्राओं द्वारा एक प्रभावशाली मानव श्रृंखला बनाई गई, जिसने महिला सम्मान और सामाजिक एकता का मजबूत संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने जोशीले नारों के माध्यम से नारी शक्ति के महत्व को उजागर किया। ह्लनारी शक्ति को मिले सहयोग, जिससे रोशन हो पूरा देश और यदि भारत को करनी है तरक्की, नारी शक्ति की पहचान है जरूरी जैसे नारों से वातावरण उत्साहपूर्ण हो गया। इन नारों ने उपस्थित लोगों को महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानाचार्य राम बिहारी वाजपेई ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति का सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है और समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं की सहभागिता अनिवार्य है। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं प्रिया, सुनीता वर्मा और प्रियंका तिवारी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। सभी ने मिलकर नारी सम्मान और सशक्तिकरण का संकल्प लिया।

यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध हुआ और समाज को यह संदेश देने में सफल रहा कि नारी के सशक्त होने से ही देश प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है।

## महामाया कॉलेज में नारी शक्ति वंदन पद यात्रा आयोजित



श्रावस्ती। शासन, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर तथा जिला प्रशासन के निदेशानुसार मिशन शक्ति पंचम चरण के द्वितीय भाग के अंतर्गत नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के उपलक्ष्य में महामाया राजकीय महाविद्यालय, श्रावस्ती में पद यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 16 अप्रैल 2026 को संपन्न हुआ। पद यात्रा महाविद्यालय से शुरू होकर 730 बुद्ध सर्किट मार्ग पर निकाली गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने नारी सशक्तिकरण, महिला सम्मान और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। पूरे मार्ग में छात्र-छात्राएं जागरूकता से जुड़े नारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे, जिससे आमजन का ध्यान भी इस अभियान की ओर आकर्षित हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व प्राचार्य डॉ. धर्मेन्द्र गुप्त ने किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को नारी सम्मान के महत्व के बारे में बताया और समाज में महिलाओं की बराबरी की भागीदारी पर जोर दिया। कार्यक्रम का बेहतर संयोजन डॉ. आशुतोष मिश्र द्वारा किया गया, जिससे पूरी व्यवस्था सुचारु रूप से संपन्न हुई। इस अवसर पर डॉ. श्याम नारायण वर्मा, डॉ. उपेन्द्र कुमार सोनी, डॉ. सत्य प्रकाश वर्मा और श्री माधवराज भी उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में 80 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह पद यात्रा न केवल जागरूकता फैलाने में सफल रही, बल्कि छात्रों को सामाजिक जिम्मेदारी का भी संदेश दे गई।

## ऑपरेशन कन्विक्शन को लेकर पुलिस की अहम बैठक



श्रावस्ती। जनपद में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अदालत में मुकदमों की मजबूत पैरवी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ह्यऑपरेशन कन्विक्शन के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी मामलों में गवाहों और साक्ष्यों को समय से न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए, ताकि मुकदमों का जल्द निस्तारण हो सके। लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उन्हें जल्दी खत्म करने के लिए जरूरी कदम उठाने पर भी जोर दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अदालत से मिलने वाले वारंट और सम्मन को तुरंत रोजनामचा में दर्ज किया जाए और उन पर समय से कार्रवाई की जाए। इसके अलावा, अभियुक्तों की जमानत का सख्ती से विरोध करने तथा उनके आपराधिक इतिहास को एकत्र कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी कहा गया कि पुलिस और लोक अभियोजकों के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए, ताकि केस मजबूत बने और अपराधियों को सजा दिलाई जा सके। सभी अधिकारियों को अपने कार्यों की नियमित समीक्षा करने और किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत उच्च अधिकारियों को देने के निर्देश दिए गए। इस बैठक में क्षेत्राधिकारी कार्यालय के श्री सतीश कुमार शर्मा सहित विभिन्न थानों के पैरवी अधिकारी और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# सांसद प्रमोद तिवारी से जुड़े मानहानि के केस में परिवाद दर्ज करने का आदेश

## सुनवाई में पुलिस विवेचना को लेकर कोर्ट का तेवर सख्त, पुलिस एफआर को किया निरस्त



**प्रतापगढ़।** सांसद से जुड़े मानहानि के केस में पुलिस द्वारा विवेचना में अंतिम रिपोर्ट दाखिल करने को लेकर कोर्ट ने सख्त रूख अख्तियार किया है। कोर्ट ने पुलिस द्वारा इस मामले मे दाखिल की गयी अंतिम रिपोर्ट को निरस्त करते हुए इसे परिवाद के रूप में दर्ज किये जाने का फैसला सुनाया है। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी को लेकर उदयपुर थाना के ओमप्रकाश पाण्डेय उर्फ गुडडू का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। इसे आपत्तिजनक ठहराते हुए सांसद के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने तत्कालीन एसपी को शिकायती पत्र देकर एफआईआर दर्ज कराने की गुहार की थी। पुलिस द्वारा जांच के नाम पर कार्रवाई न करने को लेकर ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने लालगंज सिविल कोर्ट में फरियाद की। सिविल कोर्ट में मामले की सुनवाई करते हुए तत्कालीन न्यायिक मजिस्टेज्ट अरविंद सिंह ने बीते वर्ष 2024 में छब्बीस जुलाई को लालगंज पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिये। कोर्ट की फटकार पर लालगंज पुलिस द्वारा बीते वर्ष 2024 में पहली अगस्त को उदयपुर थाना के कुम्भीआइमा निवासी ओमप्रकाश पाण्डेय उर्फ गुडडू के खिलाफ मानहानि व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम एवं आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की। पुलिस द्वारा केस को लेकर विवेचना के तहत इस मामले में बीते वर्ष पन्द्रह अगस्त 2025 को मामले को समाप्त करते हुए कोर्ट में अंतिम रिपोर्ट दाखिल कर दिया गया। इससे असंतुष्ट ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जरिये अधिवक्ता कोर्ट में दस्तावेजी साक्ष्यों की पुलिस द्वारा अवहेलना को लेकर आपत्ति दाखिल की। मामले की सुनवाई करते हुए लालगंज अपर मुख्य न्यायिक मजिस्टेज्ट विराटमणि त्रिपाठी ने छः अप्रैल को जारी आदेश में पुलिस की अंतिम रिपोर्ट पर कड़ा रूख अख्तियार करते हुए इसे निरस्त कर दिया। एसीजेएम कोर्ट ने मामले में कोर्ट में परिवाद दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई के आदेश पारित किये हैं।

## परीक्षा परिणाम बच्चों की प्रतिभा व कड़ी मेहनत का प्रमाणः शिवप्रसाद

इटावा। ज्ञानस्थली विद्यालय में सीबीएसई के परीक्षा परिणाम पर के शुभ अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजन किया गया। अध्यक्षता स्वयं विद्यालय समिति के चेयरमैन शिवप्रसाद यादव ने की। विद्यालय के प्रातः सभा के पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्पहार किया। किया गया। विद्यालय के छात्रों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की कक्षा 10 के मेधावी छात्रों में सौम्या दुबे 96ः अर्णव पांडे 94ः अंश प्रताप 92ः दक्षित राय 92ः देव दुबे 90ः सोनिया यादव 90ः लकी यादव 90ः अक्षत जैन 90ः रहा।

# आइन्सटीन पब्लिक स्कूल के मेधावियों ने बजाया सफलता का डंका





जिला संवाददाता

**प्रतापगढ़।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल के घोषित परिणाम में आइन्सटीन पब्लिक स्कूल लालगंज एवं प्रतापगढ़ मुख्यालय के मेधावियो ने सफलता का परचम लहराया है। प्रतापगढ़ सिटी स्थित स्कूल के मेधावी पुष्कराक्ष त्रिपाठी ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल को जिले में टॉप होने का गौरव भी दिलाया है।

वहीं लालगंज के धधुआ गाजन में संचालित आइन्सटीन पब्लिक स्कूल के मेधावियों ने भी केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में सफलता हासिल की। उपलब्धि पर विद्यालय की निदेशिका श्रुति शुक्ला एवं संरक्षक विभवभूषण शुक्ल एवं सौरभ मिश्र ने मेधावियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के सौरभ यादव को 96.2 प्रतिशत अंक मिला है। सौरभ इस परीक्षा में विद्यालय का टॉपर हुआ है। वहीं दिव्यांश मिश्र 95.8 प्रतिशत के साथ विद्यालय में दूसरा तथा अखिल कुमार वैश ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर सफलता ली है।

प्रधानाचार्य सुव्रान्शु सिंघा के मुताबिक विद्यालय की आराध्या यादव, रैनदीप सोमवंशी, शशांक सिंह, रूद्र त्रिपाठी, रिषभ उपाध्याय, आकाश त्रिपाठी, अक्शा फातमा, सौम्य पटेल, श्रेया मिश्रा, वीर प्रताप सिंह, सारा सिंह, अंशिका मिश्रा, आदित्य राज सिंह, अभिषेक यादव ने नब्बे प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। निदेशिका श्रुति शुक्ला ने उपलब्धि को विद्यालय की गुणवत्तापरक शिक्षा को श्रेय दिया है।

इस मौके पर उप प्रधानाचार्य आन्डेज डिसिल्वा, योगेन्द्र शुक्ल, महेन्द्र पाठक, गरिमा मिश्रा, मनोज पाण्डेय आदि रहे। वहीं प्रतापगढ़ सिटी के आइन्सटीन पब्लिक स्कूल के मेधावी पुष्कराक्ष त्रिपाठी ने जिले के टॉपर होने का सेहरा स्कूल के नाम किया है। सफलता पर संरक्षक विभवभूषण शुक्ल ने मेधावियों व शिक्षकों का मुंह मीठा कराकर इन्हें सम्मानित किया। मेधावी आयुष्मान मिश्र 95 प्रतिशत को विद्यालय में द्वितीय तथा कृतिका यादव 94.20 प्रतिशत को तृतीय स्थान हासिल हुआ है। प्रधानाचार्य हिमांशु शेखर सतपथी के मुताबिक मेधावी अमेय सिंह, आदित्य सरोज, कृष्णा सिंह, अक्षिता त्रिपाठी, अन्वेषा सिंह, देवांशी सिंह, वैभव मिश्र, अक्षत केसरवानी, हार्दिक मिश्र, शशांक पाण्डेय, अब्दुल्लाह मोबीन, वरद मिश्र, दैविक सचदेवा ने नब्बे प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर सफलता का कीर्तिमान गढ़ा है। निदेशिका श्रुति शुक्ला एवं संरक्षक विभवभूषण शुक्ल तथा सौरभ मिश्र ने कहा कि इन सफलताओं से संस्थान को शैक्षिक क्षेत्र में शिखर स्थान हासिल हो सका है। इस मौके पर परोमिता कोले सिंघा, अनूप कुमार दत्ता, प्रतिभा तिवारी, अभिषेक सिंह, हिमांशु पाण्डेय, पंकज सिंह, अंकिता मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# मनरेगा कार्यों में गड़बड़ी के आरोपः ग्राम पंचायत सचिव दुर्गेश सिंह सुर्खियों में

सिद्धार्थनगर। जनपद सिद्धार्थनगर के मिठवल ब्लॉक में तैनात ग्राम पंचायत सचिव दुर्गेश सिंह पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लग रहे हैं। क्षेत्र में उनकी कार्यशैली को लेकर तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं और मामला सुर्खियों में बना हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, दुर्गेश सिंह एक साथ कई ग्राम पंचायतों का चार्ज संभाल रहे हैं और मनरेगा योजना के तहत कराए गए विकास कार्यों में स्टीमेट के विपरीत कार्य कराकर सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोपों में घिरे हैं। आरोप है कि कई कार्य केवल कागजों में पूरे दिखाकर लाखों रुपये की निकासी की गई। बताया जाता है कि इससे पहले डुमरियागंज ब्लॉक में तैनाती के दौरान भी



उन्होंने करीब 18 ग्राम पंचायतों का चार्ज संभाला था, जहां शौचालय निर्माण, आवास योजना और मनरेगा कार्यों में कथित गड़बड़ियों को लेकर वे चर्चा में रहे। स्थानीय स्तर पर आज भी उन मामलों को लेकर सवाल उठते हैं। मौजूदा समय में मिठवल ब्लॉक में भी उनके अधीन ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को लेकर पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि नाली निर्माण, सड़क, हैंडपंप मरम्मत और स्वच्छता जैसे कार्यों में कागजी खानापूर्ति कर सरकारी धन का बंदरबांट किया गया। विश्वसनीय सूत्रों का यह भी दावा है कि दुर्गेश सिंह ने अपने कार्यकाल में करोड़ों रुपये की संपत्ति अर्जित की है, जिसमें महंगी जमीनों की खरीद और आलीशान मकान शामिल हैं। साथ ही उनके निजी खर्चों और जीवनशैली को लेकर भी क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। ग्रामीणों और गणमान्य नागरिकों का कहना है कि यदि इस पूरे मामले की किसी स्वतंत्र एजेंसी से निष्पक्ष जांच कराई जाए तो बड़े वित्तीय घोटाले का खुलासा हो सकता है। वहीं, इस संबंध में दुर्गेश सिंह का कहना है कि मनरेगा कार्यों में जांच के दौरान ह्लथोड़ी बहुत कमीह्व निकल सकती है, लेकिन उनकी पहुंच उच्च स्तर तक है और किसी भी जांच से उन्हें कोई विशेष फर्क नहीं पड़ेगा। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इन आरोपों को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या निष्पक्ष जांच के जरिए सच्चाई सामने आ पाती है या नहीं।

## राजगुरु सुखदेव सभागार का भूमि पूजन



सिद्धार्थनगर- सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन प्रांगण में बुधवार को राजगुरुसुखदेव सभागार के निर्माण के लिए भूमि पूजन एवं शिला पूजन कार्यक्रम विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। यह सभागार कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही की विधायक निधि से बनाया जाएगा। कार्यक्रम की अगुवाई बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह ने की। इस दौरान सिडको के जेई भूपेंद्र सिंह की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। मौके पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे और उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित प्रमुख अधिवक्ताओं में गंगाराम पांडे, परमात्मा प्रसाद मिश्रा, नजीर मलिक, विजय कुमार उपाध्याय, प्रभाकर मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, रमेश पांडे, अनिल विश्वकर्मा, शेखर सिंह, कन्हैया पांडे, चंद्र भूषण मिश्रा, विनायक मिश्रा, विनोद शुक्ला, दुर्गेश द्विवेदी, सच्चिदानंद झा, दिव्य प्रकाश शुक्ला, इंदु कुमार सिंह, देवानंद श्रीवास्तव, दिनेश तिवारी, नागेंद्र पांडे, अरुण तिवारी, प्रशांत मिश्रा, पवन चंद्र शुक्ला, नरेंद्र भार्गव और प्रमोद दुबे सहित अन्य अधिवक्ता शामिल रहे। कार्यक्रम के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि ह्लराजगुरुसुखदेव सभागारह्व का निर्माण बार एसोसिएशन के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। यह सभागार अधिवक्ताओं के लिए उपयोगी होगा, विशेषकर महिला अधिवक्ताओं को ध्यान में रखते हुए इसे मातृशक्ति को समर्पित किया जाएगा, जिससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। महामंत्री कृपा शंकर त्रिपाठी ने इसे बार एसोसिएशन के इतिहास का महत्वपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि संगठन निरंतर विकास की ओर अग्रसर है और यह सभागार भविष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का केंद्र बनेगा।

# पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह की दिवंगत पत्नी को मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गुरुवार को पूर्व विधायक एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री नरेंद्र सिंह की दिवंगत पत्नी गोदावरी सिंह के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

गुरुवार शाम सीएम योगी, तरंग क्रॉसिंग के समीप स्थित सरस्वती विद्या मंदिर बालक इंटर कॉलेज परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह की स्मृतिशेष पत्नी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और पूर्व विधायक सहित अन्य परिजनों को ढांढस बंधाया।

## सूचना

सूचित हो कि मैने अपने बड़े पुत्र आकाश जायसवाल व बहू शिखा जायसवाल को उनका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **रीना जायसवाल पत्नी कैलाश चंद्र जायसवाल नि.- मो. विवेक नगर कस्बा व थाना सिधौली तहसील सिधौली जिला सीतापुर।**

## सूचना

सूचित हो कि मेरा बैनामा दिनांक 18.05.2011 जो बही संख्या-1, जिल्द संख्या-7917 पृष्ठ संख्या 125 से 162 पर क्रमांक 5684 पर कार्यालय उपनिबंधक सदर चतुर्थ, लखनऊ पर पंजीकृत है एवं बैनामा दिनांक 13.05.2011 जो बही संख्या-1, जिल्द संख्या-7904 पृष्ठ संख्या- 301 से 332 पर क्रमांक-5499 पर कार्यालय उपनिबंधक सदर चतुर्थ, लखनऊ पर पंजीकृत है। उपरोक्त मूल बैनामे कहीं खो गये हैं। **मो. आसिफ पुत्र मो. सलीम नि.- 456/सी, सदर बाजार, दिलखुशा, लखनऊ।**

# मारकंडेय यादव को सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार शाम पिपराइच क्षेत्र के लुहसी गांव जाकर, गोरक्षपीठ के अनन्य भक्त रहे मारकंडेय यादव के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए और अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मारकंडेय यादव का एक अप्रैल को निधन हो गया था। दो अप्रैल को उनके पैतृक गांव लुहसी पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वर्गीय यादव के पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए थे। गुरुवार को उनके ब्रह्मभोज कार्यक्रम में भी सीएम श्रद्धांजलि देने पहुंचे। उन्होंने मारकंडेय यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए गुरु गोरखनाथ से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय यादव के परिजनों को ढांढस भी बंधाया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत असिधवां विकास खण्ड बांसी जनपद सिद्धार्थनगर

**पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27**

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत असिधवां विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 27.04.2026 को 12.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय असिधवां के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 27.04.2026 को 02.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तेः-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत असिधवां के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत असिधवां कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत असिधवां के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **रामेश्वर प्रसाद** | **श्री हीरा सिंह** |
| **प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत असिधवां** | **ग्राम पंचायत असिधवां** |
| **सिद्धार्थनगर।** | **सिद्धार्थनगर।** |


# किसानों के शोषण पर कांग्रेस ने प्रशासन को दिया अल्टीमेटम




गीडा, गोरखपुर। विकास खंड सहजनवा में रसोई गैस की किल्लत, वितरण व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार और गेहूं क्रय केंद्रों पर किसानों के हो रहे उत्पीड़न को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष व सहजनवा विधानसभा प्रभारी श्रवण पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को उपजिलाधिकारी के नाम नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि क्षेत्र की गैस एजेंसियों पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। नियमों के विरुद्ध होम डिलीवरी के बजाय उपभोक्ताओं को एजेंसी पर बुलाकर मनमानी वसूली की जा रही है और लग्न के सीजन में उनकी मजबूरी का सौदा हो रहा है, जिस पर जिम्मेदार अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है। साथ ही, गेहूं क्रय केंद्रों पर बिचौलियों के हस्तक्षेप के कारण वास्तविक किसानों को भारी कठिनाई और मानसिक व आर्थिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि यदि गैस वितरण प्रणाली को दुरुस्त नहीं किया गया और किसानों का शोषण बंद नहीं हुआ, तो वे ग्रामीणों के साथ अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष गब्बू लाल प्रजापति, कुशेन्द्र चौबे, संजय सिंह, डॉ. द्वारिका नाथ गुप्ता, राजदेव तिवारी, सुनील पांडेय सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सूपाराजा विकास खण्ड बांसी जनपद सिद्धार्थनगर

**पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27**

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत सूपाराजा विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 17.04.2026 को 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय सूपाराजा के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 17.04.2026 को 02.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तेः-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत सूपाराजा के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत सूपाराजा कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत सूपाराजा के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **कुलदीप** | **महमूद अली** |
| **प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत सूपाराजा** | **ग्राम पंचायत सूपाराजा** |
| **सिद्धार्थनगर।** | **सिद्धार्थनगर।** |

## कार्यालय ग्राम पंचायत राम भारी विकास खण्ड मिठवल जनपद सिद्धार्थनगर

**पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27**

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत राम भारी विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 17.04.2026 को 01.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय राम भारी के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 17.04.2026 को 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तेः-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत राम भारी के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत राम भारी कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत राम भारी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **कमर अब्बास काजमी** | **नेहा यादव** |
| **प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत राम भारी** | **ग्राम पंचायत राम भारी** |
| **सिद्धार्थनगर।** | **सिद्धार्थनगर।** |


# वर्टेक्स ग्लोबल स्कूल के हाईस्कूल के बच्चों ने किया रोड शो



चौरीचौरा, गोरखपुर। सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी हाईस्कूल (कक्षा 10) के रिजल्ट में सरदार नगर स्थित वर्टेक्स ग्लोबल स्कूल के विश्वजीत विश्वकर्मा ने 98 प्रतिशत के साथ चौरीचौरा टॉप करते हुए गोरखपुर जिले स्तर की मेरिट लिस्ट में भी अपना स्थान बनाया। परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने माता पिता एवं स्कूल एवं चौरी चौरा क्षेत्र का नाम रोशन किया। बच्चों ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए ढोल नगाड़ों के साथ चौरी चौरा एवं सरदारनगर में रोड शो किया। वर्टेक्स ग्लोबल स्कूल के बच्चों का प्रदर्शन विश्वजीत विश्वकर्मा 98 फीसद, विवेक 96.2, श्वेता चौरसिया 95.8, सुप्रिया चौहान 95.6, नीरज मौर्या 93.8, नैतिक विश्वकर्मा 93.6, आयुष गुप्ता 93.6, आर्यन शर्मा 93.4, शिवम प्रजापति 93.4, विद्या पासवान 92.6, अनुपमा यादव 92.2, शिखर 91.8, खुशी चौरसिया 91.6, उत्कर्ष विश्वकर्मा 91.2, कनीज इरम खान 91, आयुष्मान गुप्ता 90.2, देवांश सिंह 89.8, श्रेष्ठ कुमार वर्मा 89.4, लक्की पाण्डेय 88.4, यशिका शुक्ला 88, अदिति गुप्ता 88, मुकुंद कुमार लाठ 87.4, निवेदिता कश्यप 86.2, साक्षी शुक्ला 85.4, मार्क्स अर्जित किए। उक्त अवसर पर स्कूल चेयरमैन अरविंद त्रिपाठी एवं निदेशक तूलिका त्रिपाठी एवं शैलेन्द्र त्रिपाठी ने बच्चों को बधाई दी।

# सेंट्रल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने परीक्षा में अच्छे अंक पाकर किया क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन




चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा क्षेत्र स्थित सेंट्रल पब्लिक एकेडमी में सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा दसवीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम की घोषणा से अत्यंत हर्षोल्लास का माहौल बना रहा। विद्यालय के छात्रों ने इस वर्ष भी शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अभिमन्यु कुमार दुबे, प्रशासिका डॉ. गीता दूबे, प्रधानाचार्य रवि कुमार पाण्डेय, उप प्रधानाचार्या सरोज वर्मा, एकेडमिक ग्रुप हेड कस्तुभ प्रकर्ष, एकेडमिक काउंसलर निमिशा शाश्वत ने सभी छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। छात्रों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।जिसमें कई छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। परीक्षा परीणाम में 53 से अधिक विद्यार्थियों ने अपने विषयों में 90, एवं 66 से अधिक विद्यार्थियों ने 80, नंबर लाकर विद्यालय एवं अपने परिवार का मान बढ़ाया। अंजली साहनी ने 95.2, अंक के साथ प्रथम स्थान, अभय सिंह 94, दिया यादव ने 91.6, रंजीत यादव 90, फिजा परवीन 89.4, अदिति वर्मा 88.6, अनु सिंह 86, परी मौर्या 85, एवं 55 से अधिक छात्रों ने 80 से ऊपर अंक लाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसके साथ ही विज्ञान में 100, इंग्लिश में 98, हिंदी में 98, सोशल साइंस में 99, गणित में 99 , आई. टी. में 99 के साथ छात्रों ने विद्यालय का नाम रोशन किया है।विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अभिमन्यु दुबे और प्रशासिका डॉ. गीता दुबे ने छात्रों को इस सफलता पर बधाई दिया। प्रधानाचार्य रवि पाण्डेय ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना किया।

# रामसखी राम निवास विद्यालय के टॉपरों में चमकी अस्मिता



गोला, गोरखपुर। सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में रामसखी रामनिवास कान्वेंट स्कूल-भरौली की छात्रा ने स्कूल की सेकेंड टॉपर बनकर अपने माँ-बाप के साथ क्षेत्र एवं गांव का मान बढ़ाया है। बांसगांव तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत गांगुपार के राजस्व गांव गौरपार निवासी एवं यूपीपी पुलिस में हेडकांस्टेबल पद पर तैनात विंध्याचल यादव की पुत्री अस्मिता यादव रामसखी रामनिवास विद्यालय में हाईस्कूल की छात्रा है।वह शुरू से ही काफी मेधवी रही।सीबीएसई बोर्ड के रिजल्ट में अस्मिता ने 94.8 परसेंट लाकर स्कूल में अपनी सफलता का झंडा गाड़ा है। स्कूल प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य ने छात्रा अस्मिता यादव को अंगवस्त्र भेंटकर कर सम्मानित किया है।

# एलपीएम : हाईस्कूल में 98.8 के साथ अर्पित बने टॉपर




गोला, गोरखपुर। सीबीएसई द्वारा घोषित हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में उपनगर गोला स्थित लक्ष्मी प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। विद्यालय के छात्र अर्पित दीक्षित ने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। दूसरे स्थान पर साकिब पाण्डेय ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि तीसरे स्थान पर 96.8 प्रतिशत अंक के साथ अन्य छात्र ने स्थान हासिल किया। वहीं सुदीप प्रताप यादव एवं उत्कर्ष यादव ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से चौथा स्थान हासिल किया। विद्यालय के कुल 25 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# सपा नेताओं ने पुरवा क्षेत्र का भ्रमण कर जाना पीड़ित परिवारों का हाल-चाल



पुरवा (वीओएल)। विधान सभा क्षेत्र पुरवा में सपा नेता, पूर्व चेयरमैन कोऑपरेटिव सीएल यादव के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष उन्नाव राजेश कुमार यादव नें ब्लॉक पुरवा का भ्रमण कर विगत दिनों पार्टी के नेता सत्यम गुप्ता पुरवा, ब्लॉक हिलौली के ग्राम पंचायत पिंडुरी पूर्व प्रधान संत लाल पाल के निधन पर उनके परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया, ग्राम शिवबक्स खेड़ा में प्रेम कुमार यादव के नाबालिग पुत्र, एवं कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी के चलते बब्लू यादव के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए परिजनों से मिलकर गहरा शोक प्रकट कर उन्हें सांत्वना दी। तदोपरांत कालू खेड़ा में जवाहर होटल पहुंचकर जवाहर यादव से मिलकर उनके एवं परिवार के लोगों के ऊपर लिखे गए फर्जी एससीएसटी के तहत मुकदमे की जानकारी ली एवम् भरोसा दिलाया कि इस न्याय की लड़ाई में पार्टी उनके साथ खड़ी दिखाई देगी। वहीं ब्लॉक असोहा के ग्राम विगिन खेड़ा मुक्तेमऊ में पाल समाज के युवा के संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु की सूचना मिलने पर उसके घर पहुंचकर उनके पिता सुरेश पाल एवं परिवार जनों से मुलाकात कर विस्तृत जानकारी ली गई और परिजनों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए उन्हें हर संभव सहयोग देने का भी भरोसा दिलाया। इस दौरान पार्टी के जिला महासचिव हेमंत कुमार पाल, उपाध्यक्ष हाजी इरफान, शिव शंकर गौतम, नगर अध्यक्ष बच्चू लाल यादव, प्रधान रमाकांत यादव युवा नेता नागेंद्र कुमार इंजी० अभिषेक सिंह यादव, सभासद पंकज वर्मा, अविनाश गुप्ता, अर्पित कुमार, अभिषेक गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहें।

# नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का भव्य आयोजन, 25 महिला शिक्षिकाओं का सम्मान



उन्नाव। ब्लॉक संसाधन केन्द्र बीघापुर में शासन की मंशा के अनुरूप खंड शिक्षा अधिकारी शुचि गुप्ता के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में ह्लनारी शक्ति वंदनह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना एवं महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करते हुए समाज और विभाग में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ की गई। इस अवसर पर बीघापुर ब्लॉक के बेसिक शिक्षा विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 25 महिला शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं क्राउन पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में 15 सहायक अध्यापिकाएं, 4 शिक्षामित्र, 1 अनुदेशक, 1 सहचर, 2 रसोईया एवं 2 प्रधानाध्यापिकाएं शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन अंजली झा, लुबना फारूकी एवं गरिमा गुप्ता द्वारा किया गया। इस दौरान शालू, आकांक्षा सिंह, आंचल धवन, प्रियंबदा द्विवेदी, बीना शर्मा, पुष्परंजनी देवी एवं सावित्री देवी ने बालिका शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही एआरपी दुर्गेश कुमार शुक्ल, योगेश एवं मनीषा अवस्थी ने भी अपने उद्बोधन में विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में खंड शिक्षा अधिकारी ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए अधिक से अधिक बालिका नामांकन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बिना भेदभाव के बालिकाओं को आगे बढ़ाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने विद्यालय विकास में महिलाओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष धीरज प्रताप सिंह,जिला उपाध्यक्ष गणेश शंकर गुप्ता ने सभी सम्मानित मातृ शक्तियों को बधाई देते हुए इसे महिला सशक्तीकरण की ओर विभाग का एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# प्रधान ने चकबंदी प्रक्रिया निरस्त कराने की मांग की



फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। क्षेत्र की एक ग्राम प्रधान द्वारा जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर ग्राम पंचायत में पिछले एक दशक पूर्व से चल रही चकबंदी प्रक्रिया को निरस्त करने की अपील की है। फतेहपुर चौरासी विकास खण्ड की ग्राम पंचायत फिरोजपुर खुर्द की ग्राम प्रधान बीनू सिंह द्वारा आज जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि ग्राम पंचायत में 2014- 15 से चकबंदी की प्रक्रिया चल रही है, ग्राम पंचायत के काश्तकार सफीपुर तहसील के समाधान दिवस में 23 मार्च को भी जिला अधिकारी के समक्ष आकर चकबंदी प्रक्रिया का विरोध कर चुके हैं। गत 8 अप्रैल को जिला बंदोबस्त अधिकारी द्वारा चकबंदी प्रक्रिया की स्थिति जानने हेतु ग्राम पंचायत में खुली बैठक की गई थी, जिसमें 164 काश्तकार उपस्थित मेरी ग्राम पंचायत के 72 किसान मौजूद थे बाकी पड़ोसी गांवों के किसान थे, जिन्होंने खुली बैठक में इस प्रक्रिया का विरोध किया था। जिससे किसानों के हित में प्रक्रिया को निरस्त कर दिया जाए।

# न्यू बोर्न एंड मदर केयर यूनिट शुरू, नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया उद्घाटन



हिलौली, उन्नाव। जिले के मौरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में न्यू बोर्न एंड मदर केयर यूनिट का शुभारंभ किया गया। इस यूनिट का उद्घाटन मौरावां आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर विवेक और उनकी पत्नी पल्लवी सेठ ने फीता काटकर किया। इसका उद्देश्य क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना, नवजात शिशुओं और माताओं को बेहतर उपचार प्रदान करना है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद सोनकर ने इस सुविधा को क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इससे माता एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। डॉ. सोनकर के अनुसार, यह यूनिट मां और बच्चे दोनों को एक ही स्थान पर बेहतर देखभाल प्रदान करेगी, जिससे इलाज के साथ भावनात्मक जुड़ाव भी बना रहेगा। डॉ. सोनकर ने यूनिट की खासियत बताते हुए कहा कि यह मां और नवजात शिशु को पास-पास रखने की सुविधा देती है।इससे उनके बीच बेहतर संबंध बनता है और नवजात के स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर पड़ता है। वर्तमान में यूनिट में तीन बेड और इनक्यूबेटर सहित अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं। इस अवसर पर डॉ. विनोद सोनकर (अधीक्षक), डॉ. राजकुमार, डॉ. जय, डॉ. कुमार विक्रम झा, आनंद फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स और अन्य समस्त स्टाफ मौजूद थे। नगर अध्यक्ष के साथ जमुना शंकर तिवारी, अवधेश दीक्षित, प्रिंसू पाठक और राजीव सिंह भी उपस्थित रहे।

# छात्रा श्रेया शुक्ला बनीं एक दिन की प्राचार्या



मौरावां, (वीओएल)। जिले के राजकीय महाविद्यालय, लोटना में श्नारी शक्ति वंदन अधिनियमश पर बृहस्पतिवार को एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा श्रेया शुक्ला को एक दिन के लिए महाविद्यालय का प्राचार्य बनाया गया। यह पहल प्राचार्य डॉ. प्रशांत के निर्देशन में हुई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने श्नारी शक्ति दीवारश पर हस्ताक्षर अभियान चलाया और मानव श्रृंखला बनाकर समाज में महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। श्रेया शुक्ला को एक दिन के लिए प्राचार्य का दायित्व सौंपने का उद्देश्य छात्राओं में नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का विकास करना था। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने सहभागिता की। महाविद्यालय के सभी शिक्षक और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल और प्रभावी बनाया। एक दिन की प्राचार्या बनीं श्रेया शुक्ला ने सभी छात्रों से मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छात्र अपने माता-पिता के साथ-साथ गांव, जिले और देश का नाम रोशन करें।

# शार्ट शर्किट से दुकान में लगी आग

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। कस्बा फतेहपुर चौरासी बाजार में ज्वैलर्स एंड साड़ी सेंटर की दुकान स्थित है। बुधवार की रात श्याम जी वर्मा दुकान बंद करके घर चले गए थे, रात को ही स्थानीय लोगो ने फोन पर सूचना दी कि कपड़े की दुकान में आग लग गई है। उन्होंने बताया कि दो मंजिल की दुकान के ऊपरी वाले मंजिल में कपड़े का व्यवसाय होता है। जिसमें आग लग गई है। स्थानीय लोगों ने बा मुश्किल आग पर काबू पाया। सूचना पर फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंच गया। श्याम जी वर्मा ने बताया कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी है। जिसमें कपड़ा सहित लाखों का नुकसान हुआ है।

संक्षेप

## मोहम्मदी व बरवर में नामित सदस्यों को दिलायी गयी शपथ

मोहम्मदी खीरी। नगर पालिका और नगर पंचायत में शासन द्वारा नामित सदस्यों को एसडीएम ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई है। गुरुवार को नगर पालिका में आयोजित कार्यक्रम के तहत अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया, ई ओ, की मौजूदगी में एसडीएम ने नामित सदस्य डॉ सुभाष गुप्ता, प्रबंधक आनंद गुप्ता, दीपक अग्निहोत्री, महिला सदस्य वंदना गुप्ता और रजनी सैनी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई है वहीं नगर पंचायत बरवर में आयोजित समझ में अध्यक्ष संजय शर्मा और ईओ जेपी मौर्य की मौजूदगी में एसडीएम न्यायिक ने नामित सदस्य शिवम मिश्रा, संजीव गुप्ता और नरेंद्र कुशवाहा को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई है।

## रिश्वत लेने के आरोप में दारोगा सहित दो आरक्षी निलंबित

लखीमपुर खीरी। थाना फूलबेहड़ में तैनात उपनिरीक्षक सोबरन सिंह और आरक्षी लाखन सिंह पर रिश्वत लेकर एक पक्ष की जमीन पर दीवार बनवाने के आरोप में पुलिस अधीक्षक ख्याति गर्ग द्वारा तत्काल प्रभाव से एक दरोगा एक आरक्षी को निलंबित कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने विभागीय जांच शुरू करा दी है। वहीं ईसानगर थाना की कटौली चौकी पर तैनात आरक्षी राहुल कुमार पर एक व्यक्ति को साइकिल चोरी के झूठे आरोप में बंद कर 700 रुपये लेकर छोड़ने के मामले में कार्रवाई करते हुए निलंबित किया गया, दोनों मामलों में कर्तव्यों में लापरवाही और भ्रष्ट आचरण की पुष्टि पर जांच जारी है। दरोगा व आरक्षी को निलंबित करते ही जिले के पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न

लखीमपुर खीरी। रमियाबेहड़ ब्लॉक सभागार में बृहस्पतिवार को आयोजित क्षेत्र पंचायत बैठक ब्लॉक प्रमुख कल्पना वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विकास कार्यों के लिए 21 करोड़ 29 लाख रुपये का अनुपूरक बजट पेश किया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के प्रस्तावों पर चर्चा कर कार्ययोजना तय की गई। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने मनरेगा समेत अन्य विकास कार्यों के लिए कुल 18 करोड़ 86 लाख रुपये के प्रस्ताव रखे, जिन पर अनुपूरक कार्ययोजना के तहत विचार किया गया। पंचम राज्य वित्त एवं 15वें केंद्रीय वित्त आयोग मद में 4 करोड़ 12 लाख रुपये के कार्यों के लिए भी बजट प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। खंड विकास अधिकारी श्रद्धा गुप्ता ने बताया कि गत वित्तीय वर्ष में 10.10 करोड़ रुपये का लेबर बजट प्राप्त हुआ था, जिसमें से 9.94 करोड़ रुपये विकास कार्यों में व्यय किए जा चुके हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 603 लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराए जाने और उनके पूर्ण हो जाने की जानकारी दी। लघु सिंचाई योजना के तहत किसानों को 895 बोरिंग उपलब्ध कराई गई हैं, जबकि 8057 लाभार्थियों को विभिन्न पेंशन योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। बैठक में कृषि एवं कृषि रक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पशुपालन व टीकाकरण, स्वच्छ पेयजल, प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना एवं ग्रामीण विद्युतीकरण योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। ब्लॉक प्रमुख कल्पना वर्मा ने ग्राम स्तर पर साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने और नियमित कीटनाशक छिड़काव कराने के निर्देश दिए।

# सिर्फ अल्फाज नहीं, एहसास सुनायें जाते हैं...

## मेले चैती के मंच पर गूंजा कुल हिन्द मुशायरा






गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर आयोजित कुल हिन्द मुशायरा आकर्षण का केंद्र रहा। देश के विभिन्न हिस्सों से आए नामचीन शायरों ने अपने कलाम से ऐसा समां बांधा कि देर रात तक श्रोता मंच से जुड़े रहे और हर प्रस्तुति पर तालियों की गूंज सुनाई देती रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजा जफर उल्ला खां, अध्यक्षता कर रहे बीए खान तथा विशिष्ट अतिथियों ने शमा रोशन कर किया। इसके बाद अतिथियों का पुष्पमालाओं व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि राजा जफर उल्ला खां ने कहा कि नगर में सभी धर्मों का सम्मान किया जाता है और आपसी सौहार्द की परंपरा मजबूत है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों में समान सहभागिता ही समाज की असली पहचान है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि मेला चैती के मंच पर सभी वर्गों, दलों और विचारधाराओं के लोगों को आमंत्रित किया गया है और नगर को परिवार मानकर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक मधुकर शैदाई के कुशल निर्देशन में आयोजित मुशायरे में शायरों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। सलमान घोसवी ने मोहब्बत और जज्बात पर आधारित अशआर पेश कर श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी। देवबंद से आए शायर ने हास्य-व्यंग्य के माध्यम से समाज की विसंगतियों पर कटाक्ष किया। मुजफ्फरनगर के खुर्शीद हैदर ने बुलंदी और आत्मविश्वास पर आधारित रचना सुनाई, जबकि कोटा के कुंवर जावेद ने सामाजिक सौहार्द और मानवता का संदेश दिया।

सीतापुर की अलीशा मेराज ने नारी सशक्तिकरण पर केंद्रित अशआर प्रस्तुत कर श्रोताओं को प्रभावित किया। अलीगढ़ की मुमताज नसीम ने जज्बाती अंदाज में अपनी रचना पेश की। रुड़की के सज्जा झंझट ने क्षेत्रीय पहचान को लेकर प्रस्तुति दी, जबकि मंजर भोपाली ने सामाजिक सरोकारों और वर्तमान परिवेश पर अपनी बात रखी। सबा बलरामपुरी और हिलाल बदायूनी ने भी अपने अंदाज में श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। मुशायरे का संचालन डॉ. हिलाल बदायूनी ने किया।

## डॉ. वेद प्रकाश की दो कृतियों का हुआ लोकार्पण



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर नगर के साहित्यकार डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री की दो कृतियों का लोकार्पण किया गया। डॉ. अग्निहोत्री की पुस्तक कविताएँ बन गईं पहेली तथा नन्हे-मुन्ने गीत हमारे का लोकार्पण नगरपालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू, उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी, मधुसूदन गुप्त, साहित्यकार विनीत चैहान, स्वयं श्रीवास्तव, नीलोत्पल मृणाल, सुफलता त्रिपाठी, हेमंत पांडेय व शिवकिशोर तिवारी खंजन ने संयुक्त रूप से किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अग्निहोत्री ने बाल साहित्य के क्षेत्र में नए प्रयोग कर अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी रचनाएं बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ रोचक भी हैं। बताया गया कि बाल साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री को देशभर में कई सम्मान मिल चुके हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण सचिवालयों में खुलने वाले पुस्तकालयों के लिए उनकी सात पुस्तकों को सरकारी खरीद में शामिल किया है।

## एसडीएम को शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन



धौरहरा खीरी। तराई क्षेत्र मे मौजूद प्राथमिक विद्यालय व सविलियन विद्यालयो में शासन के निर्देश पर चल रही मध्यान्ह भोजन योजना खटाई में पड़ गई। क्योंकि बीते एक माह से गैस एजेंसियों से स्कूलों को सिलेण्डर नही मिल पा रहे हैं। जिसकी शिकायत बुधवार को शिक्षकों ने एसडीएम धौरहरा को ज्ञापन सौंपा। प्राप्त विवरण के अनुसार बीतें माह से गैस एजेंसियों से गैस सिलेंडर न मिलने के कारण तराई क्षेत्र में मौजूद सविलियन व प्राथमिक विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना खटाई में पड़ गई। बुधवार को शिक्षकों ने तहसील परिसर में एसडीएम धौरहरा शशीकांत मणि को ज्ञापन देकर बताया कि गैस एजेंसियों की मनमानी व वांचित अभिलेख लेकर के वाई सी के बाद भी क्षेत्र में मौजूद भारत व इण्डेन गैस एजेंसियों द्वारा विद्यालयो को पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर नहीं मिलने के कारण शिक्षकों को लाइन में लगने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहा जिससे स्कूलों में भोजन बनने से बच्चों को भूखों रहना पड रहा। एस मामले में एसडीएम धौरहरा शशीकांत मणि ने बताया कि शिक्षकों द्वारा सिलेंडर न मिलने की समस्या की शिकायत मिली पूर्ति निरीक्षक को निराकरण के लिए निर्देशित किया।

## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में छात्राओं ने मानव श्रृंखला से उकेरा त्रिशूल



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। श्री गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम की शुरूआत प्रभावशाली प्रस्तुतियों के साथ हुई। प्रथम दिवस छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मां शक्ति के प्रतीक त्रिशूल का आकर्षक प्रदर्शन किया, जिसने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। विशेष बात यह रही कि मानव श्रृंखला की प्रत्येक कड़ी तीन छात्राओं द्वारा बनाई गई, जिससे प्रस्तुति में समन्वय और प्रतीकात्मकता स्पष्ट रूप से नजर आई। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं ने अनुशासन और एकजुटता का परिचय देते हुए नारी शक्ति के महत्व को रेखांकित किया। प्रस्तुति के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि संतुलन, शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से ही समाज का समुचित विकास संभव है। कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय की दिवस आयोजन समिति की प्रमुख सवि चतुर्वेदी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें वंदना शुक्ला और प्रियंका त्रिपाठी का सहयोग रहा। आयोजन प्रधानाचार्या डॉ. पूनम वर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय स्टाफ और छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही।

## एनएसएस की पदयात्रा में गूंजा नारी सुरक्षा का संदेश

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। केन ग्रोअर्स नेहरू पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत ग्राम कोटवारा में पदयात्रा निकालकर महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने गांव-गांव जाकर लोगों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आदर्श पटेल एवं अमित कुमार यादव के नेतृत्व में पदयात्रा निकाली गई। हैदराबाद थाना पुलिस के सहयोग से निकली इस पदयात्रा के दौरान स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबर 1090, 1076, 181, 112 व 108 की जानकारी दी। पदयात्रा के बाद कोटवारा कोठी में नारी शक्ति वंदन अधिनियम एवं मिशन शक्ति 5.0 के तहत संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी का संचालन डॉ. आदर्श पटेल ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हैदराबाद थाना के मुख्य निरीक्षक जय नारायण यादव ने महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और कानून व्यवस्था से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। महिला पुलिस आरक्षी विद्या भारती एवं रामबेटी ने महिलाओं को आत्मसुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। वहीं पुलिस आरक्षी साहब बक्स यादव ने महिलाओं से संबंधित कानूनों और उनके अधिकारों की जानकारी दी। राजनीतिशास्त्र के विशेषज्ञ डॉ. विवेक कुमार सिंह ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसके तहत महिलाओं को लोकसभा, विधानसभा और दिल्ली विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जो परिसीमन और जनगणना के बाद लागू होगा। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अमित कुमार यादव ने धन्यवाद ज्ञापन किया और अधिनियम के व्यवहारिक पहलुओं पर प्रकाश डाला।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: 07-DYCEGA-2026**

उप मुख्य इंजीनियर (गोरखपुर क्षेत्र), पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैः- क्रम सं.-1, कार्य का विवरणः गोरखपुर मेंः-(1) -प्र.मु.परि. प्रबन्धक कार्यालय के हाल में आपदा प्रबन्धन के समावेश हेतु प्र.मु.परि. प्रबन्धक कार्यालय के मरम्मत एवं पुनर्निर्माण का कार्य। (2)-स.न.ई./उत्तर के कार्यक्षेत्र में नाला के मरम्मत का प्रस्ताव। (3)-गोल्फ कालोनी के नाली का निर्माण तथा नवीनीकरण का प्रस्ताव। अनुमानित लागत (रू.में.): ₹ 2,04,03,594.85, बयाने की राशि (रू.में.): ₹ 4,08,100/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में.): ₹ 0.00, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य की समापन तिथि/समयः 08 माह। **कुल योगः ₹ 2,04,03,594.85** **(1)** ई-निविदा के खुलने की तिथि दिनांक 08-05-2026 को 11:00 बजे। **(2)** ई-निविदा की बिडिंग तिथि 24-04-2026 से 08-05-2026 समय 10:59 बजे तक। **(3)** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। **(4)** यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अन्तर होता है तो निविदा सूचना के अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे.,**
मुजाधि/डब्लू-25 **गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## डीएम के निर्देशन में आपदा मित्रों ने संभाली कमान

सीतापुर। जनपद में गर्मी के बढ़ते प्रकोप और तेज हवाओं के चलते फसलों में आग लगने की घटनाओं को शून्य करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी महोदय, सीतापुर एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कुशल निर्देशन में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील सदर के आपदा मित्रों ने ग्रामीण क्षेत्रों में मोर्चा संभालते हुए किसानों को जागरूक करने का कार्य तेज कर दिया है। उपजिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में आपदा मित्रों की टीम निरंतर संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर रही है। तहसील सदर के ग्राम रखौना में उस समय प्रशासन की मुस्तैदी का सकारात्मक परिणाम देखने को मिला, जब आपदा मित्र मनोहर लाल, महेंद्र कुमार और रवि कुमार की टीम ने किसान रघुनाथ पुत्र पुताई के खेत का निरीक्षण किया। किसान के खेत में गेहूँ की तैयार फसल खड़ी थी। जिसके ठीक ऊपर से हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है। वर्तमान में चल रही तेज पछुआ हवाओं के कारण शॉर्ट सर्किट से फसल जलने का गंभीर खतरा बना हुआ था। आपदा मित्रों ने तत्काल किसान को वस्तुस्थिति से अवगत कराया और संभावित आर्थिक नुकसान के प्रति सचेत किया। प्रशासन की इस सक्रियता का सम्मान करते हुए किसान ने प्राथमिकता के आधार पर तत्काल फसल की कटाई सुनिश्चित की, जिससे एक संभावित अग्निकांड टल गया। जनपद का प्रत्येक किसान हमारी प्राथमिकता है। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि मेहनत से तैयार फसल का एक दाना भी अग्नि की भेंट न चढ़े। आपदा मित्र गांव-गांव जाकर अर्ली वार्निंग (पूर्व चेतावनी) तंत्र के रूप में कार्य कर रहे हैं। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जिला आपदा विशेषज्ञ हीरालाल ने तहसील सदर सहित पूरे जनपद के किसानों के लिए निम्नलिखित सुरक्षा परामर्श (एडवाइजरी) जारी की हैं। जिसमें प्राथमिकता पर कटाई जिन खेतों के ऊपर से बिजली के तार या पोल गुजर रहे हैं। उन हिस्सों की फसल पहले काट लें। सावधानी बरतें खेतों के पास बीड़ी, सिगरेट या किसी भी प्रकार की ज्वलनशील वस्तु का प्रयोग न करें।

## बाबा साहब की जयंती के उपलक्ष्य में गोष्ठी आयोजित



महोली सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा घोषित अभियानों पर जोर-जोर से कार्य कर रही है इसी क्रम में नगर महोली में सम्मान अभियान विधानसभा सभा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही एवं अध्यक्ष के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी और हमारे नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह सोच है कि भारत में नारी शक्ति को उसके संपूर्ण अधिकार प्राप्त हो वह केवल मतदाता नहीं बल्कि भारत की भाग्य विधाता बने भारत के संसदीय कानून बनाने में उसका महत्वपूर्ण योगदान हो जहां अन्य सरकारों ने इस मुद्दे पर केवल राजनीति की है भाजपा ने इस धरातल पर उतार कर मातृशक्ति को शक्तिशाली बनाने का काम किया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के कारागार राज्य मंत्री हरगांव विधायक सुरेश राही उपस्थित रहे उन्होंने अपने उद्बोधन में बाबा साहेब के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनके संघर्षों और सफल जीवन के मूल्यों के विषय में भी उपस्थित कार्यकर्ताओं को बताया। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब के आदर्शों पर आज हमारी सरकार चल रही है और उनके सपनों को पूरा कर रही है। अपने उद्बोधन में पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्र ने बताया की बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर संपूर्ण भारत वर्ष के लिए सम्मानित है और पूज्य है उनके गौरवपूर्ण योगदान से आज हमारा संविधान दुनिया का सबसे सुंदर एवं न्यायपूर्ण व समतायुक्त संविधान बना है आज उनके तमाम सपनों पर भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व राज्य सरकारें कार्य कर रही हैं और सब को शिक्षा एवं सामानता प्रदान करने का कार्य कर रही। उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा बाबा साहब के सम्मान में बनाए गए पंच तीर्थ का विस्तार से वर्णन किया उन्होंने आए हुए सभी लोगों से बाबा साहब को अपने आदर्शों में बसाने का आवाहन भी किया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री विपुल सिंह, विधानसभा प्रभारी सचिन मिश्रा, जिला मंत्री राम प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष तरुण शुक्ला, ब्लाक प्रमुख जगदीश प्रसाद, संजय सिंह, मिथिलेश यादव, महामंत्री सुमन मिश्र, मंडल कोषाध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह चौहान, प्रधान पंकज शुक्ल, महामंत्री गौरव शुक्ल, सुबोध मिश्रा, रजनीश श्रीवास्तव, राजीव सिंह भदौरिया, पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं समर्थक भारी संख्या में उपस्थित रहे।।

## निर्धारित पोर्टल पर समय से वांछित डाटा पूरी शुद्धता के साथ भरा जायेः डीएम

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बुधवार को मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यों का अनुश्रवण एवं सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित समस्त विभागों के अधिकारी अपने विभाग की समस्त योजनाओं का नियमित रूप से अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित पोर्टल पर समय से वांछित डाटा पूरी शुद्धता के साथ भरा जाये। लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी स्वयं मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल पर निगरानी रखें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। फैमिली आई0डी0 की प्रगति में सुधार के निर्देश के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि कृषि, विकास आदि विभागों से समन्वय स्थापित करते हुये अधिक से अधिक पात्रों की फैमिली आई0डी0 जारी करायी जाये। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति में सुधार के निर्देश देते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि इसकी नियमित रूप से समीक्षाा की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति में सुधार हेतु समुचित कार्यवाही की जाये। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से संबंधित समस्त रिकार्ड अद्यतन रखे जायें। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए तय समय सीमा में कार्य पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारी निर्माण कार्यों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम के निर्देश पर प्रधान के अधिकार सीज, 15 दिन में जांच रिपोर्ट तलब

- **खाद गड्ढों के विवाद में उग्र भीड़ के हमले के बाद प्रशासन अलर्ट प्रधान की भूमिका संदिग्ध मिलने पर बड़ी कार्रवाई**

लखीमपुर खीरी। बांकेगंज विकास खण्ड के ग्राम पंचायत ग्रन्ट नम्बर-10 में खाद के गड्ढों पर अवैध कब्जे को लेकर उपजे विवाद के बाद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कड़ा रुख अपनाया है। 14 अप्रैल को हुए घटनाक्रम में उग्र भीड़ द्वारा पुलिस एवं प्रशासनिक टीम पर हमला किए जाने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में ग्राम प्रधान की भूमिका संदिग्ध पाई गई है।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर की गई प्रारंभिक जांच में सामने आया कि ग्राम पंचायत स्तर पर भूमि प्रबंधन संबंधी जिम्मेदारियों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरती गई। प्रधान को नोटिस जारी कर पक्ष रखने का अवसर दिया गया, लेकिन निर्धारित समय में कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। उप जिलाधिकारी, गोला द्वारा प्रेषित आख्या में भी घटना में प्रधान श्रीमती विजय लक्ष्मी की संलिप्तता के संकेत मिले हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 95(1)(छ) के अंतर्गत प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिए गए हैं।

### तीन सदस्यीय समिति संभालेगी कार्यभार

डीएम ने बीडीओ बांकेगंज को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत के कार्यों के संचालन हेतु तीन सदस्यों की समिति गठित करने का प्रस्ताव शीघ्र भेजा जाए, जिससे प्रशासनिक कार्य बाधित न हों।

### 15 दिन में पूरी होगी विस्तृत जांच

प्रकरण की विस्तृत जांच के लिए डीएम ने अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) को जांच अधिकारी नामित किया गया है। उन्हें 15 दिन के भीतर साक्ष्यों सहित अंतिम आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, भूमि संबंधी तथ्यों के परीक्षण के लिए तहसीलदार सदर को भी जांच में सहयोग करने को कहा गया है।

## बीडीओ ने टीकाकरण अभियान का किया औचक निरीक्षण



परसेण्डी (सीतापुर)। विकास क्षेत्र परसेंडी के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र राही में टीकाकरण अभियान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं के विषय में लाभार्थियों से जानकारी प्राप्त की एवं शीला सिंह एएनएम सरिता, सीएचओ मीना आशा से टीकाकरण के विषय में जानकारी प्राप्त की। टीकाकरण अभियान में मुख्य रूप से प्रधान प्रतिनिधि एवं प्रकाश शुक्ला राही, कल्पना त्रिवेदी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, रामदेवी सहायिका सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम आधारित सीतापुर विधानसभा सम्मेलन आयोजित



सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा घोषित अभियानों को लेकर सक्रियता से कार्य कर रही है। इसी क्रम में सीतापुर विधानसभा के खैराबाद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संबंध में विधानसभा सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के नगर विकास राज्यमंत्री एवं सदर विधायक राकेश राठौर (गुरु) तथा अध्यक्ष के रूप में जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि राकेश राठौर (गुरु) ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 लेकर आई है। जिसके अंतर्गत महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे निश्चित रूप से महिला सशक्तिकरण को बल मिलेगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर ने केंद्र सरकार की इस पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा का लक्ष्य है कि नारी शक्ति को उसके पूर्ण अधिकार प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि महिलाएं केवल मतदाता ही नहीं। बल्कि देश की भाग्यविधाता बनें और नीति निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने यह भी कहा कि जहां अन्य दलों ने इस विषय पर केवल राजनीति की। वहीं भाजपा ने इसे धरातल पर उतारकर मातृशक्ति को सशक्त बनाया है। कार्यक्रम को जिला महामंत्री पटेल रेखा वर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष कंचन प्रभा पांडेय, इंदु सिंह, कुसुम सिंह आदि ने भी संबोधित किया। इसी क्रम में महोली विधानसभा में अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के कारागार राज्यमंत्री एवं हरगांव विधायक सुरेश राही उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज सरकार बाबा साहब के आदर्शों पर चल रही है और उनके सपनों को साकार करने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष सचिन मिश्रा, तरुण शुक्ला, विपुल प्रताप सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा बाबा साहब के सम्मान में स्थापित पंच तीर्थ का भी उल्लेख किया और उपस्थित जनसमूह से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## वैश्य समाज की बैठक में संगठन विस्तार



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। वैश्य समाज उत्तर प्रदेश संगठन की बैठक नगर के एक गेस्ट हाउस में आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार के साथ आगामी व्यापारी सम्मेलन को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष युवा आदित्य गुप्ता ने की। जिला उपाध्यक्ष अनूप गुप्ता ने 22 अप्रैल को जनपद मुख्यालय पर प्रस्तावित वैश्य व्यापारी सम्मेलन को लेकर कार्ययोजना प्रस्तुत की और अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस दौरान संगठन का विस्तार करते हुए कई पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। सुमित गुप्ता को नगर अध्यक्ष युवा, सुमित कुमार गुप्ता को नगर महामंत्री, सुधीर गुप्ता को नगर कोषाध्यक्ष, रामजी गुप्ता को नगर संगठन मंत्री, प्रमोद गुप्ता को नगर मीडिया प्रभारी, अखिलेश जायसवाल, शिवम गुप्ता और संतोष गुप्ता को नगर उपाध्यक्ष बनाया गया। सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को माला पहनाकर मनोनयन पत्र दिए गए। नवमनोनीत नगर अध्यक्ष युवा सुमित गुप्ता ने कहा कि उनकी टीम संगठन के नियमों का पालन करते हुए वैश्य समाज की एकजुटता और उत्थान के लिए कार्य करेगी।

**कार्यालय जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी, बाराबंकी**

**संख्या 51/आबकारी दुकान /व्यवस्थापन /2026-27/ जि.आ.अ./बाराबंकी,** **दिनांक : 16.04.2026**

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 हेतु नवीनीकरण, ई-लाटरी के प्रथम व द्वितीय चरण के पश्चात जनपद बाराबंकी में नवसृजित देशी शराब की 04 व कम्पोजिट शॉप्स की 03 फुटकर दुकानों का ई-लाटरी के तृतीय चरण की प्रक्रिया से व्यवस्थापन हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 17.04.2026 को मध्यान्ह 12.00 बजे से दिनांक 20.04.2026 को सायं 05.00 बजे तक ई-लाटरी पोर्टल https://exciseelotteryup.upsdc.gov.in पर आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदनों का परीक्षण करने के उपरान्त दिनांक 23.04.2026 को प्रातः 11.00 बजे से समाप्ति तक गांधी सभागार (डी.आर.डी.पी.) बाराबंकी में ई-लाटरी की प्रक्रिया सम्पन्न की जायेगी। दुकानों का विवरण निम्नवत है :-

**देशी शराब**- 1. ग्राम पंचायत टिकरहुआ, 2. ग्राम पंचायत सराय गोपी, 3. ग्राम पंचायत अचकामऊ, 4. ग्राम पंचायत अगासण्ड। **कम्पोजिट दुकान**- 1. ग्राम पंचायत सराय गोपी, 2. उमरी भिरिया चौराहा 3. ग्राम पंचायत महमूदपुर ।

आवेदकों द्वारा आबकारी नीति की विस्तृत जानकारी आबकारी विभाग की वेबसाइट ई-लाटरी पोर्टल पर एवं उपरोक्त दुकान के व्यवस्थापन हेतु आवश्यक सूचना जनपद बाराबंकी की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। उक्त व्यवस्थापन के संबंध में अन्य जानकारी हेतु कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी से सम्पर्क किया जा सकता है।

**(शशांक त्रिपाठी)**
**जिला आबकारी अधिकारी**
**बाराबंकी**

**(कुलदीप दिनकर)**
**जिलाधिकारी**
**बाराबंकी**

संक्षेप

## आग से चार सौ बोझ गेहूं जलकर राख

**जौनपुर।** सदर तहसील क्षेत्र के सिरकोनी विकास खण्ड के परियावा गांव में बुधवार की रात को आग से 400 बोझ गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों ने किसी प्रकार आग पर काबू पाया। उक्त गांव निवासी प्रेमशंकर सिंह के खेत मे गेहू की फसल काटकर रखी हुई थी रात को करीब 10 बजे गेहू के बोझ मे आग की लपटें निकलने लगी यह देख गांव के लोग भाग कर खेत मे पहुंचे। लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया गेहू की फसल जलकर राख हो गयी घटना से किसान के। परिवार हाहाकार मच गया। किसान के परिवार के लोगों की माने तो जहां पर गेहू की फसल रखी हुई थी वहां पर विद्युत तार भी नही था। जिससे शॉर्टसर्किट से आग लगने की बात हो। किसी व्यक्ति ने दुश्मनी के कारण गेहं के बोझ में आग लगाया है।

## आंबेडकर प्रतिमा खंडित किए जाने से चक्का जाम

**जौनपुर।** केराकत थाना क्षेत्र के कुसरना बकुलिया गांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा खंडित कर दी गई है। यह घटना 15 अप्रैल की रात को हुई, जिसका पता गुरुवार सुबह चला। इस घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रतिमा की आंख के ऊपरी हिस्से को क्षतिग्रस्त किया गया है। चैकाने वाली बात यह है कि प्रतिमा स्थल के ठीक सामने एक पुलिस चैकी भी स्थित है। इसके बावजूद असामाजिक तत्वों ने इस वारदात को अंजाम दिया। इस घटना के विरोध में ग्रामीणों ने केराकत से खुज्जी मोड़ मार्ग पर एक घंटे तक चक्काजाम कर दिया। इसके कारण करीब एक किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थानीय लोगों के अनुसार, जनपद में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमाओं को खंडित करने की ऐसी घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, जिससे असामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ा है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## पोल के सहारे लटका मिला युवक का शव

मड़िहान, मीरजापुर। मड़िहान थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कलवारी स्थित सब्जी मंडी के पीछे गुरुवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में हाई डिस्टेंस टावर पोल के सहारे लटकता हुआ मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान बल्ली पुत्र रामपोस, निवासी अमदहा कलवारी माफी के रूप में हुई है। सुबह ग्रामीणों ने शव को लटका देखा तो मौके पर भारी भीड़ जुट गई और घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को संदिग्ध मानते हुए हर पहलू से जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## दो महीने तक दीवानी न्यायालय सवेरे से

**जौनपुर।** जनपद न्यायधीश सुशील कुमार शशि ने अवगत कराया है कि उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में एवं अधिवक्ता संघ के सहमति अनुरोध पर माह मई व जून में न्यायालय के खुलने व कार्य होने की दशा में जनपद में जनपद न्यायालय जौनपुर के न्यायालयो एवं कार्यालयों का समय निर्धारित किया है। न्यायालय का समय प्रातः 7 से अपराह्न1 बजे तक जिसके मध्य 10:30 से 11 बजे तक लंच का समय होगा। कार्यालय का समय प्रातः 6:30 से अपराह्न 1:30 बजे तक जिसके मध्य 10:30 से 11 बजे तक लंच का समय होगा।

# फसल क्षति की क्षतिपूर्ति अधिकतम 10 कार्य दिवस में उपलब्ध करायें

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई।



बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स कंपनी के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि किसानों को फसल क्षति की क्षतिपूर्ति अधिकतम 10 कार्य दिवस के भीतर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पात्रता की श्रेणी में आने वाले प्रत्येक किसान को समयबद्ध तरीके से मुआवजा सुनिश्चित किया जाए।

उप कृषि निदेशक, सोनभद्र ने जानकारी दी कि खरीफ वर्ष 2025 में जनपद के 19,080 किसानों ने फसल बीमा कराया था। इसके अंतर्गत व्यक्तिगत एवं क्रॉप कटिंग के आधार पर 6,425 किसानों को कुल 826.98 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति राशि हस्तांतरित की जा चुकी है। शेष 151.00 लाख रुपये की धनराशि आधार आधारित प्रक्रिया के कारण लंबित है, जो प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि खरीफ 2025 में असामयिक वर्षा एवं ओलावृष्टि के कारण कुल 11,483 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 8,432 आवेदन पात्र पाए गए और उनका भुगतान किया गया, जबकि 3,051 आवेदन अपात्रता के कारण निरस्त किए गए। जिलाधिकारी ने बीमा कंपनी से किसानों के लिए शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया की जानकारी ली। इस पर बताया गया कि किसान व्यक्तिगत क्षति की स्थिति में भारत सरकार के टोल फ्री नंबर 14447 पर 72 घंटे के भीतर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

जिलाधिकारी ने लंबित दावों के सर्वे में देरी पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया कि यदि समय पर सर्वे नहीं किया गया, तो सभी 4,764 लंबित दावों का भुगतान किसानों को सुनिश्चित किया जाए। बैठक में यह भी बताया गया कि खरीफ 2024 की तुलना में खरीफ 2025 में 5,000 से अधिक अतिरिक्त किसानों ने बीमा कराया है। जिलाधिकारी ने अग्रणी जिला प्रबंधक, इंडियन बैंक को निर्देश दिया कि खरीफ 2026 में अधिक से अधिक केसीसी धारक किसानों का बीमा कराया जाए तथा उनका डाटा प्रधानमंत्री फसल बीमा पोर्टल पर समय से अपलोड किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि समय पर डाटा फीडिंग न होने पर संबंधित बैंक जिम्मेदार होगा। जिलाधिकारी ने बीमा कंपनी को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत स्तर पर किसान पाठशालाओं, पंपलेट वितरण, बाइक रैली आदि के माध्यम से योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान योजना का लाभ उठा सकें।

# डीएम ने मिलेट्स प्रोसेसिंग यूनिट का किया उद्घाटन



सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के पन्नूगंज क्षेत्र के मझिगावा में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत स्थापित मिलेट्स (मोटा अनाज) प्रोसेसिंग यूनिट का उद्घाटन जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला उद्यान अधिकारी मेवाराम ने किया। उक्त यूनिट का स्थापना कार्य स्थानीय उद्यमी प्रदीप कुमार गुप्ता द्वारा किया गया है, जिसके लिए बैंक से 13.00 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ तथा योजना के अंतर्गत 35 प्रतिशत अनुदान (सब्सिडी) भी प्रदान किया गया।

श्री सिंह ने कहा कि यह यूनिट जनपद की पहली नवाचार आधारित मिलेट्स प्रोसेसिंग इकाई है, जिसमें लगभग 92 प्रकार के मोटे अनाजों की प्रोसेसिंग की क्षमता है। उद्घाटन के दौरान कोदो, सावां एवं चिरौंजी जैसे उत्पादों का ट्रायल भी सफलतापूर्वक प्रस्तुत किया गया। कहा कि इस प्रकार की इकाइयों से किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने बताया कि सोनभद्र जनपद मोटे अनाज उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है और इस पहल से किसानों को सीधा लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी, अधिशासी अभियंता (पी.डब्ल्यू.डी) सहित अन्य अधिकारीगण एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

# शशिकांत बने उत्तर मध्य क्षेत्र के वाइस प्रेसीडेंट



**जौनपुर।** एलआइसी के डेवलपमेंट आफिसर्स के उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड राज्य के संगठन की आम सभा आगरा में आयोजित की गई। इसमे मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रहे। कार्यक्रम में दोनों प्रदेश के 220 प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से उत्तर मध्य क्षेत्र के वाइस प्रेसीडेंट के लिए जौनपुर के डेवलपमेंट आफिसर शशिकांत सिंह का निर्वाचन किया। जनपद पहुंचने पर उमरपुर स्थित मुख्य शाखा में जिले व वाराणसी मंडल की विभिन्न शाखाओं के डेवलपमेंट आफिसर्स ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। शशिकांत सिंह ने कहा कि सदस्यों के हित व उनके कार्य को सुगम बनाने के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे। संचालन प्रदीप चैधरी व आभार एनबी सिंह ने जताया। मंडलीय संरक्षक एनपी सिंह, सह सचिव बालेश्वर प्रसाद, वी के त्रिपाठी , हितलाल, अजय कमार, अंबुज श्रीवास्तव व विजयेन्द्र सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## शादी करने पर जान से मारने की धमकी

**जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम तारा निवासिनी रीता देवी पत्नी अनिल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री मीनू की सगाई आजमगढ़ के करिया गोपालपुर निवासी अमन कुमार के साथ तय हुई है, जिसकी शादी आगामी 14 जून 2026 को होनी है ? लेकिन गांव के ही मुकेश कुमार व विजय पुत्रगण रामबली और रामबली पुत्र धनई इस शादी में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। आरोप है कि मुकेश कुमार ने होने वाले दामाद अमन को फोन कर धमकी दी कि यदि उसने वहां शादी की तो उसे जान से मार दिया जाएगा। आरोपी लगातार फोन पर दूल्हे को डरा रहे हैं, जिससे पीड़ित परिवार अपनी बेटी के भविष्य को लेकर अत्यंत चिंतित है। रीता देवी ने बताया कि वह शादी से पूर्व की रस्मों जैसे गोद भराई और बर्छा में करीब 5 लाख रुपये खर्च कर चुकी हैं। यदि आरोपियों की वजह से यह शादी टूटती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी इन्हीं विपक्षियों की होग। थाना गौराबादशाहपुर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए 15 अप्रैल 2026 को आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव के नेतृत्व में मामले की जांच उपनिरीक्षक बीरेन्द्र प्रसाद को सौंपी गई है ।

## 7 के विरुद्ध 10.89 लाख हड़पने का आरोप, केस दर्ज

**आजमगढ़।** जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र में बैंकिंग क्षेत्र से जुड़ा एक बड़ा धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। भारत फाइनेंसियल इंक्लूजन लिमिटेड (इंडसइंड बैंक की 100 सहायक संस्था) के सात पूर्व कर्मचारियों पर महिला ग्राहकों से ऋण की किश्तें और प्री-पेमेंट की रकम लेकर बैंक में जमा न कर हड़प लेने का आरोप लगा है। इस संबंध में शाखा प्रबंधक अमित तिवारी की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी कर्मचारी फील्ड कलेक्शन स्टाफ के रूप में कार्यरत थे और अलग-अलग क्षेत्रों में महिला समूहों से साप्ताहिक किस्त एवं अग्रिम भुगतान वसूलते थे, लेकिन उक्त धनराशि बैंक में जमा न कर स्वयं उपयोग में ले ली। आरोपियों में प्रमोद कुमार पाल, ठाकुर कुमार भारती, राजकुमार रमा, संजय यादव, प्रदीप कुमार यादव, चन्दन सरोज और आलोक कुमार दुबे शामिल हैं। आरोप है कि इन सभी ने मिलकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी की। इनमें ठाकुर कुमार भारती पर सबसे अधिक करीब 10.89 लाख रुपये हड़पने का आरोप है, जबकि अन्य कर्मचारियों द्वारा भी हजारों से लाखों रुपये तक की धनराशि गबन की गई है। शाखा प्रबंधक के अनुसार इस फजीवाड़े का खुलासा कंपनी की ऑडिट टीम द्वारा फील्ड वेरिफिकेशन के दौरान हुआ। जांच में स्पष्ट हुआ कि संबंधित कर्मचारी ग्राहकों से पैसा लेने के बाद उसे बैंक में जमा नहीं कर रहे थे और बाद में फरार हो गए। काफी प्रयास के बावजूद जब आरोपियों ने रकम वापस नहीं की, तब मामले में कानूनी कार्रवाई के लिए कोतवाली थाना में तहरीर दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित की गई है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# लम्बित प्रकरणों को समय से निपटायें

मीरजापुर। प्रदेश के राज्य सूचना आयोग श्रीमती शकुन्तला गौतम (सेवानिवृत्त आईएएस) ने जनपद भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में जन सूचना अधिकारियों, प्रथम अपीलीय जन सूचना अधिकारियो के साथ बैठक कर सूचना के लिए भटक रहे लोगों को ससमय सूचना उपलब्ध कराने के दृष्टिगत विभागवार लम्बित मामलो की समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी व्यक्ति के द्वारा जन सूचना अधिकार के तहत सूचना मांगे जाने पर तीस दिवस के अन्दर मांगी गई सूचना का उत्तर प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि यदि सूचना सम्बन्धित विभाग से सम्बन्धित न हो तो ऐसी दशा में पांच दिवस के अन्दर शिकायतकर्ता को यह बताते हुए कि मांगी गई इस विभाग से सम्बन्धित नही है तथा जिस विभाग से है उस विभाग से सूचना मांगने हेतु शिकायतकर्ता को वापस कर दिया जाए यदि शिकायतकर्ता का आवेदन पांच दिवस में वापस नही किया जाता है तो प्राप्तकर्ता अधिकारी सम्बन्धित विभाग से सूचना मगाते हुए शिकायतकर्ता को सूचना उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बैठक में राज्य सूचना आयोग के धारा-7, धारा-8, धारा-9, 18 सहित अन्य धाराओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जन सूचना अधिकारी, नोडल अधिकारी नियमावली में उल्लिखित धाराओं को भली भांति अध्यनन कर लें, ताकि किस विषय पर सूचना देना है अथवा किस विषय पर सूचना नहीं देना है। इसकी जानकारी अवश्य रखें। उन्होंने विभागवार लम्बित मामलों की जानकारी लेते हुए निस्तारण के लिए बनाए गए नियमों की विस्तृत जानकारी दी। राजस्व व स्वास्थ्य विभाग में अधिक लम्बित शिकायतो को प्राथमिकता पर निस्तारण कराने का निर्देश देते हुए समय पर सम्बन्धित को सूचना उपलब्ध करा दिया जाए कि ताकि राज्य सूचना आयोग में जाने की स्थिति ही उत्पन्न हों। उन्होंने सभी जिला स्तरीय व जन सूचना अधिकारियो की पोर्टल पर लागिन बनवाने तथा हर प्रत्येक माह जन सूचना के तहत की गई अपील, शिकायतों की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जन सूचना अधिकारी जन सूचना अधिकारी का रजिस्ट्रेशन व केश नम्बर अवश्य चेक कर ले। राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि ससमय उपलब्ध सूचना न कराने तथा हीलाहवाली करने पर सम्बन्धित के विरूद्ध आयोग के द्वारा अर्थदण्ड लगाने की कार्यवाही करते हुए विभागीय कार्यवाही हेतु भी संस्तुति की जाएगी।

# सेमफोर्ड स्कूल में मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान 10वीं बोर्ड में किया शानदार प्रदर्शन

मीरजापुर। सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परिणाम में सेमफोर्ड स्कूल, मीरजापुर के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर 16 अप्रैल 2026 को विद्यालय परिसर में प्रेसवार्ता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सफल छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों को पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया विद्यालय के कुल 83 विद्यार्थियों में से 12 मेधावी छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की।



कीर्ति पाण्डेय ने 96.2% अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयुष मिश्रा (94.4%) दूसरे, आयुष सेठ (93.8%) तीसरे और आर्यन (92.6%) चौथे स्थान पर रहे। वहीं आरव सोनकर (92.4%), दीपक यादव (92.2%), विवान यादव एवं शुभम गुप्ता (91.8%), आर्यन सिंह (91.6%), हिमांशु मिश्रा एवं खुशी पाण्डेय (90.8%) तथा प्रियांशी सिंह (90%) ने भी शानदार प्रदर्शन किया विषयवार प्रदर्शन में भी छात्रों ने उत्कृष्टता दिखाई। हिन्दी में आर्या तिवारी (98), अंग्रेजी में आयुष सेठ (97), गणित में कीर्ति पाण्डेय (94), विज्ञान में आयुष मिश्रा एवं कीर्ति पाण्डेय (96-96), सामाजिक विज्ञान में आयुष मिश्रा व दीपक यादव (98-98), कम्प्यूटर में आर्यन (98) तथा पेंटिंग में खुशी पाण्डेय, एंजल सेन, कीर्ति पाण्डेय व प्रियांशी सिंह ने 100 में 100 अंक हासिल किये इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के डायरेक्टर विवेक बरनवाल एवं श्रीमती शिप्रा बरनवाल ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं प्रधानाचार्य संतोष कुमार सिंह एवं नटवा शाखा की प्रधानाचार्या श्वेता मेहरोत्रा खत्री ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके परिश्रम की सराहना की। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व स्टाफ ने उपस्थित होकर बच्चों को आशीर्वाद दिया और उनकी सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

# स्कूल में संस्थापक की प्रतिमा का अनावरण



**जौनपुर।** शहर के हुसैनाबाद स्थित वेद कॉन्वेंट स्कूल परिसर में विद्यालय के संस्थापक एवं वालीबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ी वेद प्रकाश श्रीवास्तव ह्यबमबमह्ण की प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे और सभी ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश टंडन तथा विशिष्ट अतिथि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पूर्व अध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रतिमा का अनावरण कर महान व्यक्तित्व को याद किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्व. वेद प्रकाश श्रीवास्तव ह्यबमबमह्ण ने शिक्षा और खेलकूदोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया। एक ओर उन्होंने विद्यालय की स्थापना कर शिक्षा का दीप जलाया, वहीं दूसरी ओर वालीबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में जनपद का नाम रोशन किया। मुख्य अतिथि दिनेश टंडन ने कहा कि ऐसे व्यक्तित्व विरले होते हैं, जो समाज के लिए प्रेरणा बन जाते हैं। उनकी जीवन यात्रा संघर्ष, समर्पण और उपलब्धियों से भरी रही, जिससे नई पीढ़ी को सीख लेनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि राकेश श्रीवास्तव ने भी उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि वेद प्रकाश बमबम का जीवन युवाओं के लिए मार्गदर्शक है और उनकी स्मृति सदैव समाज को प्रेरित करती रहेगी। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत से हुई, जिसमें विद्यालय के प्रबंधक पवन प्रकाश श्रीवास्तव एवं रतन प्रकाश श्रीवास्तव ने माल्यार्पण कर अतिथियों का अभिनंदन किया। अमित श्रीवास्तव, कमल जी मिश्रा, सुनील मिश्रा, संजय मिश्रा सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र सम्मानित

**आजमगढ़।** जनपद के जहानागंज क्षेत्र स्थित एसकेडी विद्या मंदिर, धनहुआं का सत्र 2025-26 के हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित होने पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय से संचालित इस विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रथम स्थान पर अन्वेशा पांडेय ने 471 अंक (94.2) प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। द्वितीय स्थान पर अंशिका यादव ने 468 अंक (93.6) प्राप्त किए। तृतीय स्थान पर शिवम शर्मा ने 456 अंक (91.2) प्राप्त किए। इसी क्रम में आदित्य राय ने 456 अंक (91.2) प्राप्त किए। आदित्य चैहान ने 452 अंक (90.4) प्राप्त किए। वैष्णवी सिंह ने 450 अंक (90) प्राप्त किए। इसके साथ ही अदिति यादव - 448 अंक (89.6), राजनाथ सिंह - 448 अंक (89.6), अंकित यादव 446 अंक (89.2), सार्थक यादव 445 अंक (89), अभिनव यादव 444 अंक (88.8), पियूष यादव 444 अंक (88.8), प्राप्त किया।

विद्यालय के संस्थापक विजय बहादुर सिंह ने हाईस्कूल परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और समर्पण से यह उत्कृष्ट सफलता अर्जित की है। यह परिणाम न केवल छात्रों की लगन का प्रमाण है, बल्कि हमारे समर्पित शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का भी फल है। उन्होंने कहा कि एसकेडी विद्या मंदिर सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रिंसिपल के के शरन, श्रीकांत सिंह सहित विद्यालय परिवार के सभी अध्यापक मौजूद रहे।

## अनुष्का सिंह को सीबीएसई 10 वीं में 95.5% अंक

**जौनपुर।** बक्शा क्षेत्र के विषेशरपुर (साईनाथ) गांव निवासी अनिल कुमार सिंह मुन्ना (अध्यापक) की पुत्री अनुष्का सिंह ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में 95.5 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। एम यू एस पब्लिक स्कूल, लखौवां के छात्रा अनुष्का सिंह ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से विद्यालय और अपने माता-पिता सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने लगभग हर विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अनुष्का सिंह ने सभी विषयों में अच्छा अंक प्राप्त कर अपनी अद्भुत क्षमता का प्रदर्शन किया। इस शानदार सफलता पर विद्यालय शिक्षक और माता पिता क्षेत्र के लोगों ने अनुष्का सिंह का माल्यार्पण कर और मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया। अध्यापक अनिल कुमार सिंह, कुलदीप सिंह, शुशील सिंह, पंकज विश्वकर्मा, लल्लू सिंह, सहित क्षेत्र के कई अन्य लोगों ने भी अनुष्का सिंह और उनके परिवार को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं।



## डॉ. आंबेडकर का जीवन शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय को रहा समर्पित



**आजमगढ़।** प्रयास सामाजिक संगठन द्वारा महाराजगंज ब्लॉक के देवारा जदीद मे स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर शिक्षण संस्थान के सभागार में डा अंबेडकर जयंती सेवा कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह के रूप में मनाया। इस मौके पर आर्थिक रूप से कमजोर विद्यालय के बच्चों को अध्ययन हेतु टीन शेड का निर्माण कराया गया। वहीं विद्यालय के बच्चों को बैग, कॉपी, पेन, पेंसिल सहित आवश्यक शैक्षिक सामग्री का भी वितरण किया गया। साथ ही साथ निःस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे सामाजिक कार्यकताओं एवं प्रतिभाशाली व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर प्रयास सामाजिक संगठन के अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहा कि संविधान शिल्पी डॉ. अंबेडकर का पूरा जीवन शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। उनका सपना था कि समाज का हर वर्ग शिक्षित और सशक्त बने। उसी विचार को आगे बढ़ाते हुए हमारी संस्था ने इस विद्यालय में टीन शेड की व्यवस्था कर बच्चों को बेहतर वातावरण देने का प्रयास किया है। आगे भी प्रयास सामाजिक संगठन शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में निःस्वार्थ भाव से कार्य करता रहेगा। विद्यालय के प्रबंधक ने कहा कि जब तक समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिलेगी, तब तक सच्चे अर्थों में विकास संभव नहीं है। बच्चों को शैक्षिक सामग्री वितरित कर प्रयास संस्था ने बच्चों के अंदर शिक्षा के प्रति उत्साह जगाने का नेक प्रयास किया है। इस अवसर पर हरीकेश यादव, रामचंद्र निषाद, हरेंद्र यादव, इंजी सुनील यादव, अमित यादव, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम से लोकतंत्र होगा मजबूत



**जौनपुर।** भाजपा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भाजपा कार्यालय पर विधानसभा स्तरीय नारी सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृहराज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और राजनीतिक भागीदारी को सशक्त बनाने के प्रति जागरूकता फैलाना था। भाजपा ने महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए लगातार काम किया है। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख किया, जिन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनमें उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना व मातृत्व वंदना योजना जैसी पहलें शामिल हैं, जो महिलाओं के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध हुई हैं। पीएम ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर एक विशेष सत्र बुलाया है। यह कदम महिला सशक्तीकरण के प्रति सरकार की गंभीरता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम से महिलाओं को विधायिका में उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा, जिससे लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा। इस मौके पर शशि मौर्य, सीमा प्रजापति, आशा प्रमिला समेत सैकड़ों महिला शक्ति उपस्थित रही।

# पर्यावरण के साथ जल संरक्षण पर चला बुलडोजर, क्षेत्र में आक्रोश

मड़िहान, मीरजापुर। तहसील क्षेत्र के ददरी स्थित अदानी ग्रुप के निमार्णाधीन मेगा पॉवर प्लांट निमार्ताओं द्वारा सिंचाई विभाग व वन विभाग से बिना अनुमति पत्र लिए बिना ही पर्यावरण के साथ जल संरक्षण पर बुल्डोजर चलाया जा रहा है, ग्रामीणों के साथ क्षेत्रीय नेतागण द्वारा एकजुट होकर विरोध किया जा रहा है।




भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सोनू सिंह भृगुवंसी ने बताया कि ददरी में निमार्णाधीन मेगा पावर प्लांट हेतु बहुतायत मात्रा में खपत हो रही डीजल की बचत हेतु मड़िहान विद्युत उपकेंद्र से बिजली सप्लाई हेतु अंडर ग्राउंड तार बिछाने की व्यवस्था हेतु वन विभाग से बिना परमिशन लिए ही मिजार्पुर सोनभद्र सड़क किनारे जेसीवी से खुदाई कराते हुए सड़क किनारे के पेड़ पौधों को क्षति पहुचाई जा रही है। वहीं प्लांट के मोड़ से लगभग पांच किलोमीटर दूरी पर स्थित अपर खजूरी बांध तक पाइप लाइन बिछाने हेतु वन विभाग से 5 मीटर चौड़ाई में खुदाई औ? 135 जंगलिय पेड़ों के कटान की परमिशन ली गई है। परंतु मौके पर लगभग 10 मीटर चौड़ाई में खुदाई का काम कराया जा रहा है। जबकि लगभग दो सौ से ऊपर पेड़ो का कटान कराया जा चुका है। वहीं अपर खजूरी बांध की तलहटी में सिचाई विभाग से परमिशन लिए बगैर ही लंबे पैमाने पर खुदाई का काम हुआ है। जबकि कार्यदाई संस्था द्वारा सिचाई विभाग की जमीन पर अस्थाई निर्माण कराकर आफिस का भी संचालन किया जा रहा है। विभागीय लापरवाही के चलते वन संरक्षण, जल संचयन पर भीषण प्रहार किया गया है। क्षेत्र में चल रहे अवैध कार्य से ऑक्सीजन लेवल घटने के साथ साथ आने वाले समय में क्षेत्र में पानी की भीषण किल्लत के बादल अभी से मंडराने लगे है। मड़िहान वन क्षेत्राधिकारी डी.एस. नेगी ने बताया कि मिजार्पुर सोनभद्र मार्ग किनारे अदानी ग्रुप द्वारा बिजली सप्लाई हेतु खुदाई की जा रही थी। जानकारी होने पर कार्य रुकवा दिया गया है। सिंचाई विभाग अवर अभियंता गुलाब राजपूत ने बताया कि परमिशन नहीं होने पर अपर खजूरी बांध की तलहटी में हो रही खुदाई पर रोक लगा दिया गया है।

## ट्रक चालक की डूबने से मौत, क्षेत्र में मचा हड़कंप

सोनभद्र। गुरुवार को चोपन थाना क्षेत्र अंतर्गत छठ घाट के समीप सोननदी में एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां नहाने गये एक ट्रक चालक की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान जितेन्द्र कुमार (35 वर्ष) पुत्र रामेश्वर, निवासी चाचीबार, फतेहपुर सीकर (राजस्थान) के रूप में हुई है। वह पेशे से ट्रक चालक था और माल ढुलाई का कार्य करता था। बताया जा रहा है कि गुरुवार को उसका ट्रक मारकुंडी क्षेत्र में अचानक खराब हो गया था, जिसके चलते वह आवश्यक पार्ट्स खरीदने के लिए अपने दो साथियों के साथ चोपन के प्रीतनगर आया था।

संक्षेप

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत सुअर पालकों को किया गया जागरूक

**देवरिया।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत बैतालपुर विकास खंड के ग्राम उधोपुर, बटुलही, छितही बाजार एवं रनिहवां में सुअर पालन करने वाले पशुपालकों को जागरूक किया गया। पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी ने पम्पलेट वितरण कर पशुपालकों को बताया कि सुअर बाड़ों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए तथा आस-पास मल-मूत्र एकत्र न होने दिया जाए। उन्होंने बाड़ों एवं आस-पास के क्षेत्र में नियमित रूप से कीटाणुनाशक दवा का छिड़काव करने की सलाह दी। अभियान के दौरान सभी सुअर बाड़ों का सैनेटाइजेशन कराया गया और पशुओं को कृमि नाशक दवा भी उपलब्ध कराई गई। पशुपालकों को स्वाइन फीवर से बचाव के लिए समय से टीकाकरण कराने हेतु प्रेरित किया गया। पशुधन प्रसार अधिकारी ने बताया कि सुअर पालन का कार्य आबादी से दूर किया जाए, जिससे संचारी रोगों पर नियंत्रण में मदद मिलेगी।

# सीडीओ ने किया कई कार्यालयों का निरीक्षण

जिला संवाददाता



**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने गुरुवार को विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिस पर नाराजगी जताई गई।मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि सुबह

**● कई कर्मचारी गैरहाजिर मिले**

10:10 बजे विभिन्न अनुभागों की उपस्थिति पंजिकाओं की जांच की गई, जिसमें कई विभागों के कर्मचारी गैरहाजिर मिले।उपायुक्त, श्रम रोजगार कार्यालय में रितुदीप सिंह, देवेन्द्र प्रताप सिंह और मंजू कुशवाहा (अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी) अनुपस्थित रहे।

मत्स्य पालक विकास अभिकरण में रितेश कुमार शाही (मत्स्य निरीक्षक) गैरहाजिर पाए गए।सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता कार्यालय में रणविजय सिंह (सहायक आयुक्त), खुबलाल यादव (अपर सहायक अधिकारी), रणजीत कुमार सिंह (ग्राम सेवक, कृषि) और देवव्रत अभिजात (कनिष्ठ सहायक) अनुपस्थित रहे।लघु सिंचाई विभाग में अनिरुद्ध कुमार यादव (सहायक अभियंता) और अनिसुद्दीन अंसारी (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी) गैरहाजिर मिले।ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में सूर्यप्रकाश (अधिशासी अभियंता), दिनेश कुमार केसरवानी, राकेश कुमार सिंह (मुख्य लिपिक), सुधीर कुमार श्रीवास्तव, वीरेन्द्र नाथ, शम्भु शरण श्रीवास्तव (वरिष्ठ सहायक), मधुसूदन सिंह, उत्कर्ष पाण्डेय (प्रथम व द्वितीय), तारिक जमाल और बबलू सिंह (कनिष्ठ सहायक) अनुपस्थित पाए गए।जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में शैलेन्द्र कुमार गुप्ता (सीओ) अनुपस्थित रहे।जिला कृषि कार्यालय में उदय शंकर (जिला कृषि अधिकारी), अम्बरीश कुमार मिश्र (वरिष्ठ प्राविधिक सहायक), रमेश नारायण मल्ल, निर्भय नारायण सिंह (प्राविधिक सहायक), धर्मेन्द्र प्रसाद गुप्ता (लेखाकार), रामप्रकाश शुक्ल (वरिष्ठ सहायक), हरिकेश सिंह (कनिष्ठ सहायक), जयप्रकाश (वाहन चालक) और रामप्रवेश गोड़ (कृषि कर्मी) गैरहाजिर मिले।जिला पंचायत राज कार्यालय में रतन कुमार (जिला पंचायत राज अधिकारी), राजेश मणि त्रिपाठी, प्रियंका त्रिपाठी, विश्वरंजन प्रताप सिंह (डीसी), सुधांशु मिश्रा (एडीपीएम), संदीप कुमार सिंह (योजना सहायक), शांति देवी, मीरा देवी (पत्रवाहक), ब्रजनन्दन श्रीवास्तव और प्रशांत कुमार श्रीवास्तव (ग्राम पंचायत अधिकारी) अनुपस्थित पाए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन/मानदेय रोकने के निर्देश दिए हैं।साथ ही संबंधित विभागाध्यक्षों को स्पष्टीकरण लेकर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है।

## .जनगणना को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ

अयोध्या। अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) अमित कुमार भट्ट ने बताया कि जनपद में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के कार्य को बेहतर ढंग से सम्पन्न कराने हेतु तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।जनगणना हेतु तहसील स्तर, नगर निगम व समस्त नगर निकायों में कुल 16 चार्ज का गठन किया गया है।प्रथम चरण के जनगणना के कार्य हेतु कुल 4884 प्रगणक व सुपरवाईजर 838, कुल 5722 की ड्यूटी लगाई गयी है। उक्त प्रगणकों व सुपरवाईजरों के प्रशिक्षण हेतु चार्जवार बैच किएट किया गया है।जनगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 अप्रैल 2026 से 29 अप्रैल .2026 तक सम्पन्न कराया जाना है।गुरूवर को नगर निगम जोन-1 के 04 बैच (कुल 186 कार्मिक) व नगर निगम जोन-2 के 06 बैच (कुल 387 कार्मिक) राजकीय बालिका इण्टर कालेज तथा तहसील सदर के 10 बैच (कुल 423 कार्मिक) का राजकीय इण्टर कालेज में 03 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ है।

## बिजली चोरों के विरुद्ध चेकिंग अभियान जारी रहेगाः मनोज कुमार वर्मा



इटावा। विद्युत विभाग के द्वितीय एसडीओ मनोज कुमार वर्मा ने चार्ज संभालने के बाद आज हुई उनसे भेंटवार्ता के दौरान उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह अपने अपने बिलों का भुगतान समय से करते रहे जिससे उन्हें बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से मिल सके और आगे आने वाली परेशानियों से बच सके। एसडीओ मनोज कुमार वर्मा ने आगे कहा कि उपभोक्ता बिजली चोरी कतई न करें ऐसा करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।बिजली चोरी के खिलाफ बिजली चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।श्री वर्मा ने कहा कि विद्युत उपभोक्ता किसी भी तरह की कोई दिक्कत है तो वह सीधे हमारे आफिस आकर संपर्क करें या मेरे मोबाइल नं. 9412748816 पर फोन कर सकते है हम आपकी समस्या हल करने का पूरा प्रयास करूंगा।किसी विचैलिया के चक्कर में ना पड़े।विद्युत विभाग कर्मचारी आपसे पैस वगैरा की मांग करता है तो मुझे अवश्य सूचना मोबाइल पर दें।

## दलित के साथ की मारपीट



ऊसराहार, इटावा। खेत मे खडी फसल को चराने से दलित ने रोका तो दबंग बोले क्या कर लेगा. गांव मे अकेला घर है जिस दिन चाहेंगे गांव से बाहर निकाल देंगे। ऊसराहार थाना क्षेत्र के नंगला ढकाऊ मे रहने वाले योगेंद्र प्रताप जाटव के खेत मे खडी गेहू की फसल को दबंगई के जोर पर विकास यादव और बउआ यादव बकरियों से चरवाने लगे। जब खेत के किसान ने रोका तो उसे भी गांव से निकालने की धमकी दे डाली। नंगला ढकाऊ निवासी योगेन्द्र ने ऊसराहार थाने मे अभियोग दर्ज कराते हुए बताया 15 अप्रैल को उसके खेत मे इसी गांव के रहने वाले विकास यादव व बउआ यादव बकरियां चराने लगे।यह जानते हुए कि खेत मे गेहू की पकी फसल खडी हुई है इसके बाद भी वह फसल को नुकसान पहुचा रहे थे।जब उसे जानकारी मिली तो वह मौके पर पहुच गया और खेत मे खडी फसल मे बकरियां चराने से रोका तो वह जातिसूचक गालिया देते हुए बोले क्या कर लेगा, पूरे गांव मे अकेला घर है जब चाहेंगे तब गांव से भी निकाल देगे।योगेन्द्र ने बताया उसने दोनो लोगो से कहा हमने ऐसा क्या कहा जिससे आप नाराज होकर गांव से निकालने की बात करने लगे हैं।इतनी बात पर दोनो लोग आग बबूला हो गए और उसकी बुरी तरह मारपीट करने लगे।किसी तरह वह जान बचाकर मौके से भागा तो दोनो दंबग उसका पीछा करते हुए घर तक आ गए।उसके परिवार के लोगो को भी जातिसूचक गालिया देते हुए उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।योगेन्द्र ने बताया उक्त लोगो की दबंगई से उसका परिवार काफी भयभीत है।मारपीट मे उसे चोटे भी आई है।ऊसराहार पुलिस ने योगेन्द्र की तहरीर पर दलित एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर योगेन्द्र को इलाज के लिए भेजा।थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया पीडित की तहरीर पर मुकद्दमा दर्ज कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।

## पारिवारिक विवाद में महिला की हत्या, दो आरोपी हिरासत में

जिला संवाददाता

देवरिया/महुआडीह। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर बनहर में बीती रात पारिवारिक विवाद के दौरान हुई मारपीट ने हिंसक रूप ले लिया।जिसमें एक 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार,

**● तीसरे की तलाश तेज**

घटना रात करीब 10:30 बजे की है, जब दो सगे पट्टीदारों के परिवारों के बीच कहासुनी के दौरान गाली-गलौज और मारपीट होने लगी।

इसी दौरान आरोपित राज विश्वकर्मा और हरेराम विश्वकर्मा (पुत्र दिनेश विश्वकर्मा) ने रविता देवी (पत्नी उमेश विश्वकर्मा) के सिर पर कुदाल से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल अवस्था में परिजन उन्हें एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज देवरिया ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद गांव में शोक और तनाव का माहौल है। इस संबंध में मृतका के बेटे की तहरीर पर थाना महुआडीह में मुकदमा अपराध संख्या 83/2026, धारा 103(1), 115(2), 352, 3(5) बीएनएस के तहत राज विश्वकर्मा, हरेराम विश्वकर्मा व मोनी (पुत्री दिनेश) निवासी रामपुर बनहर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी सहित दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जबकि अन्य की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दबिश दी जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है।

क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई जारी है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सरस्वती विद्या मंदिर ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

जिला संवाददाता

देवरिया।जिले के शिक्षण संस्थानों में अपना विशिष्ट स्थान रखने वाले नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया ने इस बार की दसवीं बोर्ड परीक्षा में सफलता का नया किर्तिमान रच दिया है। विद्यालय के भैया शौर्य

**● तीस से अधिक छात्रों ने हासिल किया 90% से अधिक अंक**

बर्नवाल और ओम कुमार ने 96% से अधिक अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है तो तीस से अधिक छात्रों ने 90% से अधिक अंक लाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत रहा है। परीक्षा परिणाम आते ही विद्यालय परिवार में खुशी और उल्लास का माहौल बन गया। विद्यालय के उपप्रधानाचार्य श्री अखिलेश दीक्षित, वरिष्ठ आचार्य श्री जितेन्द्र मिश्र, हृदयलाल सिंह ने परीक्षा में सफल छात्रों को प्रधानाचार्य कार्यालय में माला पहनाकर स्वागत किया और मिष्ठान खिलाकर उनके बेहतर भविष्य की कामना की।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री मुन्नीलाल शर्मा और प्रबंधक श्री बैकुंठनाथ कुशवाहा जी ने सभी सफल छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए सफलता के नये सोपान हासिल करने की कामना की।इस अवसर पर सफल छात्रों के अभिभावक भी मौजूद रहे।

## रुद्रपुर के अथर्व त्रिपाठी ने 92 प्रतिशत अंक हासिल किया

उपनगर रूद्रपुर शिवाला वार्ड निवासी सुनील कुमार त्रिपाठी माता स्नेह लता और लगना देवी तारा कांत सीनियर सेकेंडरी स्कूल रानिहवा का छात्र अथर्व त्रिपाठी ने सीबीएसई परीक्षा में 92% अंक प्राप्त कर विद्यालय तथा परिवार का नाम रोशन किया है।उसकी सफलता पर शहर के लोगों ने बधाई दी है।अथर्व ने आगे कड़ी मेहनत कर नीट परीक्षा पास कर डॉक्टर बनने की इच्छा बताई। अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता शिक्षकों ,सेवानिवृत शिक्षिका दादी प्रभावती देवी का निरंतर मार्गदर्शन बताया। उसकी सफलता पर बड़े पापा स्वामी कार्तिकेय तिवारी ,अनिल त्रिपाठी, डॉ धनंजय पटवा ,डॉक्टर अनुज श्रीवास्तव आदि ने बधाई दी है।

## छात्रों का तिलक लगाकर किया स्वागत

भटनी (देवरिया) स्थानीय नगर पंचायत के हरिकीर्तन मुहल्ला स्थित के के पब्लिक स्कूल के 10के छात्र सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10वीं की परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है । विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों में उत्साह देखने को मिला।

परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में सफल विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियो को तिलक लगाकर छात्रो का उत्साहवर्धन किया

नगर के हरिकीर्तन मुहल्ला स्थित के के पब्लिक एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 10 वी के छात्र अपने प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है ।सफल छात्रो में पिंकी सिंह 90,4 ?त्रृतिका राय 90 ?आकांक्षा यादव 89%अर्पिता प्रजापति 89%तृप्ति गिरी 85 .8%%अंकिता यादव 86% आयुष यादव 85.8% प्राप्त कर विद्यालय का सम्मान बढाया है ।इनकी इस उपलब्धि पर स्कुल के कार्यकारी निदेशक अजय वर्मा एवं प्रबन्धक बी के श्रीवास्तव ने सभी सफल छात्रों के मंगलमय भविष्य की कामनाओं के साथ शुभकामना व्यक्त किया है ।इसी क्रम में भटनी क्षेत्र के ग्राम घाँटी बाजार निवासी सी बी एस सी वोर्ड की परीक्षा में आयुष कुशवाहा पुत्र विजय कुशवाहा एकेडमिक ग्लोबल स्कूल जंगल धुसड गोरखपुर के छात्र 92.80%अंक प्राप्त कर ग्रामीण प्रतिभा का परचम लहराकर अपने गाँव का नाम रोशन किया है ।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम सम्मलेन का आयोजन




इटावा। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के द्वारा प्रदेश की समस्त 403 विधानसभाओं में नारी शक्ति वंदन अधिनियम सम्मलेन का आयोजन किया जा रहा हैं। इन सम्मेलनों में महिला प्रतिनिधि, शिक्षाविद, और विभिन्न क्षेत्रों की उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाएं भाग ले रही हैं। जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में व महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नीतू नारायण मिश्रा के संयोजन में वृन्दावन गार्डन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम सदर विधानसभा सम्मलेन संपन्न हुआ। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि पीएम के नेतृत्व वाली केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा सितंबर 2023 में संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया जो विधायी निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।प्रोफेसर पदमा त्रिपाठी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत के उज्ज्वल, समावेशी और सशक्त भविष्य की आधारशिला है। यह कानून केवल महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक न्याय, समान अवसर और मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था का सशक्त प्रतीक है।संचालन पूर्व जिलामंत्री डॉ. ज्योति वर्मा ने किया। इस मौके पर डॉ तृप्ति यादव, शिक्षक संघ अध्यक्ष कामना सिंह, एडवोकेट निधि पाल, एडवोकेट नेहा सिंह, विरला शाक्य, डॉ ममता सिंह, डॉ. शीला पाल, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. नीतू, शोभा गुप्ता, यति सिसोदिया, राधा पाल, मधु तोमर, प्रीति दुबे, सोनिया चक, सोनी कठेरिया, ज्योति कुशवाहा, विनीत राजपूत, विनीता कुशवाहा सहित महिला प्रतिनिधि, शिक्षाविद, और विभिन्न क्षेत्रों की उपलब्धि हासिल करने वाली मातृ शक्ति उपस्थित रहीं।

# सीएम डैशबोर्ड पर प्राप्त ग्रेडिंग और रैंकिंग की सीडीओ ने की विस्तृत समीक्षा

**कुशीनगर।** मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आज विकास भवन के सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों को माहवार प्राप्त ग्रेडिंग एवं रैंकिंग की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।मुख्य विकास अधिकारी ने अवगत कराया कि माह फरवरी में जनपद की रैंकिंग 13वीं थी, जो माह मार्च में 30वे स्थान पर आ गई है।इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी संबंधित विभागों को रैंकिंग में अपेक्षित सुधार लाने हेतु गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने-अपने लक्ष्यों के सापेक्ष योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक दशा में माह अप्रैल में ग्रेडिंग एवं रैंकिंग में सुधार लाया जाए।मुख्य चिकित्सा अधिकारी को विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों का डाटा शत-प्रतिशत पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी मिक एमओआईसी को को प्रत्येक दिन 10 से 12 तक होने वाली जिला अधिकारी महोदय की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग मीटिंग से कनेक्ट किया जाए।उन्होंने उन्होंने समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहां की सभी उप जिलाधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी स्तर पर कोई भी डाटा/सत्यापन रिपोर्ट लंबित नहीं रहना चाहिए।जल जीवन मिशन की समीक्षा में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि ग्राम चौपाल लगाकर जल आपूर्ति का कनेक्शन लेने के लिए जन सामान्य को जागरूक किया जाए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि सैम/मेम श्रेणी के बच्चों की निगरानी करें तथा उन्हें आरबीएसके टीम के माध्यम से एनआरसी में भर्ती कराए। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सभी विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी लाभार्थियों की सूची को सभी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि मुसहर बस्ती में कैंप लगाकर आधार कार्ड बनाया जाए तथा जिस योजना का पात्र है उसे उसे योजना से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी मुसहर परिवारों का नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज किया जाए। उन्होंने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्राम चौपाल कार्यक्रम में अवश्य जाएं तथा योजनाओं की समीक्षा करें एवं पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ दिलाए।उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाए।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने विभागवार प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम डैशबोर्ड शासन की प्राथमिकताओं का दर्पण है, अतः इसमें प्रदर्शित सूचकांकों में सुधार लाना सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं।उन्होंने कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग संतोषजनक नहीं है।

## सीबीएसई की परीक्षा में प्रज्ञान जायसवाल ने लहराया परचम



**कसया, कुशीनगर।** नगर के दंत चिकित्सक डॉ श्याम बिहारी जायसवाल और शिक्षिका शैला जायसवाल के बेटे प्रज्ञान जायसवाल ने सीबीएसई के दसवीं परीक्षा में 94.4% अंक पाकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।प्रज्ञान ने कहा कि वह डाक्टर बनकर देश सेवा करेंगे।

नव जीवन मिशन स्कूल, कसया के छात्र प्रज्ञान ने सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में जनपद में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर टापर बने हैं।प्रज्ञान को प्रबंधक नवजीवन मिशन स्कूल प्रशिला सैम कुट्टी, राकेश जायसवाल, ओमप्रकाश जायसवाल, वाहीद अली, अजय सिंह, एड उदय प्रताप सिंह, अमरेंद्र नारायण सिंह, पवन जायसवाल, संतोष कुमार गुप्त, विजय जायसवाल, विजय सिंह, अरविंद जायसवाल सहित क्षेत्र वासियों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## दो माह के लिए जनपद में निषेधाज्ञा लागू

देवरिया । अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह ने बताया है कि जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से, पूर्व में 9 फरवरी को जारी आदेश के क्रम में विभिन्न त्यौहारों, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं अन्य आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू की गई थी। प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए उक्त निषेधाज्ञा को आगे भी प्रभावी बनाए रखना आवश्यक समझा गया है।

## एसएसपी ने थाना बसरेहर का वार्षिक निरीक्षण किया



इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने थाना बसरेहर का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, मैस, कम्प्यूटर कक्ष, थाना परिसर, कर्मचारी बैरक एवं शस्त्रागार आदि का भौतिक रूप से भ्रमण कर सूक्ष्मता से निरीक्षण किया गया। साथ ही थाना कार्यालय में प्रचलित अभिलेखों का परीक्षण किया गया तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा थाने पर अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं साफ-सफाई की सराहना की गई एवं उपस्थित पुलिस बल को आगन्तुकों, शिकायतकर्ताओं के साथ शिष्ट एवं सभ्य व्यवहार करने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। थाना क्षेत्र के चैकीदारों को टॉर्च, लाठी डंडा एवं लाल गमछा वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव सजग, सतर्क एवं सक्रिय रहते हुए क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही रात्रि गश्त के दौरान विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने एवं किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को तत्काल थाना स्तर पर अवगत कराने के निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीश चन्द्र, क्षेत्राधिकारी सैफई कुशलपाल सिंह, थाना प्रभारी सौरभ सिंह एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## कागजों में कैद आदेश, जमीन पर कब्जा बरकरार

कुशीनगर।जनपद के पडरौना तहसील क्षेत्र के ग्रामसभा खड्?डा खुर्द स्थित गाटा संख्या 189 की सरकारी भूमि पर वर्षों से चला आ रहा अवैध कब्जा अब प्रशासनिक निष्क्रियता के वजह से न्यायिक आदेशों की अनदेखी का बड़ा उदाहरण बन गया है।हैरानी की बात यह है कि उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश, अवमानना याचिका में सख्त टिप्पणी और अपील खारिज होने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा अब तक अवैध कब्जे पर बुलडोजर नही चलाया

**● हाईकोर्ट की अवमानना का बड़ा मामला उजागर**

गया। नतीजतन सरकारी भूमि पर अतिक्रमणकारियों का अवैध कब्जा कायम है।आरोप है कि नाथू शर्मा, गुड्डी देवी, शैलेष शर्मा, रामू शर्मा, संदीप शर्मा व कृष्णा शर्मा ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है।पीड़ित पक्ष देवेन्द्र प्रताप श्रीवास्तव ने कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला।थक-हारकर देवेन्द्र प्रताप श्रीवास्तव को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी, जहां रिट संख्या 20646 पर 03 दिसंबर 2020 को आदेश पारित हुआ। इसके बावजूद जब जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो अवमानना याचिका संख्या 3046 दाखिल की गई, जिस पर 11 अगस्त 2021 को न्यायालय ने सख्ती दिखाई। इसके बाद धारा 67 के तहत कार्रवाई शुरू हुई, लेकिन आरोपियों ने प्रक्रिया को लंबित रखने के लिए अपीलों का सहारा लिया।हालांकि, उनकी सभी अपीलें खारिज हो चुकी हैं। बड़ा सवाल यह है कि जब न्यायालय का आदेश, अवमानना का निर्देश और अपील खारिज होने जैसे सभी कानूनी पड़ाव पार हो चुके हैं, तो आखिरकार जिलाप्रशासन किस बात का इंतजार कर रहा है ? अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने से परहेज क्यो? सबब यह है कि मामला सिर्फ सरकारी भूमि पर कब्जे तक सीमित नही रह गया है, बल्कि न्यायिक आदेशों की प्रभावशीलता पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है।ऐसे मे समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा करेगा।पीड़ित पक्ष ने जिलाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप कर कब्जा हटवाने और न्यायालय के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने की मांग की है।अब देखना दिलचस्प होगा कि प्रशासन द्वारा अवैध कब्जा मुक्त कराकर न्यायालय के आदेश का पालन किया जाता है या फिर हाईकोर्ट का आदेश फाइलों में ही दम तोड़ता है ?

## दिव्यांगजनो को मिलेगा सहायक उपकरण

देवरिया। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि जिन दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, कान की मशीन, स्मार्ट केन (दृष्टि बाधित दिव्यांगजनों हेतु) एवं सीपी चेयर की आवश्यकता हो, वे कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, कक्ष संख्या-17, विकास भवन, देवरिया में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं।इसके लिए दिव्यांगजन अपने साथ दिव्यांग प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं आय प्रमाण पत्र अवश्य लेकर आएं।जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने पात्र दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं।

# मठ की जमीन पर कब्रिस्तान का विवाद

**कुशीनगर।** जनपद के तमकुहीराज तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत डुमरिया मठ में मठ की जमीन को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है।मठ के महंत रूद्रानंद गिरी ने आरोप लगाया है कि सुनियोजित साजिश के तहत मठ की भूमि को कागजों में हेरफेर कर कब्रिस्तान के रूप में दर्ज

**● कागजों में हेराफेरी कर मठ की भूमि कब्जाने का आरोप**

**● महंत ने उठाई पुरातत्व जांच की मांग, प्रशासन पर देरी का आरोप**

करा दिया गया और उसी आधार पर वहां अवैध रूप से कब्रिस्तान बना दिया गया है।महंत रूद्रानंद गिरी ने इस मामले को गंभीर बताते हुए मंडलायुक्त गोरखपुर को प्रार्थना पत्र सौंपकर पुरातत्व विभाग से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यह भूमि दशकों से मठ की संपत्ति रही है, लेकिन कुछ लोगों ने कब्जे की नीयत से दस्तावेजों में छेड़छाड़ की। उन्होंने बताया कि इस संबंध में वह मुख्यमंत्री को भी पत्र भेज चुके हैं, ताकि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच हो सके।महंत का दावा है कि पूर्व महंत महादेवा नंद गिरी के अनुसार मठ की जमीन के भीतर भगवान शिव की मूर्ति भी दबे होने की संभावना है, जो इस स्थान के धार्मिक महत्व को दशार्ती है।

### ढाई महीने से अधूरी जांच, उठे सवाल

महंत ने प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि मंडलायुक्त के निर्देश पर तमकुहीराज तहसीलदार द्वारा लगभग ढाई माह पूर्व जांच शुरू की गई थी, लेकिन अब तक जांच की स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है।इससे न केवल मामले में अनिश्चितता बनी हुई है, बल्कि विरोधी पक्ष का मनोबल भी बढ़ रहा है।

### आस्था पर कुठाराघात का आरोप

महंत रूद्रानंद गिरी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मठ की भूमि से अवैध कब्रिस्तान नहीं हटाया गया तो यह सनातन आस्था पर सीधा आघात होगा। उन्होंने प्रशासन से जल्द कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि पुरातत्व विभाग की जांच से सच्चाई सामने आ जाएगी, दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा।

### जनप्रतिनिधियों से भी लगायी गुहार

इस पूरे प्रकरण में महंत ने तमकुहीराज क्षेत्र के भाजपा विधायक से लगायत जिले के सभी जनप्रतिनिधियों से भी हस्तक्षेप की अपील की है, ताकि मठ की भूमि को सुरक्षित रखा जा सके और धार्मिक परंपराओं की रक्षा हो सके।

ऐसे मे कहना मुनासिब होगा कि मामले ने स्थानीय स्तर पर संवेदनशील रूप ले लिया है। ऐसे में प्रशासन की निष्पक्ष और त्वरित जांच ही विवाद को शांत करने का रास्ता तय करेगी।

## ट्रैक्टर रोक महिला से मारपीट,

जसवंतनगर, इटावा।थाना क्षेत्र के ग्राम नगरिया भाट में मंगलवार शाम दबंगों द्वारा ट्रैक्टर रोककर महिला से मारपीट करने का मामला सामने आया है।

घटना के बाद पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गृह कलह से आहत विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

जसवंतनगर, इटावा।क्षेत्र के ग्राम जैनपुर नागर में गृह कलह से आहत होकर 22 वर्षीय विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है, वहीं मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव निवासी जयपाल सिंह के पुत्र लवी बाबू का विवाह करीब तीन वर्ष पूर्व कटेखेड़ा सराय भूपत निवासी राजेश कुमार की पुत्री कीर्ति (22) के साथ हुआ था।बताया जा रहा है कि 15 अप्रैल को परिवार के लोग नगर में निकली शोभायात्रा में शामिल होने गए थे, जबकि कीर्ति घर पर जल्दी लौट आई थी।शाम को उसके बड़े बेटे राघव को बुखार आने पर उसने पति को फोन कर जल्द घर आने को कहा।इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।बताया जाता है कि विवाद के बाद तनाव में आकर कीर्ति ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और पंखे के कुंडे से दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली।बुधवार शाम करीब आठ बजे जब उसका पति घर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद मिला।दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो कीर्ति फंदे से लटकी हुई थी। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना पर एसडीएम कुमार सत्यमजीत, सीओ आयुषी सिंह, थानाध्यक्ष कमल भाटी व उपनिरीक्षक शुभम वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्र किए हैं।सीओ ने बताया कि एसडीएम ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

# अर्थव्यवस्था की नाकेबंदी

ईरान पहले ही होर्मुज की नाकेबंदी कर वैश्विक अर्थव्यवस्था को संकट में डाले था। अब इस काम में अमरीका भी लग गया है। कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था की कम्पलीट नाकेबंदी। यह अंतर्राष्ट्रीय नियमों-कानूनों का मजाक है। राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश पर अमरीकी नौसेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग की नाकेबंदी शुरू कर दी है। ईरान की बंदरगाहों पर पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। जो जहाज ईरान को टोल देकर गुजरते रहे हैं, अमरीका उन पर भी नाकेबंदी करेगा। उन जहाजों को भी रोका जायेगा और जांच होगी। युद्ध का नया आयाम खुल गया है। क्या अब ईरान के प्रतिरोध पर समुद्री युद्ध का आगाज हो सकता है? चूंकि ईरान 90 फीसदी कच्चा तेल चीन को निर्यात करता रहा है, लिहाजा चीन की चेतावनी सामने आई है कि ईरान के साथ उसका समझौता है, लिहाजा उसमें हस्तक्षेप न करें। इस मुद्दे पर चीन के साथ रूस भी है। क्या अब चीन-रूस बनाम अमरीका का नया टकराव सामने आ सकता है? हम स्पष्ट कर दें कि विश्व युद्ध के कोई आसार नहीं हैं, जो सनसनी कुछ टीवी चैनल फैला रहे हैं। बहरहाल अमरीका और ईरान नाकेबंदी के जरिए जो कुछ कर रहे हैं, वह निश्चित रूप से आर्थिक आतंकवाद है। यदि एशिया महाद्वीप की ही बात करें, भारत-चीन-जापान जिसका हिस्सा हैं, उसकी करीब 389 करोड़ आबादी तेल-गैस और अन्य सामान से वंचित है। तेल रुकने से 59 फीसदी वैश्विक महंगाई बढ़ गई है। होर्मुज से 3 अरब बैरल तेल औसतन हर रोज गुजरता था। खाने-पीने की चीजें, उर्वरक आदि के गंभीर संकट पैदा होते जा रहे हैं। भारत भी 35-40 फीसदी कच्चा तेल



होर्मुज के रास्ते ही आयात करता था। भारत सरकार के पास मात्र 9.5 दिन के तेल का रणनीतिक भंडार है, शेष 64.5 दिनों के भंडारण तेल कंपनियों के पास हैं। भारत की आबादी के मद्देनजर यह तेल 'ऊंट के मुंह में जीरे' समान है। ईरान युद्ध और अब होर्मुज की नाकेबंदी के प्रत्यक्ष प्रभाव भारतीय उद्योग पर भी दिखने लगे हैं, मसलन राजस्थान के मेंहदी कारोबार का 300 करोड़ रुपये का सामान ठप पड़ा है। उसका सामान खाड़ी देशों को जाता था। वे सभी युद्ध से त्रस्त और ध्वस्त हैं। इसके अलावा, कांच की चूड़ियों का कारोबार, सिरेमिक टाइल्स, प्लास्टिक के उद्योग और खाद की कमी से खेती आदि पर घोर संकट हैं। सरकार कुछ भी दावे करे या सहानुभूति व्यक्त करे, लेकिन देश में 22 अरब रुपए का नुकसान हो चुका है। करीब 5.5 लाख रेस्तरां, छोटे होटल या तो बंद हो चुके हैं अथवा बपने मेन्यू में काफी कटौती करने को मजबूर हुए हैं। श्रमिक पलायन कर अपने गांव लौट रहे हैं अथवा नोएडा, हरियाणा की कुछ कंपनियों के बाहर हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं। वाहन भी फूंक दिए गए। इस आर्थिक आपातकाल में कंपनियां भी मजदूरों को पर्याप्त मेहनताना कैसे दें, क्योंकि उनके उत्पाद भी बेकार पड़े हैं। निर्यात संभव नहीं हैं। भारत खाड़ी देशों को 19 लाख करोड़ रुपये का सालाना निर्यात करता है। यह कोई सामान्य राशि नहीं है। भारत ने एक बार फिर रूस से 19.75 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा है। यह 2025 जितना ही है। हालांकि अमरीका की घुड़की और टैरिफ के भय के कारण भारत ने यह खरीद 6 लाख बैरल तक घटा दी थी। इसी तरह 2019 से ईरान से तेल लेना भी बंद कर दिया था। अब मौजूदा दौर में ईरानी तेल के दो टैंकर भी भारतीय तटों पर आये हैं। अब हम अमरीका, अल्जीरिया, अंगोला, ओमान आदि देशों से भी कच्चा तेल आयात करने को विवश हैं। भारत की विदेश नीति, तेल आयात नीति और भंडारण की नीति सवालिया हैं। दरअसल हम कुआं खोदना तब शुरू करते हैं, जब आग धधकने लगती है। तेल का भंडारण आज भी उतना ही है, जितना 2014 में था, जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने थे। चीन में 110-140 दिन का भंडारण है और जापान 254 दिन के तेल का भंडारण रखता है। बहरहाल अब अमरीका और ईरान जो नाकेबंदियां कर रहे हैं, युद्धपोत, लड़ाकू विमान, पनडुब्बियां, मिसाइल, ड्रोन और बारूदी सुरंगें जिस तरह तैनात हैं, उनको दुनिया की कोई चिंता नहीं है।

# महिला आरक्षण : आधी आबादी का शक्ति वंदन



प्रो. आर. एन. त्रिपाठी

**समाजवादी पार्टी के सांसद और अध्यक्ष द्वारा जिस प्रकार मुस्लिम महिलाओं को अलग से आरक्षण देने की बात कही गई, वह महिलाओं में भी विभेद पैदा करने जैसा है, परंतु गृह मंत्री के सख्त उत्तर से कि धर्म के आधार पर किसी को भी आरक्षण नहीं दिया जा सकता, अगर आपको आरक्षण देना है तो आप अपनी समाज वादी पार्टी के भीतर शत-प्रतिशत मुस्लिमों को आरक्षण दे दीजिए, ने सारे विपक्ष को निरुत्तर कर दिया।**

पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न एपीजे अब्दुल कलाम जब 3 अक्टूबर 2005 को कोलकाता, मुंबई और मद्रास विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को एक साथ संबोधित कर रहे थे तब मुंबई की एक छात्रा ने उनसे पूछा कि भारत की राजनीति में महिलाओं का भविष्य क्या है? उसी दिन यानी आज से 21 वर्ष पूर्व कलाम साहब ने कहा था कि भविष्य में महिलाओं को 33% आरक्षण देने की योजना है। उनके मुंह से निकली बात अब पूरी होने जा र ही है। 16 अप्रैल को लोकसभा में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पेश हो गया है। इस पर बहस चल रही है। मतदान के बाद निश्चित रूप से यह संविधान का हिस्सा बन देश की आधी आबादी की आंकाक्षाओं को पूरा करेगा।

भारत में महिलाओं के सम्मान का अतीत दुनिया मे सबसे अच्छा रहा है। हमारा प्राचीन काल बहुत ही ज्यादा प्रगतिशील था। भारत ही एक ऐसा देश रहा जहां 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता' जैसी वैचारिक अवधारणा है। यानी देवताओं का वास वहां होता है, जहां नारियों का सम्मान होता हो। ऋग्वेद में यह लिखा गया है कि 'नारी तू ही घर है। यह देश सदा उसी संस्कृति और सम्मान भावना का पालन करता चला आ रहा है। यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका जो 1776 में स्वतंत्र हुआ और उसने महिलाओं को वोट देने का अधिकार 144 वर्ष बाद 1920 में दिया। यहां तक की यूनाइटेड किंगडम इंग्लैंड जो उस समय दुनिया में सबसे विकसित देश माना जाता था, उसने 1918 में महिलाओं को लिमिटेड राइट ही दिया और 10 साल बाद जाकर 1928 में महिलाओं को वोटिंग राइट दिया। हमारे देश में ऐसा कभी नहीं रहा। यहां तक कि हमारे संविधान निर्माताओं ने विभिन्न संवैधानिक उपबन्धों में नारी को सुरक्षित रखने और उन्हें भेदभाव से बचाने की व्यवस्था की। उनके मौलिक अधिकार हेतु अनेक अनुच्छेदों की व्यवस्था की। भारतीय संविधान के निर्माण में भी बहुत सारी ऐसी महिलाएं रहीं जिनका बहुत बड़ा योगदान रहा। विजयलक्ष्मी पंडित, सरोजनी नायडू, दुर्गाबाई देशमुख, सुचेता कृपलानी, अमृत कौर, पूर्णिमा वर्मा ऐसी कुल 18 महिलाएं संविधान निर्माण में सहभागी रहीं। महिलाओं को आरक्षण देने विशेष कर लोकसभा और राज्यसभा और विधानसभाओं में इस पर एक दो बार नहीं, 50




से अधिक बार प्रयास किए गए और हर सरकारें चाहे वो कांग्रेस की सरकार रही हो, चाहे वह देवगौड़ा की सरकार रही हो, चाहे वह पूर्व की अटलबिहारी बाजपेयी की भाजपा सरकार रही हो, सबने प्रयास किया परन्तु यह संशोधन हो नहीं पाया। लेकिन मोदी सरकार ने 16 अप्रैल को लोक सभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक, 2026 पेश कर दिया। इस पर दो दिन चर्चा होनी है। इसके साथ ही दो और विधेयकों को इसके साथ ही पटल पर रखा गया है। इसमें एक विधेयक महिला आरक्षण लागू करने के लिए परिसीमन से जुड़ा है, ताकि 2029 के चुनाव से पहले ही लोकसभा का संख्याबल 543 से बढ़ाकर 850 तक किया जा सके और महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण लागू कर उन्हें सदन में जगह दी जा सके। लोकसभा में होने वाली यह प्रक्रिया कुछ समय बाद ही राज्य की विधानसभाओं में भी दोहराई जाएगी, जिससे राज्यों में सीटों को बढ़ाया जा सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सत्ता में आते ही महिलाओं के सम्मान और उनके योग्यतम जीवन जीने पर अपना ध्यान केंद्रित किया। उनकी आर्थिक समृद्धि के लिए 'जनधन' योजना 'मुद्रायोजना', लखपति दीदी योजना, सुकन्या योजना, स्वयं सहायता समूह जैसी कल्याणकारी योजनाएं दीं। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छा शक्ति के कारण संभव हो सका। कहना न होगा कि इससे नारी शक्ति का उत्थान तेजी से हो सका और आज भी उनकी सम्यक प्रगति और स्वावलम्बन हेतु उनके माइंडसेट को बदलने के प्रयास सरकार द्वारा निरन्तर किए जा रहे हैं। लोक

सामयिक

सभा के इस विशेष सत्र में पीएम मोदी की सदिच्छा, आत्मिक शक्ति व पवित्र भावना परिलक्षित हो रही है। मौजूदा दौर में नारी उत्थान का एक नया इतिहास लिखा जा रहा है। यह उनकी नीयत और नीति है जिसके कारण आज यह लागू हो रहा है। स्वतंत्रता पूर्व से ही महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता का मुद्छा आज भी प्रासंगिक है। जब भी महिलाओं को लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण देने की बात होती है तो देश में राजनीतिक वितंडे की स्थिति बनती है। राजनीतिक दल उसे गोल-गोल घुमाने में जुट जाते हैं। 1930 के पुणे सम्मेलन से लेकर आज तक तक महिलाओं को उनका वाजिब हक नहीं मिल सका तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है, चर्चा तो इस पर होनी चाहिए। न कि इस बात पर कि महिलाओं के आरक्षण विधेयक पर चर्चा का यह मौजूं समय नहीं है, क्योंकि इस समय देश के कुछ राज्यों में चुनाव चल रहे हैं।

बाबा अंबेडकर ने एक बात कही थी किसी भी समाज की प्रगति का मापन वहां की महिलाओं की प्रगति से ही किया जा सकता है। संविधान का प्रथम अनुच्छेद 'वि द पीपल ऑफ इंडिया' अर्थात 'हम भारत के लोग' में आज भारत की आधी आबादी को इस नारीशक्तिवंदन कानून से सम्मान मिलने जा रहा है, यह भारत के लिए गौरव की बात है। आज लोकसभा में इस प्रस्ताव पर विपक्ष ने फिर फूट डालो और समाज को बांटने की राजनीति करना शुरू कर दिया। समाजवादी पार्टी के सांसद और अध्यक्ष द्वारा जिस प्रकार मुस्लिम महिलाओं को इसमें अलग से आरक्षण देने की बात कही गई, वह महिलाओं में भी विभेद पैदा करने जैसा है, परंतु गृह मंत्री के सख्त उत्तर धर्म के आधार पर किसी को भी आरक्षण नहीं दिया जा सकता, अगर आपको आरक्षण देना है तो आप अपनी समाजवादी पार्टी के भीतर शत-प्रतिशत मुस्लिमों को आरक्षण दे दीजिए, ने सारे विपक्ष को निरुत्तर कर दिया। प्रश्न यह है कि क्या विपक्ष 50 बार से ज्यादा जिस प्रस्ताव पर संसद में बहस हुई हो और जो वर्ष 2023 में संसद के दोनों सदनों में पास होने के बाद भी जनगणना और परिसीमन जैसे लेकुने की वजह से महिलाओं को उनके वाजिब हक दिलाने में विफल रहा है, उस पर अगर फिर मीन-मेख निकाल रहा है और महिलाओं के सांसद विधायक बनने की राह का रोड़ा बन रहा है तो समझा जा सकता है कि महिलाओं का हितैषी कौन है? आज जब भाजपा अपने पूर्ण बहुमत की स्थिति में आ गई है तो संसद में यह संविधान संशोधन कर रही है कि भारत की महिलाओं के लिए इससे बढ़कर के क्या खुशी हो सकती है, परंतु दुर्भाग्य है कि हमारे देश में आज भी राजनीतिक चश्मे से केवल विभेदकारी राजनीति की जा रही है। नए संसद भवन में आहूत 18-21 सितंबर 2023 के विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल पर विचार किया गया और 28 सितंबर को भारत की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्वारा इसे अनुमोदित किया गया तो लोगों को विश्वास नहीं हो रहा था कि यह इतना शीघ्र ही साकार हो जाएगा। आज वह दिन है जब महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण होरिजेंटल और वर्टिकल दोनों रूप में दिया जा रहा है। नए परिसीमन से 50% सीटों की वृद्धि होती है तो कुल लोकसभा की 815 तथा केंद्र शासित प्रदेशों की 35 सीटों में 272 सीटें महिलाओं के लिए सुरक्षित होंगी और यह फार्मूला एससी एसटी में भी वर्टिकल तौर पर लागू होगा। यह भारतीय राजनीति का एक ऐसा मोड़ है जहां राजनीति में न्यायोचित भागीदारी और लोकतांत्रिक निष्पक्षता का सुंदर समायोजन होगा। 33% नारियों के संसद में पहुंचने पर घर-परिवार और रसोई, पालन-पोषण और बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी तमाम समस्या ओं पर और अच्छे ढंग से विचार हो सकेगा, जिससे विकसित भारत 2047 का लक्ष्य प्राप्त करने में सहूलियत होगी।

**(लेखक बीएचयू में प्रोफेसर हैं)**

## सोशल मीडिया

बहुजन समाज पार्टी महिला आरक्षण का स्वागत करती है साथ ही एससी एसटी व ओ बी सी वर्ग की महिला को अलग से आरक्षण देने की पुरजोर मांग भी करती है। मायावती.



जो बंगाल 'शस्य श्यामलाम मातरम्, वंदे मातरम् की पावन धरा थी, आज अराजकता, गुंडागर्दी, माफियागिरी असुरक्षा, अव्यवस्था व भ्रष्टाचार का गढ़ बन गये हैं। सीएम योगी.



भाजपा के वरिष्ठ नेता, यूपी सरकार के पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद श्री हरि नारायण राजभर जी के निधन का समाचार अति दुखद है, शोक संतप्त परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं। केशव प्र. मौ.



# पश्चिम एशिया संघर्ष की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि




अंतर्राष्ट्रीय

**सरिल राज**

पश्चिम एशिया आज ऐसे मोड़ पर है, जहां हर छोटी घटना किसी बड़े विस्फोट का संकेत देती दिखाई देती है। आस्थायी युद्ध विराम के बावजूद ईरान और इजराइल के बीच बढ़ता सीधा टकराव, गाजा में जारी युद्ध और अमेरिका की सक्रिय भूमिका ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर बना दिया है। पहली नजर में यह संघर्ष अमेरिका बनाम उसके विरोधियों का लगता है, लेकिन इसकी जड़ें कहीं ज्यादा गहरी हैं—जहां धर्म, सत्ता और क्षेत्रीय प्रभुत्व की परतें आपस में उलझी हुई हैं। इस टकराव की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि कर्बला की लड़ाई से जुड़ी मानी जाती है, जिसने इस्लाम को शिया और सुन्नी धाराओं में विभाजित कर दिया। यह केवल धार्मिक मतभेद नहीं था, बल्कि नेतृत्व और अधिकार को लेकर संघर्ष था। आधुनिक समय में इस विभाजन को नई दिशा ईरानी क्रांति के बाद मिली, जब ईरान ने खुद को शिया दुनिया के केंद्र के रूप में स्थापित करना शुरू किया। इसके जवाब में सऊदी अरब ने सुन्नी देशों को संगठित कर क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाया।

इस प्रतिस्पर्धा का सबसे बड़ा और खतरनाक रूप ईरान-इराक युद्ध में देखने को मिला, जहां सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में इराक ने ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ा। खाड़ी देशों और अमेरिका के समर्थन से लड़े गए इस युद्ध ने लाखों जिंदगियां छीन लीं और यह स्पष्ट कर दिया कि यह संघर्ष सिर्फ सीमाओं का नहीं, बल्कि विचारधारा और प्रभुत्व का है। 2003 में जब अमेरिका ने इराक पर हमला किया, तो क्षेत्र का संतुलन पूरी तरह बदल गया। सत्ता परिवर्तन के बाद शिया-सुन्नी तनाव खुलकर सामने आया और इराक लंबे समय तक अस्थिरता में डूबा रहा। इसके बाद यह संघर्ष सीधे युद्ध से हटकर 'प्रॉक्सी वॉर' में बदल गया। बशर अल-असद के नेतृत्व वाले सीरिया में ईरान और हिज्बुल्लाह का समर्थन दिखा, जबकि सुन्नी देशों ने विरोधी गुटों का साथ दिया। यमन में हूथी आंदोलन को ईरान का समर्थन मिला, तो सऊदी अरब सीधे युद्ध में उतर गया। आज यह संघर्ष और अधिक जटिल और खतरनाक रूप ले चुका है। गाजा में हमास और इजराइल के बीच युद्ध ने पूरे क्षेत्र को जंग के मुहाने पर ला खड़ा किया है। इसके साथ ही ईरान समर्थित समूह—लेबनान में हिज्बुल्लाह, इराक की मिलिशिया और यमन के हूथी—लगातार इजराइल और उसके सहयोगियों को निशाना बना रहे हैं। लाल सागर में हमले और अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन स्ट्राइक अब इस संघर्ष का हिस्सा बन चुके हैं। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब पहली बार ईरान और इजराइल के बीच सीधे मिसाइल और ड्रोन हमले हुए। यह संकेत है कि यह संघर्ष अब केवल 'प्रॉक्सी वॉर' तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सीधे युद्ध की दिशा में बढ़ रहा है। 2020 में हुए अब्राहम समझौते ने क्षेत्रीय राजनीति को नया मोड़ दिया। संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन जैसे देशों ने इजराइल के साथ संबंध सामान्य कर लिए। जो देश कभी उसके विरोधी थे, वे अब उसके रणनीतिक साझेदार बन गए—और इसके पीछे मुख्य कारण ईरान का बढ़ता प्रभाव है।

इस पूरे घटनाक्रम में एक नया और चिंताजनक पहलू धार्मिक भाषा का बढ़ता उपयोग है। पीट हेगसेथ द्वारा युद्ध को धार्मिक संदर्भों से जोड़ते हुए 'जीसस क्राइस्ट के नाम पर जीत' जैसी बात कहना इस संघर्ष को और संवेदनशील बना देता है। इस तरह के बयान यह संकेत देते हैं कि टकराव को केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि धार्मिक नजरिए से भी देखा जाने लगा है—जिसकी व्यापक आलोचना भी हुई है। अगर इस पूरे परिदृश्य को सरल शब्दों में समझा जाए, तो यह केवल शिया बनाम सुन्नी का संघर्ष नहीं है। यह तेल, व्यापारिक मार्गों और क्षेत्रीय वर्चस्व की जंग है, जहां धर्म एक पहचान भी है और एक राजनीतिक हथियार भी। आज की स्थिति यही संकेत देती है कि आग सुलग चुकी है। फिलहाल आस्थायी युद्ध विराम अभी बरकरार है लेकिन यह कभी भी गंभीर टकराव में बदल सकता है। एक छोटी सी चिंगारी पूरे क्षेत्र को भड़का सकती है, और उसका असर सिर्फ पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित करेगा। आने वाला समय तय करेगा कि यह तनाव सीमित रहता है या एक बड़े, विनाशकारी युद्ध का रूप लेता है। फिलहाल बीच बचाव के प्रयास हो रहे हैं और संघर्षरत पक्ष किसी तरह स्थायी युद्ध विराम पर सहमत हो जाते हैं, तो पूरी दुनिया को इससे बड़ी राहत मिलेगी। क्योंकि पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता बेहद जरूरी है।

## विचार

निश्चय पर पहुंचना ही विचार का उद्देश्य है और जब किसी बात का निश्चय हो जाये तो उस पर अमल करने में देर करना भूल है।

–तिरुवल्लुवर.

जो कुछ भी तुम आज कर सकते हैं उसको कल के भरोसे पर कभी मत छोड़िये।

–फ्रेंकलिन.

एक बार जो भूल हो गयी उसे हृदय से बुरा समझकर पुन: कदापि न करना चाहिए, इसके लिए सतत् प्रयत्नशील होकर अपनी गलती को जड़ से उखाड़ फेंक देना चाहिए।

–मुनि गणेश वर्णी.

शारीरिक क्षमता से बल प्राप्त नहीं होता, वह तो अदम्य इच्छा शक्ति से मिलता है।

–महात्मा गांधी.

जो ब्रह्म है जो सबसे महान है, उसी को मनुष्य के सामने रखने से उसके मन को सांत्वना प्राप्त हो सकती है।

–रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

# आत्म समीक्षा

आत्म समीक्षा मनुष्य को सुधार का अवसर देती है। साधना से व्यक्ति का परिष्कार होता है। आध्यात्मिक साधनाएं व्यक्ति को पूर्णता की ओर ले जाने के निमित्त की जाती हैं। इन साधनाओं का मूलभूत आधार है-आत्म समीक्षा। बिना इसके हवाई किले की तरह कोई भी साधना टिक नहीं सकती। अपने आपकी समीक्षा करना, व्यक्तित्व के वर्तमान स्वरूप को समझना आध्यात्मिकता की दृष्टि से आवश्यक ही नहीं अनिवार्य भी है। क्योंकि इसी आधर पर त्रुटियों का संशोधन तथा न्यूनता की पूर्ति करना संभव है। इस आत्म निरीक्षण का एक और भी पहलू है कि जो विशिष्टताएं आत्मिक प्रगति के लिए आवश्यक हैं, उनका यदि विकास नहीं हुआ है तो उसकी आवश्यकता अनुभव करते हुए आत्मोत्कर्ष का प्रयास संभव हो सकेगा। वस्तुतः मनुष्य के पास ऐसा बहुत कुछ है जो सदा अप्रकट और अविकसित ही बना रहता है। मस्तिष्कीय क्षेत्र की अनूठी क्षमताएं और अंतःकरण की विविध विशिष्टताएं ऐसी हैं जो हर किसी के पास न्यूनाधिक में पायी जाती हैं। यदि आत्म निरीक्षण की कला हस्तगत हो सके तो मनुष्य इन दिव्य केन्द्रों का स्थान एवं स्वरूप समझ सकता है और उन्हें विकसित करने के लिए सब कर सकता है जो सुदृढ़ संकल्प के सहारे निश्चित रूप से हो सकता है। यदि लक्ष्य और आदर्श ईश्वर प्राप्ति जैसा उच्च हो तो इसकी प्राप्ति कर्मकाण्डों के बलबूते संभव नहीं है। इसके लिए आंतरिक पारिष्कार और उत्कृष्ट चिंतन चरित्र अपनाने की आवश्यकता है। तद विषयक जो कुछ परिवर्तन या विकास करना है, उसका स्वरूप सामने आने की बात तभी बनती है जब आत्म निरीक्षण का सिलसिला परिपूर्ण उत्साह के साथ चलाया जाये। यह भ्रम जितनी जल्दी दूर किया जा सके उतना ही अच्छा है कि अधिकांश लोग इसी भ्रम में ग्रसित रहकर अपनी-अपनी मान्यताओं के अनुरूप पूजा विधानों में संलग्न रहते हैं और सोचते हैं कि ईश्वर के भी मनुष्य की भांति चर्म चक्षु ही हैं। वह मात्र क्रिया कृत्यों को ही देख पाता है। किसी का अंतरंग देखने या परखने की उससे क्षमता नहीं है या तो इसे महत्व नहीं देता और हेय व्यक्तियों को उनके कर्मकाण्डों जैसे वाह्य दिखावे से प्रभावित होकर अपने सिंहासन पर बैठा लेता है। पापों के जमा होने या उल्टे सीधे नाम रटने से सभी दुष्कृत्यों को अनदेखे करने जैसी बातें गल्प ही हैं। तीर्थाटन आदि कृत्यों में भी यदि कोई चाहे तो दिशा निर्देशन प्राप्त कर सकता है। पर पापों के नष्ट होने या कर्मफल के उलट जाने की बात सोचना प्रकारान्तर में ईश्वर की बड़ी व्यवस्था उलट जाने की दुराशा रखना है। परम सत्ता के दरबार में पुजारियों के साथ पक्षपात होने तथा बिना पुजारियों को दूध में से मक्खी की तरह निकाल फेंकने की उपेक्षा जैसा कोई विधान नहीं है।

अंतर्दृष्टि

# सरकार को मेरा सपोर्ट है

व्यंग्यलोक

सरकार की ओर से देश की अस्सी करोड़ जनता को दी गई भोजन की गारंटी से मैं आश्वस्त हूँ और मैं खुले आम कहता हूँ कि मेरा वोट व सपोर्ट सरकार को रहेगा। परन्तु मेरा बी.पी.एल. पड़ोसी रामभरोसे पहले से ज्यादा बैचेन हो गया है। इस घोषणा के बाद सीधा मेरे पास आया और बोला- 'शर्माजी, यह भोजन का मतलब क्या होता है?' मैंने कहा- 'रामभरोसे भोजन करते-करते चालीस साल के हो गये, और मतलब मुझसे पूछ रहे हो। भोजन का मतलब दाल, भात, चपाती और सब्जी से है। फिर तुम तो 2 रुपये किलो का गेहूँ और 3 रुपये किलो का चावल खाओगे तो हाजमा एकदम दुरूस्त हो जायेगा।' रामभरोसे बोला-'महंगाई को पहचानते हैं साहब। खाना पकाने की गैस और दाल-सब्जियों के भाव आसमान को छू रहे हैं। ऐसे में क्या मैं आपका बताया भोजन कर सकता हूँ? क्या गुलाब जामुन मैं नहीं खा सकता?' मैं बोला- 'तुम्हारी बात में दम है रामभरोसे। लेकिन मेरा कहना है कि भोजन भले कर लेना, परन्तु गुलाब जामुन मत खाना। गुलाब जामुन नियमित खाने से मेरे शुगर हो गई है। रोज दवा लेता हूँ, तब भी कंट्रोल नहीं हो रही। इसलिए मेरे भाई सरकार के चुनावी वर्ष की लाज रखले और जो सुविधाएँ मिल रही हैं, उन्हें सहर्ष स्वीकार कर ले और अपना अमूल्य वोट अब तो समूल्य दे दे। कल हो सकता है सरकार तेरे दोनों वक्त के भोजन का टिफिन तेरे घर ही पहुंचाने की घोषणा कर दे। पता नहीं चुनाव घोषणा-पत्र आयेगा तो किस-किस बात की गारंटी दी जायेगी।' 'रहने दो साहब, खामख्वाह सरकार की तारीफें कर रहे हैं। यह सब जन कल्याणकारी सरकार का दायित्व है। उत्तराखण्ड की तबाही देखी, क्या गारंटी दी सरकार ने, उल्टे हजारों लोग बेमौत मर गये। क्या सुरक्षा की गारंटी सरकार का दायित्व नहीं है?' रामभरोसे अभी तक संतुष्ट नहीं था। मैं बोला- 'यार रामभरोसे, अब कम से कम कोई भूखा तो नहीं सोयेगा। विरोधियों ने भोजन की गारंटी में टांग अड़ाई तो वह अध्यादेश लाकर तुम्हें भोजन की गारंटी दे रही है लाला। इतनी नाराजगी ठीक नहीं। मुफ्त दवा, मुफ्त जांचे, सीधे बैंक खाते में सब्सिडी, लैपटॉप व साईकिलें बंट रही हैं और चाहते क्या हो? मैं समझ रहा हूँ तुम गुलाब जामुन खाना चाहते हो, कोठी, बंगला, कार और ऐश की जिंदगी चाहते हो। वह भी हो जायेगा। लेकिन थोड़ा धैर्य रखो। हमारा रूपया डॉलर के सामने पस्त पड़ा है। ज्यादा अपेक्षा करोगे तो वाकई कच्चा गेहूँ-चावल चाबाओगे, इसलिए मेरे भाई, सरकार पर भरोसा कर। मुझे देख इनकम टैक्स देकर महिने के बचे धन से धक्का लगाता हूँ।



पूरन सरमा

## आपकी बात

### ई-वेहिकल को प्रोत्साहन

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। शहरों में डीजल एवं पेट्रोल के वाहनों पर नियंत्रण के लिए तमाम पाबंदियां लगायी जा रही हैं। सीएनजी से चलने वाले वाहनों को बढ़ावा देने के लिए ही दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने पर काम चल रहा है।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

### रोड इंजीनियरिंग सुधारें

हर दिन कोई न कोई भीषण दुर्घटना होती है और इसमें बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। सड़कों पर दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय है। चाहे नियमों का पालन न करने से दुर्घटनाएं हो रही हों, रोड इंजीनियरिंग खराब होने के कारण हो रही हैं या फिर खराब सड़कों के कारण, जो भी वाजिब कारण हो उसे तलाशना चाहिए और दुर्घनाएं रोकने के लिए गंभीरता से प्रयास करना चाहिए। सड़क दुर्घटनाओं में हर साल करीब डेढ़ लाख लोग मारे जाते हैं और यह दुनिया में सबसे अधिक है। इसे कम करने के लिए और लोगों की जान बचाने के लिए यह जरूरी है कि रोड़ इंजीनिरिंग में सुधार की पहल हो। देश की सड़कें दुनिया में सबसे अधिक खतरनाक हैं। इसके कारण यहां सबसे अधिक दुर्घटनाएं होती हैं और हर साल करीब डेढ़ लाख लोग अपनी जान गंवा देते हैं। दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। पिछले दिनों एक ही दिन आगरा एक्सप्रेस वे पर सीबीएसई के एक अधिकारी सहित उसके परिवार के कई सदस्यों की दुर्घटना में मौत हो गयी जबकि शहीद पथ पर स्वास्थ्य अधिकारी के साथ दो लोगों की मौत हो गयी। हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, आगरा से दिल्ली जाने वाली यमुना एक्सप्रेस पर आये दिन भीषण हादसे होते हैं। हादसों के पीछे प्रायः रफ्तार जिम्मेदार होती है।

**प्रदीप कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## बंथरी में राजकीय हाईस्कूल संचालित

**बांदा।** कमासिन ब्लाक के बागै नदी के तिरहार क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य प्रदेश सरकार ने स्थानीय विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बंथरी मे इसी सत्र से राजकीय हाई स्कूल संचालन शुरू करा दिया है।

क्षेत्र के अभिभावकों में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र निषाद ने बताया कि अप्रैल माह से प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

दाखिला हो जाने के बाद शिक्षण कार्य शुरू हो जाएगा। इससे ग्रामीण क्षेत्र के कई गांव के बालक-बालिकाएं लाभान्वित होकर अपना भविष्य संवारेगी। ग्राम प्रधान बंथरी सोमनाथ शुक्ला, लाखीपुर प्रधान छोटेलाल वर्मा, पूर्व प्रधान बछौधा राजदेव सिंह ने बताया की लंबे समय से बागै नदी के तिरहारबेल्ट में राजकीय स्कूल खोलने की मांग की जा रही थी। सरकार ने हमारी मांगों को स्वीकार करते हुए इसी सत्र से पठन-पाठन कार्यक्रम शुरू करा दिया है।

## परिवार न्यायालय में 24-25 को अवकाश

**बांदा।** न्यायिक अधिकारियों की खेलकूद प्रतियोगिता के कारण 24 अप्रैल शुक्रवार, 25 अप्रैल चतुर्थ शनिवार को अवकाश घोषित कर दिया गया है।

उसके बदले किन्हीं दो चतुर्थ शनिवार को न्यायालय कार्य दिवस के रूप में घोषित किये जाने के लिए निर्देश दिया गया है। न्यायालय रीडर ने बताया कि उच्च न्यायालय के अनुपालन में परिवार न्यायालय में अवकाश रहेगा।

उसके बदले में 23 मई व 26 सितंबर को परिवार न्यायालय में पूर्ण कार्य दिवस रहेगा।

## लोक अदालत का आयोजन नौ मई को

**बांदा।** नौ मई शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा हैं।

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक वसूली वाद, किरायेदारी वाद, बैंक व अन्य वित्तीय संस्थाओं से संबंधित प्रकरण दीवानी वाद, उत्तराधिकार वाद, पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, चेक बाउंस के मामले, जनउपयोगी सेवाओं, वाणिज्य कर से संबंधित प्रकरण, राजस्व, चकबंदी, श्रम वाद, चालानी वाद व शमनीय प्रकृति के लघु आपराधिक वाद आदि मामलों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जाएगा। यातायात संबंधी चालानों का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम्‌से किया जायेगा। ऋण वसूली न्यायाधिकरण में लंबित मूलवादों बैंकिंग, वित्तीय मामलों से संबंधित वाद के अधिक से अधिक निस्तारण को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

सात व आठ मइ को लघु आपराधिक वादों, विद्युत संबंधी वादों, धारा-138 से संबंधित वादों के निस्तारण को विशेष लोक अदालत का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें लघु आपराधिक, विद्युत सम्बंधी व धारा-138 के वादों के प्रकरणों का निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया जायेगा।

## सफाई कर्मियों ने मांगा वेतन

ललितपुर। अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी जिला अध्यक्ष आदर्श करोसिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनीत बाबा वाल्मीकि, राष्ट्रीय महासचिव कुंजबिहारी बावरा द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति सोनाली जैन को ज्ञापन सौंपा गया।

जिसमें आऊटसोर्सिंग सफाई कर्मचारीयों कि वेतन दिलाए जाने कि मांग कि गई।

अवगत कराया गया है कि पालिका में तैनात आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को बाबा डॉ भीमराव आम्बेडकर के जन्मोत्सव पर जो माह मार्च एवं अप्रैल 2026 की वेतन निर्गत नहीं की गई जिससे आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों के परिवार में भरण-पोषण व बच्चों की स्कूल फीस जमा न होने से कर्मचारीयों में रोष व्याप्त है। ज्ञापन में माह मार्च एवं अप्रैल 2026 की वेतन तत्काल निर्गत कराने की स्वीकृति प्रदान करने की मांग सहित शासन के आदेशानुसार हर माह वेतन उनके खातों में निर्धारित समय से जमा कराने की मांग रखी है।

ज्ञापन पत्र पर कुंजबिहारी बावरा राष्ट्रीय महासचिव विनीत बाबा वाल्मीकि, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आदर्श करोसिया हस्ताक्षर बने हुये हैं।

# अवैध संबंधों के शक में पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

जिला संवाददाता

**बांदा।** अवैध संबंधों के शक में पति ने पत्नी पर गर्दन सहित तीन जगह हमलाकर कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी छत से कूदकर भाग निकला। पुलिस ने मौका मुआयना किया है। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बगेहटा निवासी 45 वर्षीय शर्फिया पर उसका पति मोबीन शक लेकर विवाद हो गया। मोबीन ने पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर दी। गुरुवार सुबह शर्फिया ने अपनी बेटी को तैयार कर गांव के गरीब नवाज उर्दू स्कूल भेजने की तैयारी कर रही थी कि बेटी ने मना किया कि वह आज स्कूल नहीं जाएगी। लेकिन मां शर्फिया ने जबरिया स्कूल भेज दिया। गुरुवार सुबह 9 बजे जब शर्फिया नहाने को बैठी तो इसी बीच पति मोबीन ने पीछे से गर्दन पर

- मृतका मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करती थी
- पति घर पर ही अक्सर रहता था। कुछ काम धंधा नहीं करता था
- मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी राजेंद्र कुमार राजावत ने शव को कब्जे में ले लिया
- हत्यारोपी छत से कूदकर फरार
- मृतका के भाई शाहिद पबिहारी ने बबेरू कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया

करता था। उसका मानना था कि वह जब शर्फिया का मन करती बकरी लेकर चली जाती और आती थी। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद के बाद मारपीट होती थी। बुधवार की देर रात 16 वर्षीय बेटी के साथ मोबीन ने खाना खाया। इसके बाद मोबीन का पत्नी से किसी बात को कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बचाव में जब शर्फिया उठने लगी तो उसने कंधा व जांघ पर भी वार कर घायल कर दिया।

तब तक पति मोबीन ने वार किया कि जब तक पत्नी की सांसे न रुक गई। हत्या के बाद वह छत से पीछे की ओर कूदकर फरार हो गया। जब बेटी स्कूल से पढ़कर आयी तो दरवाजा अंदर से बंद था। खटखटाने के बाद भी जब अंदर से दरवाजा नहीं खुला तो वह किसी तरह घर के अंदर प्रवेश कर देखा तो मां लहूलुहान पड़ी थी। दरवाजा खोलकर गुहार लगाकर आसपास के लोगों को घटना की जानकारी देकर पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी राजेंद्र कुमार राजावत ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के भाई पाराबिहारी निवासी शाहिद ने बहनोई मोबीन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। घटना से क्षेत्र व गांव में सनसनी है। ग्रामीणों में घटना को लेकर अवैध संबंधों की चर्चा है। सूचना पर मृतका के भाई शाहिद पुत्र करीमबख्श ग्राम पाराबिहारी ने बबेरू कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने बताया कि घटना स्थल से आलाकत्ल कुल्हाड़ी बरामद हो गई। मामा शाहिद ने बताया कि मृतका के पांच बेटा दो बेटी है। दो बेटा और एक बेटी की शादी हो गई है। छोटी बेटी के साथ मृतका गांव में रहती थी। बेटे मुंबई में रहते हैं। पति घर पर ही अक्सर रहता था। कुछ काम धंधा नहीं करता था और मृतका मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करती थी।

## ललौली थाना बना सवालों का केंद्र

**फतेहपुर ललौली।** थाना ललौली इन दिनों अपनी कार्यप्रणाली को लेकर सुर्खियों में है, जहां थाना प्रभारी की भूमिका पर लगातार गंभीर सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं और शिकायतों के निस्तारण में हो रही देरी ने पुलिस की कार्यशैली पर बड़ा प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस न तो समय पर कार्रवाई कर रही है और न ही पीड़ितों कीसमस्याओं को प्राथमिकता दे रही है। हालात ऐसे हैं कि लोग न्याय पाने के लिए महीनों तक थाने के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन नतीजा शून्य ही रहता है।सूत्र बताते हैं कि कई मामलों में शिकायतें दर्ज होने के बावजूद जांच की रफ्तार बेहद धीमी है। कुछ मामलों में तो पीड़ितों को केवल आश्वासन देकर टाल दिया जाता है। इससे न सिर्फ पीड़ितों में निराशा है, बल्कि पूरे क्षेत्र में असंतोष का माहौल बनता जा रहा है।चोरी, मारपीट और विवाद जैसे मामलों में भी पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं, क्योंकि उन्हें कानून का कोई डर नहीं दिख रहा। इसका सीधा असर आम जनता की सुरक्षा भावना पर पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि थाना प्रभारी लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात हैं, जिससे व्यवस्था में ढिलाई आ गई है।

# कार्यक्रम आयोजित कर बार एसोसिएशन नगीना ने न्यायिक अधिकारियों को विदाई दी



जिला सं वाददाता

**नगीना।** बार एसोसिएशन नगीना की ओर से नगीना मे कार्यरत तीन न्यायिक अधिकारियों के लिए विदाई समारोह आयोजित कर तीनों न्यायिक अधिकारियों के सराहनीय कार्यों की मंच से सराहना की गई। नगीना में कार्यरत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुपम सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अक्षयदीप यादव व सिविल जज असगर अली का दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद तबादला हो गया है। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारियों के सम्मान मे आयोजित विदाई समारोह में तीनों न्यायिक अधिकारीगण ने अपने भावभीनी संबोधन मे नगीना बार एसोसिएशन व यहां के अधिवक्ताओं की खुले दिल से प्रशंसा करते हुए कहा कि सर्विस मे ट्रांसफर स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन नगीना बार एसोसिएशन और यहां के अधिवक्ताओं का व्यवहार उनकी न्यायालय के प्रति सम्मान और वकालत के पेशे मे उनकी मेहनत और पारदर्शिता सदैव याद रहेगी। इस अवसर पर बार एसोसिएशन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मौ0 आरिफ खान, नव निर्वाचित अध्यक्ष दीपक बिश्नोई मतलूब अहमद, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम कुमार शर्मा, नव निर्वाचित महासचिव मौ0 नईम, अमीर सिंह, निशात अहमद, जहीर खान, फरीद खान, संजीव कुमार, अरशद जावेद, चेयरमैन एल्डर कमेटी जयकिशन शर्मा, विजयपाल सिंह, शहजाद आलम, अंबरीश कुमार, दीपक सक्सेना, मौ0 शाकिर, विनीत अग्रवाल, दीपक जोशी एवं निवर्तमान अध्यक्ष अशोक कुमार त्यागी व निवर्तमान महासचिव नईम अहमद आदि ने अपने संबोधन मे तीनों न्यायिक अधिकारी एडीजे अनुपम सिंह, एसीजेएम अक्षयदीप यादव, सिविल जज असगर अली के कार्यकाल का जिक्र करते हुए भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष अशोक कुमार त्यागी व संचलन निवर्तमान महासचिव नईम अहमद ने किया। इससे पूर्व अधिवक्ताओं ने तीनों अधिकारियों का माल्यार्पण कर गर्मजोशी के साथ इस्तकबाल किया और बार के निवर्तमान अध्यक्ष अशोक कुमार त्यागी व निवर्तमान महासचिव नईम अहमद ने तीनों अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भी भेट किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता अजय शर्मा, दिनेश चैहान, अमित कुमार शर्मा, शादाब अहमद, शफीक अहमद, शानू चैधरी, काशिफ अहमद सहित बार के तमाम अधिवक्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## दिव्यांग किशोरी से सजायाफ्ता ने किया दुष्कर्म, फरार

जिला संवाददाता

**बांदा।** आजीवन कारावास के सजायाफ्ता ने एक दिव्यांग किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध की बात कहने पर जान से मारने की धमकी के बाद किशोरी को छोड़कर आरोपी फरार हो गया है। पीड़िता की मां ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।बबेरू कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी तेरह वर्षीय दिव्यांग (मूक-बधिर) को बुधवार शाम आजीवन कारावास का सजायाफ्ता 42 वर्शीय तोप सिंह उर्फ रावेंद्र सिंह डरा धमकाकर अपने घर ले गया।

एक कमरे में किशोरी को बंद कर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब किशोरी काफी देर तक घर नहीं पहुंची तो मां और परिजनों ने खोजना शुरू किया। मोहल्लेवासियों से जानकारी हुई कि दिव्यांग को तोप सिंह पकड़कर अपने घर की ओर ले गया है। इसके बाद परिजन व पीड़िता की मां उसके पास गई तो उसने दरवाजा नहीं खोला। तोप सिंह के परिजनों ने कहा कि यहां कोई लड़की नहीं है। इसी बीच परिजन व उसकी मां पुलिस चैकी गई और वहां पूरे मामले की जानकारी दी। इसी बीच आरोपी ने जब तक लड़की के परिजन वापस आते तब तक जान से मारने की धमकी देकर छोड़ दिया। कहा कि किसी ने कुछ कहा तो जान से मार दूंगा। मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंचे सीओ सौरभ सिंह, कोतवाली प्रभारी राजेंद्र कुमार राजावत ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर पीड़िता व उसकी मां को कोतवाली लाए। कोतवाली में मां की तहरीर पर अपहरण के बाद बंधक बनाकर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है। ग्रामीणों ने कहा है कि जेल से छूटने के बाद आरोपी तोप सिंह ने गांव में खौफ कायम कर रखा है।

लोगों का कहना है कि उसके खौफ से आसपास के दुकानदार अपनी दुकान नहीं खोलते। पुलिस ने बताया कि दोषी के विरुद्ध 2008 में एससीएसटी एक्ट का मुकदमा, 2011 में हत्या का मुकदमा, 2011 में लाईसेंस का मुकदमा दर्ज है। 2022 में जुआं का मुकदमा दर्ज हुआ। 2023 में चोरी का मुकदमा, 2026 में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# आरक्षण बिल का उद्देश्य महिलाओ की हो अधिक भागीदारी: सदर विधायक

**बांदा।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी जागरुकता अभियान चला रही है। महिलाओ ने दीवार लेखन व हस्ताक्षर अभियान में भाग लेकर समर्थन दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। तख्तियां लेकर पद यात्रा निकालते हुए सभी से उक्त बिल का समर्थन करने का आहवाहन किया।

शहर के रामलीला मैदान अलीगंज में विधान सभा सम्मेलन के साथ-साथ दीवार लेखन व हस्ताक्षर अभियान, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए

- नारी शक्ति बंधन बिल के समर्थन में चलाया गया दीवार लेखन व हस्ताक्षर

गए। मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद रमा निरंजन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी को बराबरी का हक देने के उद्देश्य से सकारात्मक कदम उठा रहे हैं। मातृ शक्तियों को सशक्त बनाने को लेकर नारी शक्ति बंधन अधिनियम आने वाले समय में बड़े मजबूत आधार के रूप में देखा जाएगा। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी



ने कहा की प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आगामी 18 अप्रैल को पारित होने वाले नारी शक्ति बंधन अधिनियम महिलाओ को संसद और विधान सभाओ में अधिक भागीदारी करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। राजनीति में उनकी भागीदारी को सशक्त बनाता है। इनके अलावा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना और मुद्रा योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ, आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया गया है। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि नारी को केवल संरक्षण नहीं बल्कि अवसर और नेतृत्व देना भाजपा का दृष्टिकोण है। महिलायें पंचायत से लेकर संसद तक अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है। कार्यक्रम में श्रद्धा निगम, निशा गुप्ता, प्रीति गुप्ता, वंदना गुप्ता, अंजू दमेले, निरूपिमा सिंह, निर्मला गौतम, रूपा चैहान, ममता मिश्रा, छाया सिंह, मालती गुप्ता, सुमन तिवारी, अर्चना मिश्रा, सुमन शर्मा के अलावा अमित सेठ भोलू, उत्तम सक्सेना, रजत सेठ, निखिल सक्सेना, अनरुद्ध त्रिपाठी, दुर्गा चैरसिया आदि मौजूद रहे।

## जनहित व ईमानदारी के चलते जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता की हो रही प्रशंसा



**बिजनौर।** जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता अपनी सख्त कार्यशैली, निष्पक्ष निर्णय और ईमानदार छवि के चलते जिला मुख्यालय से लेकर प्रदेश की राजधानी लखनऊ तक खूब चचाओं में हैं। प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने जिस प्रकार की कार्यप्रणाली अपनाई है, उसने पूरे विभाग में नई कार्यसंस्कृति स्थापित करने का काम किया है। जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता ने पदभार संभालने के बाद से ही स्पष्ट कहा था कि सरकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता एंव भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी दिशा में उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों की गहन जांच करवाई। जांच के दौरान कई योजनाओं में खामियां और अनियमितताएं उजागर हुईं, तो उन्होंने बिना किसी दबाव के दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित कराई। रचना गुप्ता की सख्ती से जहां आम जनता में प्रशासन के प्रति भरोसा मजबूत हुआ है वहीं विभागीय कर्मचारियों में भी जिम्मेदारी और अनुशासन का माहौल बना है। रचना गुप्ता अपने कर्तव्यों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और बिना भेद-भाव तथा बिना किसी दबाव के कार्य करने में जुटीं हुई है। जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता का कहना है कि सत्य को कुछ समय के लिए छुपाया जा सकता है, लेकिन अंत में जीत हमेशा सच्चाई और सत्य की ही होती है। मेरा उद्देश्य केवल जनहित में पारदर्शी और ईमानदारी से कार्य करना है।

## आग से गृहस्थी राख, जली दस हजार की नगदी



**बांदा।** शार्ट सर्किट से बदौसा के बंगालीपुरवा में आग से किसान का घर-गृहस्थी का सामान जल गया। किसान ने बताया कि नीद के अचानक खुल जाने से जनहानि नही हुई। पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे रह रहा है। बदौसा कस्बे के बंगालीपुरवा निवासी किसान रामऔतार वर्मा के घर मे देर रात लगी आग से गेंहू, सरसों, अरहर, चावल सहित घर गृहस्थी सहित पूरा घर जलकर राख हो गया। पीड़ित किसान ने बताया कि ससुराल से मायके आई पुत्री गुड़िया का भी बैग जिसमें कपड़ो के अलावा दस हजार रुपये थे वह भी आग की चपेट में आकर जल गया। किसान ने बताया कि घर के पास से एक ट्यूबबेल कनेक्शन से आग लगी है। जब लपटें उठने लगी तो नीद खुलने पर सभी परिवारीजनों को जगाने के बाद बाहर निकल पाए। बताया कि आग की लपटें इतनी तेज थी कि फायरब्रिगेड की गाड़ी आने के पहले ही पूरा घर जल गया। पीड़ित किसान सहित आसपास पड़ोसियों ने प्रशासन से तत्काल राहत दिलाये जाने की मांग की है। पड़ोसियों ने बताया कि नीद खुल जाने से एक बड़ा हादसा टल गया।

# सस्ती जमीन का झांसा देकर 11 लाख की ठगी

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी और जालसाजी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। नोएडा निवासी एक व्यक्ति को सस्ती जमीन दिलाने का लालच देकर चार जालसाजों ने कथित तौर पर 11 लाख रुपये हड़प लिए और बाद में जान से

- जान से मारने की धमकी देकर की वसूली

मारने की धमकी देकर अतिरिक्त वसूली भी की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नोएडा के सेक्टर-11 निवासी राजेश कुमार सिन्हा ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उन्हें ललितपुर में जमीन की आवश्यकता थी। दिसंबर 2025 में उनकी मुलाकात योगेश चन्द्र सक्सेना (आगरा), फैज मोहम्मद, मो. इमरान (शामली) और आशुतोष तिवारी (बिहार) से हुई। इन चारों ने खुद को गल्ला मंडी स्थित एक 10 बीघा जमीन का मालिक व साझीदार बताया। आरोपियों ने पीड़ित को भरोसा दिलाया कि वह बाजार भाव से काफी कम दर (40 लाख रुपये प्रति बीघा) पर जमीन बेच रहे हैं। झांसे में आकर राजेश सिन्हा ने 6 जनवरी 2026 को आरोपियों को 11 लाख रुपये बतौर टोकन मनी दे दिए। आरोपियों ने वादा किया था कि जमीन पर लगा बिजली का खंभा हटवाकर 15-20 दिनों में रजिस्ट्री कर दी जाएगी। समय बीतने के बाद जब रजिस्ट्री नहीं हुई, तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी। आरोप है कि 15 मार्च 2026 को जब पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने उसे भद्दी गालियां दीं और जान से मारने का डर दिखाकर 40 हजार रुपये की जबरन वसूली (एक्सटॉर्शन) भी की। बाद में जांच करने पर पता चला कि उक्त जमीन आरोपियों की है ही नहीं और वह फर्जी मालिक बनकर लोगों को ठगते हैं।

### अंतरराज्यीय गिरोह होने की आशंका

पीड़ित के अनुसार, इन आरोपियों के खिलाफ प्रयागराज और आगरा सहित अन्य जनपदों में भी धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के मामले दर्ज हैं। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 308(5), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

## किसान दिवस में गूंजा गेंहू खरीद और वारदाना का मुद्दा




जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जिला पंचायत सभागार में सीडीओ शेषनाथ चैहान की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं किसानों ने भाग लिया। बैठक में कृषि क्षेत्र से जुड़े सिंचाई, बिजली, बैंक, कृषि,

- बारदाने की कमी पर अधिकारियों ने दिया आश्वासन

उद्यान, सहकारिता, विपणन, चकबंदी, दुग्ध एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक तथा फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद रहे। किसान दिवस में किसानों ने वर्ष 2025-26 की गेंहू खरीद को लेकर बारदाने (जूट बोरे) की कमी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। किसानों ने बताया कि बोरे की कमी के कारण न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद में परेशानी हो रही है।

इस पर अपर जिला सहकारी अधिकारी एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही जनपद में पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध कराया जाएगा। किसानों ने सुझाव दिया कि विपणन विभाग के 6 खरीद केन्द्रों को बंद कर वहां उपलब्ध बारदाना सहकारिता विभाग के 20 क्रय केन्द्रों पर उपलब्ध कराया जाए, जिससे खरीद प्रक्रिया तेज और सुगम हो सके। साथ ही उन्होंने खरीद केन्द्रों की दैनिक क्षमता 300 कुंतल से बढ़ाकर 600 कुंतल करने की मांग भी रखी। वहीं किसान मलखान सिंह यादव ने थनवारा क्षेत्र में किसानों के केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) न बनने की शिकायत की, जिस पर जिला अग्रणी बैंक प्रतिनिधि ने संबंधित शाखा प्रबंधक से वार्ता कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

किसान बाबूलाल दुबे ने मांग की कि मंडी में कोई भी व्यापारी न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दर पर खरीद न करे और शासनादेश का कड़ाई से पालन कराया जाए। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

किसानों में मलखान सिंह यादव, नवनीत शर्मा, केहर सिंह बुंदेला, शब्बीर खान मंसूरी, नवीन जैन, सुम्मेर सिंह, बाबूलाल दुबे, पहाड़ सिंह, कीरत बाबा, आशीष कौशिक, लक्ष्मण सिंह, सुरेंद्र कुमार, मुलायम सिंह, उर्मिला एवं आनंद देवलिया सहित कई किसान शामिल हुए।

## सब इंस्पेक्टर बनने पर जगन्नाथ सिंह को सीओ ने लगाए स्टार, शुभचिंतकों ने दी बधाई



**बिजनौर।** हेड कांस्टेबल जगन्नाथ सिंह को सब-इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नत किया गया। इस अवसर पर अफजलगढ पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह और एसएसआई श्रीपाल सिंह ने उन्हें स्टार लगाकर सम्मानित किया। नगीना थाने में पूर्व में तैनात एंव हाल में अफजलगढ थाने में माल मुहर्रिर हेड कांस्टेबल जगन्नाथ सिंह मूल रूप से सहारनपुर जिले के गांव सिरसली कलां के निवासी हैं। जगन्नाथ सिंह ने बताया कि वह वर्ष 1995 में देहरादून में कांस्टेबल पद पर पुलिस विभाग में भर्ती हुऐ थे। उन्होंने अपनी तैनाती के दौरान जनपद मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर के विभिन्न थानों में सेवाएं दीं। पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह ने कहा कि विभाग में ऐसे कर्मठ पुलिसकर्मियों की वजह से कानून-व्यवस्था मजबूत बनी रहती है। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि सब-इंस्पेक्टर के रूप में भी जगन्नाथ सिंह अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करेंगे। समारोह में कोतवाली स्टाफ के अन्य पुलिसकर्मियों ने भी उन्हें फूलमाला पहनाकर शुभकामनाएं दीं। जगन्नाथ सिंह की पदोन्नति पर उनके शुभचिंतक बाबू मदनपाल सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम कुमार शर्मा, अमित शर्मा, पूर्व सभासद महमूद अहमद, मान्यता प्राप्त पत्रकार शहजाद अंसारी, अलीम सलमानी, रिहान अंसारी, प्रधान आफताब अंसारी सहित क्षेत्र के गणमानीय नागरिकों ने बधाई दी है।

## सीएसआर के तहत करायीं गतिविधियां



**महोबा।** पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत छात्राओं को इसके शैक्षिक, सामाजिक तथा व्यवसायिक लाभों के बारे में अवगत कराया गया। प्रधानाचार्या सरगम खरे ने बताया कि यह एक बहुआयामी व्यवस्था है जिसके अंतर्गत छात्राएं स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा तथा आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में आगे बढ़कर सशक्त और मजबूत बन सकती हैं। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत सरकार के द्वारा विभिन्न लाभदायी योजनाएं संचालित की जा रही है। जिनका प्रशिक्षण लेकर छात्राएं अपने पैरों पर खड़ी हो सकती हैं। इस मौके पर नीलम सोनी, नीरज प्रभा, शांति रैकवार, शबाना, नेहा नगायच , छात्रायें तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

## नजूल भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत

ललितपुर। सरकारी नजूल भूमि पर कथित अवैध कब्जे को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत की गई है। नई बस्ती निवासी बृजेन्द्र सिंह गौर ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कमेटी पर जमीन कब्जाने का आरोप लगाया है। शिकायत में बताया गया है कि नगर पालिका परिषद ललितपुर की सीमा के अंतर्गत आराजी संख्या 514, 515, 516, 517 एवं 518 स्थित भूमि पर कमेटी द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया है। आरोप है कि आराजी संख्या 514 के लगभग आधा एकड़ हिस्से को बाउंड्रीवाल बनाकर घेर लिया गया है, जो कि सरकारी नजूल भूमि है। उन्होंने ने यह भी उल्लेख किया है कि शासन स्तर से नजूल भूमि को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश जारी हैं, इसके बावजूद संबंधित भूमि पर कब्जा बना हुआ है। बृजेन्द्र सिंह गौर ने जिलाधिकारी से मांग की है कि उक्त भूमि की पैमाइश कराकर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए।

## पीड़ित परिवार को मिल रही धमकियां

फतेहपुरःजनपद के थाना जाफरगंज क्षेत्र में दर्ज एक गंभीर पॉक्सो मामले में अब तक चार्जशीट दाखिल न होने से पीड़ित परिवार में भारी आक्रोश है। प्रार्थी भयंकर लाल ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि दिनांक 24 अप्रैल 2025 को अपराध संख्या 0039/25 के तहत धारा 75(1), 333, 351(2), 115(2) एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया गया था, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बावजूद विवेचक द्वारा चार्जशीट न्यायालय में पेश नहीं की गई ।पीड़ित ने यह भी गंभीर आरोप लगाया कि मामले के अभियुक्त लगातार वादी मुकदमा और उसकी नाबालिग पुत्री प्रियांशी को धमका रहे हैं, जिससे पूरा परिवार भय के साए में जीने को मजबूर है। पीड़ित परिवार ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि इतनी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद कार्रवाई में हो रही देरी न्याय व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है ।पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि संबंधित विवेचक को तत्काल निर्देशित कर चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कराई जाए।

## बीस अप्रैल को धूमधाम से मनायी जायेगी भगवान परशुराम जयंती

ललितपुर। ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जयंती को इस वर्ष भी धूमधाम से मनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस संबंध में बुधवार को ब्राह्मण महामंडल धर्मशाला गांधीनगर में स्वजातीय बंधुओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता ब्राह्मण महामंडल (रजि.) अध्यक्ष अशोक कुमार पटैरिया ने की। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भगवान परशुराम (प्रकटोत्सव) जयंती 20 अप्रैल 2026 को सुबह 11 बजे बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। बैठक में समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें डा.एस.पी. पाठक, शिवनारायण संज्ञा, महेंद्र रावत, संतोष शर्मा, आत्माराम रिछारिया, बृजेश चतुवेर्दी, नरेंद्र कुमार चैबे, श्यामाकांत आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## सैमसंग के साथ मनायें शुभ अक्षय तृतीया

गुरुग्राम। सैमसंग ने अपने 'बीस्पोक एआई' होम अप्लायंसेज की रेंज पर शुभ अक्षय तृतीया सेल की घोषणा की है। समृद्धि और नई शुरुआत के जश्न को ध्यान में रखते हुए, ये ऑफर्स बचत और लंबे समय तक चलने वाली वैल्यू का बेहतरीन मेल हैं। इनका मकसद ग्राहकों को स्मार्ट और एआई-पावर्ड जीवनशैली अपनाने में मदद करना है। सैमसंग अपने बीस्पोक एआई अप्लायंसेज पर आकर्षक लाभ दे रहा है, जिसमें रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, एयर कंडीशनर और माइक्रोवेव पर कैशबैक शामिल है। इसके अलावा, ग्राहकों को एयर कंडीशनर पर 5 साल की कॉम्प्रिहेंसिव (पूर्ण) वारंटी मिलेगी।

## पोलारिस स्मार्ट मीटरिंग को मिला 40 मिलियन डॉलर वित्त पोषण

नई दिल्ली। पोलारिस स्मार्ट मीटरिंग प्राइवेट लिमिटेड ने आज घोषणा की कि उसने अपनी अनुषंगी हुगली स्मार्ट मीटरिंग प्राइवेट लिमिटेड के लिए ब्रिटेन के विकास वित्त संस्थान और प्रभावी निवेशक ब्रिटिश इंटरनेशनल इनवेस्टमेंट (बिल) से 710 करोड़ रुपये का वित्त पोषण हासिल किया है। इस वित्त पोषण से उसे पश्चिम बंगाल में 22 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाने में मदद मिलेगी जिससे पोलारिस के एडवांस्ड मीटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार होगा और भारत के व्यापक ऊर्जा परिवर्तन एजेंडा को आगे बढ़ाने में योगदान मिलेगा।भारत का बिजली वितरण क्षेत्र एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है क्योंकि यह एक ऐसे स्वच्छ, अधिक कुशल और डिजिटल युक्त ऊर्जा भविष्य के निर्माण की दिशा में काम कर रहा है। वितरण कंपनियां हाई एग्रीगेट टेक्निकल एवं कॉमर्शियल हानि, परिचालन अक्षमताओं और अक्षय ऊर्जा एकीकरण में सहायक ढांचे के आधुनिकीकरण की बढ़ती जरूरत सहित संरचनात्मक चुनौतियों का निरंतर सामना कर रही हैं।

## एसएंडपी ग्लोबल ने भारत में उपस्थिति मजबूत की

गुरुग्राम। एसएंडपी ग्लोबल ने डाउनटाउन गुरुग्राम में अपने अत्याधुनिक कार्यालय का उद्घाटन करने की आज घोषणा की। यह कदम इस कंपनी की इस शहर में दीर्घकालीन उपस्थिति में एक बड़े निवेश का प्रतीक है और इस देश में एसएंडपी ग्लोबल के 16,000 से अधिक सहकर्मियों की उपस्थिति के साथ प्रतिभा के लिए एक रणनीतिक केंद्र के तौर पर भारत की भूमिका को बल प्रदान करता है। इस नए डाउनटाउन कार्यालय में टेक्नोलॉजी, डेटा, ऑपरेशंस और ग्राहक सफलता के कार्यों में एक हाइब्रिड वर्क मॉडल में 3,500 से अधिक सहकर्मी कार्य करेंगे। भारत विश्व के लिए तैयार है और यह विश्व में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। मौलिकता की हमारी वैश्विक रणनीति के अनुरूप असाधारण प्रतिभा के साथ यह एसएंडपी ग्लोबल के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण केंद्र है।

## पहली बार आयोजित वर्ल्ड डायमंड डे में लोग उत्साह के साथ हुए शामिल

नयी दिल्ली। पहली बार आयोजित वर्ल्ड डायमंड डे के मौके पर ये कहानियां केंद्र में रहीं, जब देशभर के लोग हर हीरे के पीछे छिपे अर्थ और भावनाओं को समझने के लिए एक साथ आए। वर्ल्ड डायमंड डे ऐसा मंच है, जहां लोग यह साझा कर सकते हैं कि उनके लिए हीरे का क्या महत्व है। आज के समय में, खासकर युवा वर्ग, जश्न मनाने के ज्यादा मायनेपूर्ण तरीके तलाश रहा है। यह पहल ऐसे पलों को याद करने और उन्हें महत्व देने का मौका देती है। प्राकृतिक हीरे हमारी यादों को सहेजने का सबसे खूबसूरत माध्यम हैं। यह दिन हमें यह भी याद दिलाता है कि हम जो करते हैं, उसका मकसद लोगों के जीवन में खुशी, भावनाएं और अर्थ जोड़ना।

## अनुभव सिन्हा की अस्सी न्याय, खामोशी और समाज को गहराई से परखती है

नयी दिल्ली। सिनेमाघरों में अपने प्रदर्शन के दौरान चर्चा का विषय बनने और समीक्षकों से सराहना प्राप्त करने के बाद, अस्सी अब 17 अप्रैल को हिंदी जी 5 पर अपने डिजिटल प्रीमियर के लिए तैयार है। अनुभव सिन्हा द्वारा निर्देशित और बनारस मीडियावर्क्स तथा टी-सीरीज फिल्म्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में तापसी पन्नू, मोहम्मद जीशान अय्यूब, कानी कुसरुति, रेवती, मनोज पाहवा, कुमुद मिश्रा, नसीरुद्दीन शाह, सुप्रिया पाठक और सीमा पाहवा जैसे दमदार कलाकारों की प्रभावशाली टोली नजर आएगी। एक प्रभावशाली कोर्टरूम ड्रामा, अस्सी एक वकील (तापसी पन्नू) की कहानी है, जो एक भयानक दुष्कर्म मामले को लड़ने का निर्णय लेती है और इस प्रक्रिया में केवल अपराध, बल्कि उससे जुड़ी व्यवस्था की संवेदनहीनता का भी सामना करती है।

# सेंसेक्स में 123 अंकों की गिरावट

मुंबई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 123 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी 35 अंक के नुकसान में रहा। हाल की तेजी के बाद बैंक और वित्तीय शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती बढ़त को गंवाते हुए 122.56 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,988.68 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स तेजी के साथ खुला और 78,730.32 अंक तक पहुंच गया।

हालांकि, बाद में ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली से यह गिरावट के साथ 77,674.93 अंक के निचले स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 1,055.39 अंक का उतार-चढ़ाव देखने को मिला। एनएसई निफ्टी भी 34.55 अंक यानी 0.14 प्रतिशत टूटकर 24,196.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एचडीएफसी बैंक, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में ट्रेंट, इटर्नल, अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और इन्फोसिस शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.51 प्रतिशत बढ़कर 96.36 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। भारतीय बाजार में आज उतार-चढ़ाव देखने को मिला। यह हाल की तेजी के बाद सुधार की ओर बदलाव को दर्शाता है। बेहतर वैश्विक संकेतों और भू-राजनीतिक चिंताओं में कमी के कारण सूचकांक सकारात्मक शुरुआत के साथ खुला, लेकिन बाद मुनाफावसूली के कारण उच्च स्तर को बनाए रखने में विफल रहा। उन्होंने कहा कि वृहद परिप्रेक्ष्य से, पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रमों के प्रति बाजार धारणा संवेदनशील बनी हुई है। यूरोप के बाजार दोपहर के कारोबार में सकारात्मक दायरे में थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को ज्यादातर बढ़त के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 666.15 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वैश्विक तनाव कम होने के संकेत के बीच सेंसेक्स बुधवार को 1,263.67 अंक बढ़कर 78,111.24 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 388.65 अंक बढ़कर 24,231.30 अंक पर रहा था।



# रुपया 10 पैसे की बढ़त के साथ 93.23 प्रति डॉलर पर

मुंबई। पश्चिम एशिया में संघर्ष विराम की उम्मीदों के बीच वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के चलते रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 10 पैसे मजबूत होकर 93.23 (अस्थायी) पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि आयातकों की ओर से डॉलर की मांग बढ़ने और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी ने स्थानीय मुद्रा की बढ़त को सीमित कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि कच्चे तेल की कीमतें 95 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहने से घरेलू मुद्रा में तेजी आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.29 पर खुला और दिन के कारोबार में डॉलर के मुकाबले 93.16 के ऊपरी और 93.35 के निचले स्तर तक गया। कारोबार के अंत में यह 93.23 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 10 पैसे की बढ़त है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे बढ़कर 93.33 पर बंद हुआ था। रुपये की बढ़त मुख्य रूप से अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने की उम्मीदों से प्रेरित है। इस वजह से पिछले 48 घंटों में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई है और इससे भारत के आयात बिल पर दबाव कम हुआ है। हालांकि, यह सुधार नाजुक बना हुआ है, क्योंकि बाजार की भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर करीब से नजर है और कच्चे तेल की कीमतों में किसी भी तरह की तेजी का असर रुपये पर तुरंत पड़ सकता है। रुपये का दायरा 92.75-93.75 के बीच रह सकता है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.18 प्रतिशत बढ़कर 98.03 पर पहुंच गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.65 प्रतिशत बढ़कर 96.50 डॉलर प्रति बैरल पर था। पश्चिम एशिया में संकट जल्द खत्म होने की उम्मीदों के बीच कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गईं। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 666.15 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।



# एशिया वैश्विक वृद्धि में मुख्य भूमिका निभाता रहेगाः आईएमएफ

वाशिंगटन। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बृहस्पतिवार को कहा कि एशिया वैश्विक वृद्धि का मुख्य चालक बना रहेगा, जिसमें भारत और चीन क्षेत्रीय विस्तार में 70 प्रतिशत का योगदान देंगे। साथ ही संगठन ने यह भी कहा कि खाड़ी संकट के कारण ऊर्जा का झटका इस क्षेत्र को नकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा।

आईएमएफ ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी शुल्क और व्यापारिक अनिश्चितता के चलते क्षेत्रीय वृद्धि दर के 2026 में घटकर 4.4 प्रतिशत और 2027 में 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह आंकड़ा 2025 में पांच प्रतिशत था। आईएमएफ के एशिया प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन ने यहां पत्रकारों से कहा, एशिया ने 2026 में एक मजबूत स्थिति के साथ प्रवेश किया है और अमेरिकी शुल्कों तथा बढ़ती अनिश्चितता का खामियाजा भुगतने के बावजूद क्षेत्र की वृद्धि दर जुझारू बनी हुई है। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की जीवाश्म ईंधन पर उच्च निर्भरता और प्रमुख वस्तुओं के लिए संघर्ष वाले क्षेत्रों पर निर्भरता को देखते हुए, ऊर्जा का नया झटका उन्हें नकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा कि इस संकट के कारण मुद्रास्फीति बढ़ रही है, बाहरी संतुलन कमजोर हो रहा है।

# चांदी की 2058 रुपये चढ़कर 2.53 लाख रुपये प्रति किलोग्राम

नयी दिल्ली। अमेरिकी व्यापार नीति को लेकर नई अनिश्चितता के बीच वायदा कारोबार में चांदी की कीमत बृहस्पतिवार को 0.82 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,53,800 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मई में आपूर्ति वाली चांदी की कीमत 2,058 रुपये या 0.82 प्रतिशत चढ़कर 2,53,800 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसमें 2,095 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, बाजार प्रतिभागियों द्वारा नए सौदे किए जाने से चांदी की कीमतों में यह तेजी आई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स पर चांदी का वायदा भाव 80.41 डॉलर या 1.84 प्रतिशत की बढ़त के साथ 90.44 डॉलर प्रति औंस हो गया। वहीं मजबूत हाजिर मांग के बीच सटोरियों के नए सौदे करने से वायदा कारोबार में सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 851 रुपये चढ़कर 154,799 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मई में आपूर्ति वाले सोने के अनुबंध का भाव 851 रुपये या 0.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,54,799 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसमें 1,064 लॉट का कारोबार हुआ।



# यूरोप के पास केवल छह सप्ताह का विमान ईंधन बचा है : आईईए

पेरिस। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख फातिह बिरोल ने बृहस्पतिवार को कहा कि यूरोप के पास संभवतः करीब छह हफ्ते का विमान ईंधन ही बचा है और यदि ईरान युद्ध के कारण तेल आपूर्ति बाधित रहती है तो जल्द ही उड़ानें रद्द हो सकती हैं।

पश्चिम संकट के वैश्विक प्रभावों की गंभीर स्थिति बयां करते हुए इसे अब तक का सबसे बड़ा ऊर्जा संकट करार दिया। होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिये तेल, गैस एवं अन्य महत्वपूर्ण आपूर्ति के बाधित होने से यह ऊर्जा संकट उत्पन्न हुआ है। पहले डायर (भयानक) स्ट्रेट्स नाम का एक समूह था। अब यह सचमुच एक डायर स्ट्रेट बन गया है और इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर पड़ेगा। यह जितना लंबा चलेगा, वैश्विक आर्थिक वृद्धि और महंगाई के लिए उतना ही खराब होगा। इसका प्रभाव पेट्रोल (गैसोलीन) की ऊंची कीमतें, गैस की बढ़ती कीमतें और बिजली की महंगी दरों के रूप में दिखाई देगा जबकि दुनिया के कुछ हिस्से दूसरों की तुलना में अधिक प्रभावित होंगे। सबसे ज्यादा असर एशियाई देशों पर पड़ेगा जो पश्चिम एशिया से ऊर्जा पर निर्भर हैं जिनमें जापान, दक्षिण कोरिया, भारत, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश शामिल हैं। इसके बाद इसका प्रभाव यूरोप और अमेरिका पर पड़ेगा।

# वाणिज्यिक कोयला खदानों की होगी 15 वीं नीलामी

नयी दिल्ली। कोयला मंत्रालय बढ़ती ऊर्जा मांग के बीच कोयला उत्पादन में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने के प्रयासों के तहत वाणिज्यिक कोयला खदानों की 15वीं नीलामी शुक्रवार को शुरू करेगा।

साथ ही हितधारकों के साथ परामर्श बैठक की जाएगी। मुंबई में होने वाली यह परामर्श बैठक उद्योग जगत की कंपनियों, निवेशकों और राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों को एक साथ लाएगी जहां नीलामी की प्रक्रियाओं, खनन सुधारों एवं वाणिज्यिक कोयला ब्लॉक ढांचे में मौजूद अवसरों पर चर्चा की जाएगी। यह चरण 2020 में शुरू किए गए सरकार के कोयला क्षेत्र उदारीकरण अभियान में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। इसके पिछले 14 चरण में 100 से अधिक ब्लॉक की पेशकश की गई तथा महत्वपूर्ण निवेश आकर्षित हुआ। आधिकारिक बयान में कहा गया, कोयला मंत्रालय 17 अप्रैल 2026 को आत्मनिर्भर भारतः ऊर्जा सुरक्षा के लिए कोयला विषय पर हितधारक परामर्श का आयोजन करने के साथ ही वाणिज्यिक कोयला खदानों की 15वीं नीलामी की शुरुआत करेगा। वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी की सफलता के आधार पर कोयला मंत्रालय अधिक उत्पादन, दक्षता एवं आत्मनिर्भरता के जरिये भारत के ऊर्जा क्षेत्र को आगे बढ़ा रहा है।



## प्रदेश के सरकारी स्कूलों में स्कूल सौंदर्यीकरण कार्यक्रम चलायेगी बर्जर पेंट्स

लखनऊ। साल-दर-साल बढ़ते तापमान के कारण अब ठंडा रहना सिर्फ आराम की बात नहीं रह गई है। बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड ने बढ़ती गर्मी से निपटने के लिए एक ज्यादा बेहतर और प्रभावी समाधान देते हुए अपनी 'होम कूलिंग पेंट्स रेंज' पेश की है। इसके साथ ही कंपनी ने देशभर में गर्मी गॉन, ठंडक ऑन कैंपेन भी शुरू किया है, जो जीवन जीने के ज्यादा स्मार्ट और ऊर्जा-कुशल तरीकों को बढ़ावा देता है। यह समझते हुए कि घरों में गर्मी का एक बड़ा हिस्सा दीवारों, छतों और बाहरी ढांचों के जरिए अंदर आता है, बर्जर पेंट्स की होम कूलिंग रेंज बर्जर एंटी डस्ट कूल और बर्जर रूफ कूल एंड सील जैसे इनोवेटिव प्रोडक्ट्स के जरिए इसका व्यावहारिक समाधान देती है। बर्जर पेंट्स स्माइल फाउंडेशन के साथ साझेदारी कर इन कूलिंग समाधानों को उन समुदायों तक भी पहुँचा रहा है, जहाँ इनकी सबसे ज्यादा जरूरत है।

## कोका-कोला इंडिया का नया कैंपेन लॉन्च

नई दिल्ली। कोका-कोला ने आज अपने नए कैंपेन की घोषणा की है, जिसमें दिलजीत दोसांझ और जान्हवी कपूर नजर आएंगे। यह कैंपेन रोजमर्रा की जिंदगी के छोटे-छोटे पलों में कोका-कोला हाफटाइम के विचार को जीवंत करता है। इस कैंपेन का मूल आधार यह विश्वास है कि एक 'हाफटाइम' का मतलब सिर्फ दिन को कुछ देर के लिए रोकना नहीं, बल्कि आपको फिर से उस पल से जोड़ना होना चाहिए। कोका-कोला अपने लाजवाब और ताजगी भरे स्वाद के साथ उस स्फूर्तिदायक ब्रेक की भूमिका निभाता है, जो रोजमर्रा के अनुभवों में अपनेपन और जुड़ाव का अहसास कराता है। यह एक सरल और सहज हिस्सा बन जाता है—एक ऐसा छोटा लेकिन असरदार 'हाफटाइम', जो लोगों को वर्तमान में रहने, अपने आसपास के लोगों के करीब महसूस करने और अपने माहौल के साथ तालमेल बिठाने में मदद करता है।

# सरकार ने स्वच्छ ईंधन प्रणाली को मजबूत किया

नई दिल्ली। भारत सरकार, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के माध्यम से उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुरक्षा, पारदर्शिता और सिस्टम की अखंडता पर ध्यान केन्द्रित करते हुए खाना पकाने में इस्तेमाल होने वाले स्वच्छ ईंधन के सिस्टम को मजबूत बना रही है। एक राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत ने जमाखोरी जैसे गलत तरीकों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है, साथ ही देश भर में बिना रूकावट एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा टेक्नोलॉजी के उपयोग एवं वितरण नेटवर्क पर कड़ी निगरानी रखते हुए जवाबदेहिता और सर्विस डिलीवरी में सुधार लाया जा रहा है, जिससे सिस्टम में उपभोक्ताओं का भरोसा और बढ़ रहा है। स्वच्छ ईंधन को सुलभ बनाने के लिए व्यापक नीतियों के तहत पीएनजी इंफ्रास्ट्रक्चर के तीव्र विस्तार से इन प्रयासों को और गति मिली है। उपलब्धता के स्थिर होने के साथ पारदर्शिता बढ़ रही है, उपभोक्ताओं की सोच में एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। अब उपलब्धता को लेकर चिंता के बजाए और सेवा की विश्वसनीयता पर उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ रहा है। यह दृष्टिकोण मजबूत, उपभोक्ता-केंद्रित और भविष्य के लिए तैयार स्वच्छ ईंधन इकोसिस्टम बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## इंस्टाग्राम ने 13+ कंटेंट रेटिंग्स से प्रेरित होकर टीन अकाउंट्स का विस्तार किया

नई दिल्ली। इंस्टाग्राम अपने टीन अकाउंट्स को और बेहतर बनाकर इसका विस्तार कर रहा है। यह नया वर्जन 13+ उम्र की फिल्मों की रेटिंग और माता-पिता की सलाह से प्रेरित है। हमारा लक्ष्य है कि भारत के टीनेजर्स को डिफॉल्ट रूप से वही कंटेंट दिखे जो उनकी उम्र के हिसाब से उचित हो झ ठीक वैसे ही जैसे 13+ रेटेड फिल्म में दिखाया जाता है। अगर माता-पिता और ज्यादा सख्त नियंत्रण चाहते हैं, तो वे एक नई सेटिंग लिमिटेड कंटेंट चुन सकते हैं। इससे उनके टीनएजर को इंस्टाग्राम पर जो कंटेंट दिखता है, उस पर ज्यादा नियंत्रण मिलेगा। आज हम भारत में उम्र के लिए उपयुक्त इंस्टाग्राम के 13+ कंटेंट रेटिंग और लिमिटेड कंटेंट सेटिंग का विस्तार करने की घोषणा कर रहे हैं। इसका मतलब है कि टीनेजर्स को इंस्टाग्राम पर डिफॉल्ट रूप से वही कंटेंट दिखेगा जो उनकी उम्र के हिसाब से उचित फिल्म में दिखाया जाता है।

## पेज एक का शेष

### पाकिस्तान से

लक्ष्मी सिंह ने बताया कि इस मामले में अब तक 62 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें साजिश रचने वाले, आग लगाने वाले और उपद्रवी शामिल हैं। सभी को जेल भेज दिया गया है। साथ ही इस मामले में पुलिस ने कुल 13 केस दर्ज किए हैं। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के मुताबिक, 31 मार्च और 1 अप्रैल को रूपेश राय, मनीषा चौहान और आदित्य आनंद नोएडा में एकसाथ थे। उसके बाद इन्होंने सोची-समझी साजिश के तहत वॉट्सऐप ग्रुप बनाकर श्रमिकों को हिंसा भड़काने के लिए उकसाया। पूरे मामले की आगे जांच जारी है।

### टीएमसी ने

राजधानी बनाया जाएगा। योगी ने लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि बंगाल की जनता को अब तृणमूल कांग्रेस की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, पिछले 15 वर्षों से बंगाल पहचान के संकट का सामना कर रहा है। तृणमूल कांग्रेस सरकार में आतंक, जबरन वसूली, भ्रष्टाचार और माफिया राज प्रदेश की पहचान बन गए हैं। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि आम लोगों, खासकर महिलाओं और युवाओं के बीच डर का माहौल उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा, लोग खौफ में जी रहे हैं। बेटियां और बहनें सुरक्षित नहीं हैं, युवाओं का कोई भविष्य नहीं है और राजनीतिक संरक्षण में माफिया पनप रहे हैं। भाजपा इस माफिया संस्कृति को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए योगी ने आरोप लगाया कि राज्य विभिन्न माफियाओं के कब्जे में है। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी के नेतृत्व में बंगाल रेत माफिया, कोयला माफिया, भूमि माफिया और पशु माफिया के हाथों में चला गया है। ये माफिया राजनीतिक संरक्षण में फल-फूल रहे हैं।

### आज पारित

की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा संविधान ने हमें यहां बैठकर देश को टुकड़ों में सोचने का अधिकार ही नहीं दिया है। ना टुकड़ों में सोच सकते हैं, न टुकड़ों में निर्णय ले सकते हैं। निराधार बात है, इसमें रत्ती भर सचाई नहीं है। उन्होंने कहा केवल राजनीतिक लाभ लेने के लिए बवंडर खड़ा किया जा रहा है। मैं बड़ी जिम्मेदारी से आज सदन में कहना चाहता हूं कि दक्षिण हो, उत्तर हो, पूरब हो पश्चिम हो, छोटे राज्य हों, बड़े राज्य हों, निर्णय प्रकिया किसी के साथ भेदभाव नहीं करेगी। यह निर्णय प्रक्रिया किसी के साथ अन्याय नहीं करेगी। मोदी ने कहा अतीत में जो सरकारें रहीं, जिनके कालखंड में परिसीमन हुआ और जो अनुपात उस समय से चला आ रहा है, उसमें कोई बदलाव नहीं होगा और वृद्धि भी उसी अनुपात में होगी। जब तमिलनाडु की एक सांसद ने गारंटी देने की बात कही तो प्रधानमंत्री ने कहा, अगर गारंटी शब्द चाहिए तो मैं गारंटी देता हूं, वादा शब्द चाहें ते इसका इस्तेमाल करता हूं। तमिल में कोई अच्छा शब्द हो तो उसका इस्तेमाल करता हूं। नीयत साफ है तो शब्दों का खेल करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि जब 25-30 साल पहले महिला आरक्षण का विचार आया था तभी इसे लागू कर दिया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा हम सब भाग्यवान हैं कि हमें देश की आधी आबादी को इस राष्ट्र निर्माण की नीति निर्धारण प्रक्रिया में हिस्सा बनाने का सौभाग्य मिला है। मोदी ने कहा कि हम सभी को इस अहंकार में नहीं रहना चाहिए कि हम नारी शक्ति को कुछ दे रहे हैं। यह उसका अधिकार है। उन्होंने कुछ विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि समय-समय पर सभी ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का समर्थन तो किया लेकिन किसी न किसी बहाने से इसे रोकने का प्रयास करते रहे। उन्होंने कहा तरह-तरह की बहानेबाजी और चीजों को उलझाना अब नहीं चलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कुछ लोगों को लगता है कि इसमें मोदी का राजनीतिक स्वार्थ है।

### लोकसभा में

का जवाब शुक्रवार को विस्तार से देंगे, लेकिन कुछ भ्रांतियों को अभी दूर करना चाहते हैं। शाह ने कहा कि ऐसी धारणा पैदा की जा रही है कि इन तीनों विधेयकों के पारित होने से दक्षिण राज्यों की संख्या लोकसभा में बहुत कम हो जाएगी और उन्हें बड़ा नुकसान होगा। उन्होंने इसे खारिज करते हुए कहा कि कर्नाटक में अभी 28 लोकसभा सीट हैं जो कुल 543 सीट का 5.15 प्रतिशत हैं, लेकिन ये विधेयक पारित होने के बाद कर्नाटक के सदस्यों की संख्या 42 हो जाएगी जो कुल 816 सीटों का 5.14 प्रतिशत होगी। शाह ने कहा कि आंध्र प्रदेश में अभी 25 लोकसभा सीट हैं और उसका प्रतिनिधित्व 4.6 प्रतिशत है जो परिसीमन के बाद 38 (4.65 प्रतिशत) हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में मौजूदा सीट की संख्या 17 (3.13 प्रतिशत) है, जो बाद में 26 (3.18 प्रतिशत) हो जाएंगी। शाह ने कहा मैं तमिलनाडु की जनता को आश्वस्त करना चहता हूं कि उनके प्रतिनिधित्व में भी कोई कमी नहीं आएगी और राज्य को कोई नुकसान नहीं होगा।

### सोनभद्र में

जाना निर्धारित था। लेकिन संबंधित अधिकारियों की ओर से समय रहते आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई, जिससे खदान का संचालन निर्धारित अवधि में शुरू नहीं हो सका। इतना ही नहीं, खदान संचालन की समयसीमा बढ़ाने के लिए भी कोई प्रस्ताव शासन को समय पर नहीं भेजा गया। इस लापरवाही के चलते न केवल खनन कार्य प्रभावित हुआ, बल्कि राजस्व को भी नुकसान पहुंचने की संभावना बनी। इस संबंध में मिर्जापुर मंडलायुक्त की आख्या और संस्तुति के आधार पर राज्य सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं। माला श्रीवास्तव आईएएस निदेशक सचिव ने कार्यवाही करते हुए स्पष्ट संदेश दिया है कि सरकारी राजस्व हितों की रक्षा और कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। खनन जैसे महत्वपूर्ण विभाग में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### बहुउद्देशीय

दक्षता आएगी। लोगों को अलग-अलग विभागों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और सेवाएं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध हो सकेंगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस पहल को सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इससे विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा और नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि पारंपरिक निर्माण शैली के माध्यम से विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत को भी सहेजा जा रहा है। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी कौशल किशोर शुक्ल, उप सचिव लक्ष्मण राम आर्य, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग नीरज त्रिपाठी सहित लोक भवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विकास नगर

को पसीजने वाली तस्वीर उस पिता की रही, जिसने अपनी दोनों बेटियों को हमेशा के लिए खो दिया। बाराबंकी के राम सनेही घाट काशीपुरवा निवासी सतीश ने बताया कि आग लगने के वक्त उनकी दो वर्षीय बेटी स्वाति और दो माह की आयुषी झोपड़ी में सो रही थीं। आग तेजी से फैलने लगी तो परिवार के लोग जान बचाकर बाहर भागे, लेकिन दोनों बेटियों को नहीं निकाल सके। एडीसीपी का कहना है कि मलबे से बरामद दोनों शव सतीश की बेटियों के हैं। बताया कि मामले की जांच चल रही है। राहत और बचाव कार्य में एसडीआरएफ और एनजीआरएफ की टीमें भी जुटी हुई हैं।

पुलिस ने दोनों बच्चियों के शव मिलने के बाद जल्दी ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। करीब 11 बजे दोनों के पोस्टमार्टम हुए और फिर पुलिस ने शव को सुपुर्द कर दिया। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में सतीश ने दोनों बच्चियों के शव को दफनाया और वह परिवार के साथ बाराबंकी गांव चले गए। नाना दुलारे का कहना है कि अगर पुलिस ने उन्हें जाने दिया होता तो शायद उनकी दोनों नातियां जिंदा होती है। उन्होंने कई बार चीख-चीख कर कहा कि दो मासूम बच्चे आग में फंसे हुए है, लेकिन पुलिस ने उनकी नहीं सुनी। बस्ती वालों का कहना है कि झुग्गी के बाहर की तरफ शराब का ठेका है।

### गाजियाबाद में

काम होता है। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मंदार के मुताबिक, आग में 150 से अधिक झुग्गियां जलकर खाक हो गईं, जिससे कई परिवार बेघर हो गए।

उन्होंने बताया कि दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया है, लेकिन पूरे इलाके में धुएं का गुबार है। मंदार के अनुसार, घटना में किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई सूचना नहीं है। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस बात की पुष्टि करने के लिए इलाके में सर्वेक्षण कराया जा रहा है कि कोई व्यक्ति लापता तो नहीं है। जिलाधिकारी ने बताया कि चिकित्सकों की एक टीम मौके पर है और आसपास के अस्पतालों को भी अलर्ट कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आग लगने की वजह अभी स्पष्ट नहीं है, हालांकि अधिकारियों को संदेह है कि अवैध बिजली कनेक्शन में शॉर्ट सर्किट या गैस सिलेंडर से रिसाव के कारण चिंगारी भड़की होगी। अधिकारियों के मुताबिक, प्रभावित परिवारों को अस्थायी आश्रयों में ले जाया गया है और उन्हें राहत सामग्री उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस के अनुसार, मौके पर शीतलन प्रक्रिया पूरी होने के बाद घटना की गहन जांच शुरू की जाएगी।

### ईरान नहीं

नहीं जताई, तो हालात तेजी से बदल सकते हैं। हेगसेथ के मुताबिक, अमेरिकी बल उच्च सतर्कता पर हैं और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं, जिससे क्षेत्र में तनाव लगातार बना हुआ है। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि उसे सोच-समझकर फैसला लेना होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका यह सुनिश्चित करेगा कि ईरान किसी भी हालत में परमाणु हथियार हासिल न कर सके। अमेरिका ने बताया कि वह बेहद कम सैन्य संसाधनों के साथ ईरान पर नौसैनिक नाकेबंदी लागू कर रहा है। अब तक कई जहाजों ने चेतावनी के बाद रास्ता बदल लिया है, जबकि किसी जहाज को जबरन रोका नहीं गया है। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों ने कहा कि उनकी सेनाएं किसी भी समय कार्रवाई के लिए तैयार हैं। यदि स्थिति बिगड़ती है, तो जवाब तुरंत दिया जाएगा।

### ईरान को

शहबाज शरीफ सऊदी अरब, कतर और तुर्किये की चार दिवसीय यात्रा पर हैं, जबकि सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ईरान गया है। अंद्राबी ने बातचीत के दूसरे दौर की संभावना को खारिज करने से परहेज करते हुए कहा अभी तक कोई तारीख तय नहीं की गई है। बातचीत के दूसरे दौर के लिए प्रतिनिधिमंडलों के आगमन और इसके स्वरूप के बारे में पूछे जाने पर अंद्राबी ने कहा, कौन आएगा, प्रतिनिधिमंडल कितना बड़ा होगा, कौन रुकेगा और कौन जाएगा - यह दोनों पक्षों को तय करना है। उन्होंने कहा, हमारे यहां जो बातचीत हुई, उससे संबंधित विवरण और जानकारी हमें बातचीत करने वाले पक्षों द्वारा सौंपी गई थी। अंद्राबी ने यह भी कहा कि परमाणु मुद्दा उन विषयों में से एक है जिन पर देशों द्वारा चर्चा की जा रही है। उन्होंने मीडिया से अटकलों से बचने का आग्रह करते हुए कहा हम तेहरान और वार्ता में शामिल पक्षों के रुख पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। यह हम पर पक्षों के भरोसे का हिस्सा है।

### प्रतियोगी परीक्षाओं

से अपील की गई है कि वे परीक्षा को पूरी ईमानदारी से दें और सभी नियमों का पालन सुनिश्चित करें। इसमें अभ्यर्थियों से किसी भी तरह की अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न देने की भी अपील की गई है।

# धर्म के आधार पर आरक्षण असंवैधानिक: शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में कहा कि देश में जनगणना की प्रक्रिया जारी है और जातियों के साथ ही यह जनगणना होगी। उन्होंने यह भी कहा कि धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण गैर-संवैधानिक है।



लोकसभा में महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन और परिसीमन से संबंधित तीन विधेयकों को पेश किये जाते समय समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता अखिलेश यादव और धर्मेंद्र यादव की कुछ टिप्पणियों का जवाब देते हुए शाह ने ये बातें कहीं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सदन में आज संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026 और परिसीमन विधेयक, 2026 पेश किए, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 पेश किया। विधेयक पेश किये जाने का विरोध करते हुए धर्मेंद्र यादव ने कहा कि इन विधेयकों के माध्यम से जिस तरह परिसीमन को जनगणना से अलग करने का प्रयास किया जा रहा है, वह संविधान की भावना के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक में पिछड़े वर्गों और मुस्लिम महिलाओं को भी शामिल किया जाए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सवाल किया कि सरकार को विधेयक लाने की इतनी जल्दीबाजी क्या है? उन्होंने कहा, आप जनगणना क्यों नहीं कराना चाहते? जैसे ही जनगणना होगी, हम जातीय जनगणना की मांग करेंगे, जातीय जनगणना होगी तो हम आरक्षण की मांग करेंगे। इसलिए आप यह धोखा देना चाहते हैं। अमित शाह ने कहा कि सदन की कार्यवाही को पूरा देश देख रहा है और सपा सदस्यों के कुछ बयान जनता में चिंता पैदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने कहा कि जनगणना क्यों नहीं हो रही है? मैं बताना चाहता हूं कि देश में जनगणना शुरू हो चुकी है और जारी है। शाह ने कहा कि सपा अध्यक्ष ने जातीय जनगणना की बात कही तो मैं बताना चाहता हूं कि सरकार जातियों की जनगणना का निर्णय पहले ही ले चुकी है और जाति के साथ ही यह जनगणना हो रही है। जनगणना में जातियों का कॉलम नहीं होने संबंधी धर्मेंद्र यादव के आरोप पर शाह ने कहा कि जनगणना में अभी घरों की गिनती हो रही है। घरों की कोई जाति नहीं होती। सपा का वश चले तो घरों की भी जाति तय कर दे। जब घरों की गिनती के बाद नागरिकों की जनगणना होगी, उसमें जाति का कॉलम होगा। धर्मेंद्र यादव ने मुस्लिम आरक्षण की गैर-संवैधानिक बात कही। है। संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की कतई मंजूरी नहीं देता। मैं सरकार का संकल्प दोहराता हूं कि धर्म के आधार पर मुस्लिमों का आरक्षण गैर संवैधानिक है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने भी धर्मेंद्र यादव के बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं है और सदस्य को इस तरह की असंवैधानिक बात नहीं बोलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम पूरे देश की महिलाओं की बात कर रहे हैं। आप केवल मुस्लिम महिलाओं की बात क्यों कर रहे हैं? यह राजनीतिक बयान है। सपा चाहे तो सारी टिकट मुस्लिम महिलाओं को दे दे, हमें कहां आपत्ति है।

# भारत का निर्माण केवल मूल भाषाओं की नींव पर ही किया जा सकता है : मुर्मू

वर्धा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण केवल देश की मूल भाषाओं की नींव पर ही किया जा सकता है।



मुर्मू ने कहा कि भारत की सभी विविध भाषाओं में संस्कृति, संवेदनशीलता और चेतना की एक ही धारा बहती है। उन्होंने लोगों से अपनी मातृभाषा के अलावा कम से कम एक भारतीय भाषा सीखने की अपील की। राष्ट्रपति महाराष्ट्र के वर्धा में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि वर्ष 1936 में यहीं वर्धा में, महात्मा गांधी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस और आचार्य काका कालेलकर के साथ मिलकर हिंदी भाषा को बढ़ावा देने एवं उसका प्रचार-प्रसार करने के लिए राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की स्थापना की थी। उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी की मातृभाषा गुजराती थी, नेताजी की मातृभाषा बांग्ला और काकासाहेब की मातृभाषा मराठी थी। इन महान आत्माओं ने देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के माध्यम के रूप में हिंदी की शक्ति को पहचाना एवं इसका उपयोग किया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, हिंदी ने देश भर के लोगों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने तुम मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूंगा का आह्वान हिंदी में किया था। उन्होंने विश्वविद्यालय के नाम की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता के नाम पर इसका नाम रखना पूरी तरह से इतिहास के अनुरूप है। भारत की आत्मा भारतीय भाषाओं में अभिव्यक्ति पाती है तथा हमारी सभी विविध भारतीय भाषाओं में संस्कृति, संवेदनशीलता और चेतना की एक ही धारा बहती है।

यही कारण है कि मैं या मेरे जैसे अन्य ओडिया भाषी, हिंदी में मुंशी प्रेमचंद की कहानियों या महादेवी वर्मा की कविताओं को ओडिया अनुवाद पढ़ते समय उनसे सहजता से जुड़ सकते हैं। इसी तरह, हिंदी पाठक, फकीर मोहन सेनापति, गोपीनाथ मोहंती और प्रतिभा रे जैसे ओडिया साहित्यकारों से जुड़ते हैं। बांग्ला और संस्कृत के मिश्रण से बना हमारा राष्ट्र गीत वंदे मातरम सभी भारतीयों की भावनाओं को एक सूत्र में बांधता है।

## संक्षेप

### पहले चरण में चुनाव लड़ रहे 23 फीसदी उम्मीदवारों पर आपराधिक मुकदमे

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में चुनाव मैदान में मौजूद लगभग 23 प्रतिशत उम्मीदवारों ने हलफनामे में अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमों का खुलासा किया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और पश्चिम बंगाल इलेक्शन वॉच की ओर से बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक प्रमुख दलों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों में आपराधिक मामलों का अनुपात सबसे अधिक है और इसके (भाजपा के) 152 में से 106 उम्मीदवारों (70 प्रतिशत) ने अपने हलफनामों में ऐसे मामलों की घोषणा की है। तृणमूल कांग्रेस के 148 में से 63 उम्मीदवार (43 प्रतिशत), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के 98 में से 43 उम्मीदवार और कांग्रेस के 151 में से 39 उम्मीदवारों ने भी आपराधिक मामलों की जानकारी दी है। एडीआर से जुड़े एक प्रतिनिधि ने कहा, आंकड़े एक बार फिर यह साफ कर रहे हैं कि अदालतों की बार-बार सख्त हिदायतों के बावजूद राजनीतिक दल साफ छवि के बजाय जीतने की संभावना को प्राथमिकता दे रहे हैं। राज्य में 23 अप्रैल को मतदान वाले 152 निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ रहे 1,478 में से 1,475 उम्मीदवारों के शपथपत्रों के विश्लेषण के आधार पर यह जानकारी दी गई है।

# साइबर धोखाधड़ी मामले में आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने व्हाट्सऐप निवेश योजना के माध्यम से साइबर धोखाधड़ी को अंजाम देने के मामले में एक आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी और कहा कि बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए उसे हिरासत में रखकर पूछताछ करना आवश्यक है।

मामले में आरोप है कि सुमित ने शिकायतकर्ता से निवेश के बहाने पैसे लेकर उसके साथ धोखाधड़ी की। अदालत ने 10 अप्रैल के आदेश में कहा, आरोपी को अग्रिम जमानत देना, आरोपी की भूमिका का पता लगाने और पूरी साजिश का खुलासा करने के लिए जांच के दरवाजे बंद करने जैसा होगा। आरोपी के खिलाफ शाहदरा साइबर थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(3) (धोखाधड़ी) और 340 (जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोपी ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता को निवेश के बहाने एक व्हाट्सऐप ग्रुप में शामिल किया और अच्छे मुनाफे का वादा करके उससे धन हस्तांतरित करने को कहा।

# ईरान की सैन्य क्षमता : आधुनिक ड्रोन, साइबर हमलों और पारंपरिक हथियार

अलबामा (अमेरिका)। पिछले छह सप्ताह से अमेरिका और इज़राइल के हमलों ने ईरान के परमाणु ठिकानों को नुकसान पहुंचाया है और उसकी सैन्य क्षमता को कमजोर किया है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान की समग्र आक्रामक क्षमता को केवल इन हमलों से पूरी तरह समाप्त नहीं माना जा सकता। सैन्य इतिहास और सिद्धांत के एक विशेषज्ञ की मानें तो ईरान की आधुनिक सैन्य संरचना, उसकी तकनीकी क्षमताओं और अंतरराष्ट्रीय सैन्य गतिविधियों को समझना यह अनुमान लगाने के लिए जरूरी है कि आगे क्या हो सकता है।



इस्लामिक गणराज्य की 1979 में स्थापना से पहले ईरान की सेना पश्चिमी देशों, विशेषकर अमेरिका, पर काफी हद तक निर्भर थी। ईरान ने 1980 में जब ईरान-इराक युद्ध में हस्तक्षेप किया, तब उसके पास उस समय के आधुनिक हथियारों का बड़ा भंडार था, जिसमें लगभग 80 एफ-14 लड़ाकू विमान, 200 से अधिक एफ-4 और एफ-5 विमान तथा हजारों टैंक शामिल थे। लेकिन 1988 में युद्ध समाप्त होने तक ईरान की सेना कमजोर हो चुकी थी और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण उसे हथियारों की आपूर्ति लगभग बंद हो गई थी। ईरान वैश्विक स्तर पर लगभग अलग-थलग पड़ गया। 1990 के दशक में उसने कुछ हथियार सोवियत संघ और चीन से आयात किए, लेकिन आर्थिक सीमाओं के कारण बड़े पैमाने पर सैन्य खर्च संभव नहीं था। इन प्रतिबंधों ने ईरान को आत्मनिर्भर बनने के लिए मजबूर किया और उसने पुराने अमेरिकी तथा सोवियत हथियारों की रिवर्स इंजीनियरिंग शुरू की। ये अधिकतर हथियार पुराने और सीमित क्षमता वाले थे, लेकिन घरेलू उत्पादन ने उसकी सैन्य क्षमता बनाए रखने में मदद की। 1990 के बाद ईरान ने मिसाइल तकनीक में उल्लेखनीय प्रगति की, जिसमें घरेलू उत्पादन के साथ-साथ उत्तर कोरिया जैसे देशों से तकनीकी सहयोग भी शामिल माना जाता है। इसी अवधि में ईरान ने वन-वे अटैक ड्रोन विकसित करना शुरू किया, जो अपेक्षाकृत सस्ते और दूर तक हमला करने में सक्षम हथियार हैं। ईरान की सैन्य संरचना के दो प्रमुख हिस्से हैं नियमित सेना (आर्तेश) और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी)।

# जेलेंस्की को अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया

मिडलबर्ग। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को बृहस्पतिवार को एक समारोह में प्रतिष्ठित इंटरनेशनल फोर फ्रीडम अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। जेलेंस्की को यह पुरस्कार रूस द्वारा चार वर्ष से अधिक समय पहले शुरू किए गए युद्ध के जवाब में उनके और उनके देश के साहस और दृढ़ता के लिए दिया गया। यह सम्मान रूजवेल्ट फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया गया। रूजवेल्ट फाउंडेशन की स्थापना 1982 में की गयी थी। अमेरिका के राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट ने 1941 के अपने एक भाषण में चार तरह की स्वतंत्रताओं का उल्लेख किया था।

# महिलाओं का राजनीतिक इस्तेमाल कर रहे हैं प्रधानमंत्री: प्रियंका गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर महिला आरक्षण संबंधी संविधान संशोधन को सत्ता बनाए रखने के लिए बहाने के तौर पर उपयोग करने और महिलाओं का राजनीतिक इस्तेमाल करने का आरोप लगाया तथा दावा किया कि यदि विधेयक पारित हो गया तो देश में लोकतंत्र खत्म हो जाएगा।



उन्होंने महिला आरक्षण और परिसीमन से संबंधित विधेयकों पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री को लोकसभा के वर्तमान संख्याबल 543 के आधार पर महिला आरक्षण को लागू करना चाहिए और जाति जनगणना के बिना परिसीमन नहीं होना चाहिए। प्रियंका ने गृह मंत्री अमित शाह पर राजनीतिक कुटिलता का आरोप भी लगाया और तंज कसते हुए कहा, यदि आज चाणक्य जिंदा होते तो आपकी कुटिलता से चौंक जाते। उनका कहना था कि सच्चाई यह है कि लोकसभा में हो रही चर्चा महिला आरक्षण विधेयक पर ही नहीं है, बल्कि परिसीमन पर भी है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस राजनीति की बू का जिक्र किया, वह इस विधेयक में पूरी तरह घुली हुई है। प्रियंका ने आरोप लगाया कि सरकार यह विधेयक लाई है क्योंकि वह अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को भागीदारी नहीं देना चाहती है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अगर यह विधेयक पारित होता है तो समझ लीजिए कि देश में लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा, अगर प्रधानमंत्री ने यह ऐतिहासिक कदम ईमानदारी से उठाया होता तो पूरा सदन इसका समर्थन करता। अगर आप (प्रधानमंत्री) महिलाओं का सम्मान करते हैं तो महिलाओं का राजनीतिक इस्तेमाल नहीं करते तथा यह कदम आपके पद और गरिमा के अनुकूल नहीं है।

# आंध्र प्रदेश में सड़क दुर्घटना में आठ श्रद्धालुओं की मौत, पीएम ने शोक जताया

चिलकलदोना (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश में कुरनूल जिले के मंत्रालयम में बृहस्पतिवार को एक वाहन की टैंकर से टक्कर हो जाने पर पांच महिलाओं समेत कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे को बेहद पीड़ादायक बताया। मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, मैं उन लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब श्रद्धालु श्री राघवेंद्र स्वामी मठ में दर्शन करने के लिए वाहन से मंत्रालयम जा रहे थे। उन्होंने कहा कि वाहन में करीब 20 यात्री थे और वह (वाहन) टैंकर से टकरा गया। येम्मिगनूर की पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) एन भार्गवी ने पत्रकारों को बताया, आठ श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने इस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और घायलों का हालचाल जाना। भार्गवी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-167 पर तड़के करीब तीन बजे चालक कथित तौर पर झपकी आने के कारण गलत दिशा में गाड़ी ले जाने लगा और उसकी (गाड़ी की) टैंकर से टकरा गई।

## इंटरटेनमेंट...

# फिल्म 'पेद्दी' जून से सिनेमाघरों में

**मुंबई।** साउथ एक्टर राम चरण की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'पेद्दी' रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है। मेकर्स ने बेहतर थिएट्रिकल एक्सपीरियंस और पोस्ट-प्रोडक्शन के काम को पूरा करने के लिए यह फैसला लिया है। अब यह फिल्म इसी साल जून में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। पहले फिल्म 27 मार्च को थिएटर्स में रिलीज की जानी थी।

फिल्म के डायरेक्टर बुची बाबू ने बताया की रिलीज डेट जल्द ही जारी की जाएगी। प्रोडक्शन में लगेगा समय फिल्म

❍ राम चरण की फिल्म 'पेद्दी' की रिलीज टली

का काम लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन एक छोटा सा हिस्सा अभी बाकी है। मेकर्स का कहना है कि वे दर्शकों को बेहतरीन अनुभव देना चाहते हैं, इसलिए टेकनीशियन और प्रोडक्शन टीम को थोड़ा और समय दिया गया है। फिल्म की टीम ने सोशल मीडिया पर एक नोट शेयर कर फैंस को इस बदलाव की जानकारी दी। फिल्म में ए.आर. रहमान का म्यूजिक फिल्म की रिलीज से पहले ही इसके गानों ने इंटरनेट पर ट्रेंड कर रहे हैं। दिग्गज संगीतकार ए.आर. रहमान द्वारा तैयार किया गया पहला गाना 'चिकिरी चिकिरी' सभी प्लेटफॉर्म्स पर 200 मिलियन (20 करोड़) से ज्यादा व्यूज पार कर चुका है। वहीं, दूसरा गाना 'राय राय रा रा' एक




हाई-एनर्जी ट्रैक है, जिसे यूट्यूब पर अब तक 47 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। पहलवान के अवतार में दिखेंगे राम चरण फिल्म में राम चरण का एक बिल्कुल अलग और दमदार अवतार देखने को मिलेगा।

# फिल्म एक दिन का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शन्स की फिल्म एक दिन का दूसरा ट्रेलर गुरुवार को रिलीज हुआ। फिल्म में साई पल्लवी और जुनैद खान लीड रोल में हैं। इस ट्रेलर में एक लव स्टोरी दिखाई गई है, जिसमें जुनैद एक शमीर्ले युवक रोहन के किरदार में हैं, जो साई पल्लवी के किरदार मीरा से प्यार

❍ साई पल्लवी-जुनैद खान के बीच दिखी इमोशनल केमिस्ट्री, कहानी में याददाश्त जाने से आया ट्विस्ट

करता है। दोनों एक ही ऑफिस में काम करते हैं, लेकिन वह उनसे बात नहीं कर पाता। कहानी में मोड़ तब आता है जब दोनों ऑफिस ट्रिप के लिए जापान जाते हैं। वहां मीरा का एक्सीडेंट हो जाता है और उसे ट्रांजिएंट ग्लोबल एमनेशिया हो जाता है। इस स्थिति में उसे सिर्फ जुनैद का किरदार रोहन याद रहता है, जिसने उसकी जान बचाई थी। जापान में दोनों को साथ समय बिताने का मौका मिलता है। रोहन जानता है कि मीरा अगले दिन सब भूल जाएगी, फिर भी वह उस एक दिन को खास बना देता है। फिल्म के ट्रेलर में साई पल्लवी और जुनैद खान के बीच इमोशनल केमिस्ट्री दिखी है। दोनों की केमिस्ट्री की खास बात यह है कि इसमें अधूरापन और दर्द दोनों हैं। जुनैद का किरदार जानता है कि यह रिश्ता हर दिन नया शुरू होगा, फिर भी वह हर पल को पूरी शिद्दत से जीता है।

यही इमोशनल डेप्थ कहानी को खास बना रही है। यह फिल्म 1 मई 2026 को थिएटर में रिलीज होगी। फिल्म को सुनील पांडे ने डायरेक्ट किया है और आमिर खान, मंसूर खान और अपर्णा पुरोहित ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म में आमिर खान और उनके चचेरे भाई मंसूर खान लंबे समय के बाद एक साथ काम कर रहे हैं।

# दीपिका के सपोर्ट में आईं कंगना रनोट

**मुंबई।** फिल्म इंडस्ट्री में काम के घंटों (वर्किंग आवर्स) को लेकर चल रही बहस के बीच एक्ट्रेस कंगना रनोट ने दीपिका पादुकोण का समर्थन किया है। हाल ही में खबरें आई थीं कि दीपिका पादुकोण ने अपनी शर्तों और फिक्स्ड वर्किंग शेड्यूल के कारण कुछ बड़े बजट के प्रोजेक्ट्स छोड़ दिए हैं। दीपिका की मांग है कि वे दिन में केवल 8 घंटे ही काम करेंगी। अब इस मामले पर कंगना ने दीपिका का पक्ष लेते हुए कहा है कि उनका कहना बिल्कुल सही है और उन्होंने यह मुकाम मेहनत से कमाया है। कंगना अब दीपिका रिप्लेसेबल नहीं हैं अठक को दिए एक इंटरव्यू में कंगना रनोट ने कहा कि समय के साथ प्राथमिकताएं बदल जाती हैं।

# बादशाह का 'टटीरी' सॉन्ग बदलाव के साथ रिलीज

मुंबई। टटीरी फिर से सॉन्ग में लड़कियों को एक अंडरपास में नाचते हुए दिखाया गया है। बादशाह की एंट्री हेलिकॉप्टर में होती है। बॉलीवुड सिंगर-रैपर बादशाह ने विवाद के बाद हरियाणवी सॉन्ग 'टटीरी फिर से' रिलीज कर दिया है। बादशाह ने गाने में विवादित सीन और लाइनों को हटा दिया है। जिस लाइन पर सबसे ज्यादा विवाद हुआ, उसकी जगह

❍ रोडवेज बस-विवादित लाइन हटाई, हरियाणवी पहनावे में इस बार लड़कियां अंडरपास में नाचती दिखाई

बादशाह ने रैप में बोला है। आया बादशाह रंग दिखाने, फिर जलवा दिखाने। रोडवेज बस के सीन को हटाकर लड़कियों को हरियाणवी पहनावे दामन-कुर्ती में एक अंडरपास में नाचते हुए दिखाया गया है। कुछ बुजुर्गों को भी हुक्के के साथ दिखाया गया है। यूट्यूब पर इस सॉन्ग पर अभी तक एक मिलियन व्यूज आ चुके हैं। पिछले महीने एक मार्च को रिलीज हुए 'टटीरी' सॉन्ग में बोले गए शब्दों और सीन को



लेकर हुए विवाद पर बादशाह पर पंचकूला और जींद में तीन मामले दर्ज किए गए। इसके बाद यूट्यूब से ये गाना हटा दिया गया था। हरियाणा महिला आयोग ने भी बादशाह को पेश होने के लिए कहा था। 7 मार्च को बादशाह ने राष्ट्रीय महिला आयोग में पेश होकर माफी मांग ली थी।

एक मार्च को रिलीज हुआ, 3 एफआईआर दर्ज हुई : बादशाह का टटीरी सॉन्ग 1 मार्च को रिलीज हुआ था। सॉन्ग के रिलीज होने के साथ ही इसमें बादशाह के लिरिक्स और लड़कियों के सीन को लेकर कई सामाजिक संगठनों ने आपत्ति जताई। पानीपत की नारी तू नारायणी उत्थान समिति अध्यक्ष सविता आर्या ने बादशाह के खिलाफ राज्य महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। इसी शिकायत के आधार पर जींद और पंचकूला में बादशाह के खिलाफ 3 एफआईआर दर्ज हुई।

इसके बाद पंचकूला पुलिस ने सॉन्ग को यूट्यूब से हटवा दिया। आयोग के सामने पेश न होने पर गिरफ्तारी के आदेशः इसके बाद हरियाणा महिला आयोग ने मामले का संज्ञान लिया था। 13 मार्च हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेणू भाटिया ने सिंगर को पानीपत में अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया। बादशाह की जगह पेश हुए उनके वकीलों ने दलील दी थी कि बादशाह सिक्योरिटी रीजन और प्रोफेशनल कमिटमेंट की वजह से पेश नहीं हो सके। इसके बाद चेयरपर्सन ने पंचकूला और पानीपत रढ को बादशाह की गिरफ्तारी और पासपोर्ट जब्ती के निर्देश दिए।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com